हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11
खेल



## कुलदीप यादव ग्रेड ए के हकदार, लेकिन उनके कोच का कहना कुछ और ही



Page 12
देश



## औरंगाबाद में पीएम मोदी का आगमन आज, कई योजनाओं का करेंगे लोकार्पण व शुभारम्भ

कृष्ण पक्ष सप्तमी विक्रम संवत 2080
• औरंगाबाद • शनिवार • 02 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 82 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 63, 160 | ₹74,500 |

### आज का इतिहास

- 1949 : भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाली तथा 'भारत कोकिला' के नाम से मशहूर सरोजिनी नायडू का निधन।
- 1696: भारतीय क्रिकेट के दिग्गज, सचिन तेंदुलकर ने क्रिकेट विश्व कप में SL के खिलाफ 137 रन बनाए। लेकिन भारत मैच में हार गया।

### न्यूज बाइट्स

#### दरभंगा के निर्माणाधीन घर में बम विस्फोट

**पटना (नि.सं.)।** दरभंगा सदर अनुमंडल के बहादुरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक निर्माणाधीन मकान से सात जिंदा बम बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस को मौके से एक विस्फोट हुए बम का अवशेष भी मिला। दरअसल, गुरुवार आधी रात को मो। जावेद के निर्माणाधीन मकान से जोरदार धमाके की आवाज आई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने डायल 112 पर फोन कर इस बात की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में बम मिलने से इलाके में सनसनी मच गई है।

#### मैट्रिक परीक्षा के कॉपियों का मूल्यांकन शुरू

**पटना (नि.सं.)।** बिहार बोर्ड की ओर से मैट्रिक परीक्षा की कॉपी का मूल्यांकन शुक्रवार से शुरू हो गया है। कॉपी का मूल्यांकन 10 मार्च तक होगा। इसको लेकर बोर्ड की ओर से सभी जिलों में संबंधित निर्देश भेज दिया गया है। इसके लिए पूरे बिहार में ढाई सौ मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। वहीं पटना में मूल्यांकन केंद्रों की संख्या 11 है। इसको लेकर यहां 3000 से अधिक शिक्षकों की प्रति नियुक्ति भी कर दी गई है। बिहार बोर्ड की ओर से यह साफ निर्देश दिया गया है कि अगर शिक्षक मूल्यांकन कार्यों में शामिल नहीं होते हैं, तो उनके ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड की ओर से सभी जिलों को अहम निर्देश दिया गया है कि जिन मूल्यांकन केदो पर मूल्यांकन कार्य के लिए शिक्षक उपस्थित नहीं होते हैं। या फिर उनकी कमी होती है, तो अन्य विषवार शिक्षकों को इसके लिए लगाया जा सकता है। इनकी नियुक्ति के लिए जिला पदाधिकारी अथवा जिला शिक्षा पदाधिकारी से परमिशन लेनाहोगा।

#### विधान परिषद की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**पटना (नि.सं.)।** बिहार विधान परिषद की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई है। बजट सत्र के आखिरी दिन कई विधेयक पास हुए। इस सत्र में कुल 11 बैठकें आयोजित की गई। कुल 691 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई थी। जिनमें से 595 प्रश्नों को स्वीकृत किया गया। वर्तमान सत्र के 421 लंबित प्रश्नों को आगामी सत्र में सदन की मेज पर रखने के लिए सरकार से अनुशंसा की गई। ध्यानाकर्षण की कुल 90 सूचनाएं प्राप्त हुई थी। 56 ध्यानाकर्षण सूचनाएं सदन के कार्यक्रम पर लाए जाने के लिए स्वीकृत हुई। 45 सूचनाएं उत्तरित हुई। शून्यकाल की कुल 55 सूचनाएं प्राप्त हुई। जिनमें 52 सूचनाओं के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया। वहीं, सत्र के दौरान हाउस में विधान परिषद प्रमोद कुमार ने सवाल किया कि बीपीएससी की ओर से चयनित महिला शिक्षकों को अपने गृह क्षेत्र से काफी दूर पदस्थापित कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धनबाद पहुंचे, उन्होंने जनसभा को किया संबोधित, कहा

# झारखंड को 35 हजार करोड़ से अधिक का मिला उपहार

### कहा : 2018 में सिंदरी खाद कारखाने को चालू करने का संकल्प लिया था, आज मोदी की गारंटी पूरी हुई

निज संवाददाता | धनबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार (1 मार्च 2024) को धनबाद जिले के सिंदरी में हर्ल उर्वरक संयंत्र का लोकार्पण करने के बाद कहा कि मैंने वर्ष 2018 में बंद पड़े इस खाद कारखाने को चालू करने का संकल्प लिया था। मैंने आपसे कहा था कि इस कारखाने को चालू करवाऊंगा। आज इसका लोकार्पण हुआ है। ये मोदी की गारंटी थी, आज ये गारंटी पूरी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर्ल के सीसीआर का निरीक्षण करने के बाद प्लांट में काम करने वाले 47 मजदूरों से मुलाकात की और उनसे बातचीत की। पीएम मोदी ने इस अवसर पर कहा कि आज झारखंड को 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का उपहार मिला है। मैं अपने किसान भाइयों को, आदिवासी समाज के लोगों को और झारखंड की जनता को इन योजनाओं के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ विदेशी मुद्रा की बचत होगी, बल्कि जो पैसे बचेंगे, उसे किसानों के हित में खर्च किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आज सिर्फ सिंदरी कारखाने की ही शुरुआत नहीं हुई है, बल्कि रोजगार के हजारों नए अवसरों की भी शुरुआत हुई है।



#### यूरिया के मामले में जल्द आत्मनिर्भर होगा भारत

हर्ल सिंदरी में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने जनजातीय समाज, गरीबों, युवाओं और महिलाओं को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर झारखंड के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि यूरिया के मामले में भारत तेजी से आत्मनिर्भर होने की राह पर अग्रसर है।

#### 2 नई ट्रेनों को पीएम मोदी ने ऑनलाइन हरी झंडी दिखाई

बता दें कि हर्ल करखाना के विधिवत उद्घघाटन के साथ-साथ पीएम मोदी ने 35,700 करोड़ की सौगात दी। 2 नई ट्रेनों को ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर उसको रवाना किया। पीएम मोदी ने कहा कि वर्तमान में 360 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन हो रहा है। इससे किसान आत्मनिर्भर बन रहे हैं। पीएम ने कहा कि वर्ष 2014 में जब मैं सरकार में आया, तो उस समय 225 लाख मीट्रिक टन यूरिया का भारत में उत्पादन होता था।

#### तालचर में होगी खाद कारखाने की शुरुआत

उन्होंने कहा कि यूरिया का आयात विदेश से करना पड़ता था, जिससे देश को आर्थिक नुकसान होता था। पिछले 10 वर्षों में रामागुंडम गोरखपुर बरौनी खाद कारखाने की शुरुआत हुई। आज इसमें सिंदरी का नाम जुड़ गया। एक से डेढ़ साल में तालचर में खाद कारखाना की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि उस कारखाने के लोकार्पण का आशीर्वाद भी जनता उन्हें ही देगी।

#### 8.47 फीसदी की दर से हो रहा है भारत का विकास

पीएम मोदी ने कहा कि अपना देश भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। आगामी 2047 तक विकसित भारत बन जाएगा। आज के समय में भारत 8.14 प्रतिशत की दर से विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज से संपन्न राज्य है। अब लोग इसे किसानों का राज्य भी मानेंगे, क्योंकि यहां के किसान भी जल्द आत्मनिर्भर होंगे। अपनी जमीन से बेहतर पैदावार लेंगे। हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड कारखाना (हर्ल) को राष्ट्र को समर्पित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद पीएन सिंह समेत अन्य अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। 35,700 करोड़ की योजनाओं में रेल, बिजली और कोयला क्षेत्र से संबंधित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया।

# बिहार में बिजली बिल सस्ता होगा, विद्युत दरों में दो फीसदी की होगी कमी



निज संवाददाता | पटना

बिहार के बिजली उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। राज्य में बिजली की दर 2 फीसदी कम करने की घोषणा की गई है। विद्युत विनियामक आयोग ने साल 2024-25 के लिए नई दरों का शुक्रवार को ऐलान किया। सभी श्रेणी की बिजली दरों में दो फीसदी की कमी हुई है। यानी कि पहले के मुकाबले अब बिजली बिल कम आएगा। हालांकि, बिजली कंपनियों ने इस साल बिजली दरों में 3.03 फीसदी की बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था।

नई बिजली दरें राज्य में एक अप्रैल 2024 से लागू होंगी। बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली कंपनी की ओर से सौंपी गई याचिका पर सुनवाई पूरी कर ली। इसके बाद आयोग ने शुक्रवार को नई दरों की घोषणा की। बिजली कंपनी ने नवंबर 2023 में ही बिजली दरें बढ़ाने का प्रस्ताव आयोग को सौंपा था। कंपनी की याचिका पर कई शहरों में जनसुनवाई की गई।

पटना में विनियामक आयोग के कार्यालय में भी आम लोगों से राय ली गई। लोगों ने लिखित सुझाव भी दिए। लोगों से मिले सुझावों और कंपनी की ओर से दिए गए तथ्यों के आधार पर आयोग ने बिजली दरों में दो फीसदी कमी का फैसला लिया है। पहली बार बिजली कंपनी मुनाफे में आई है। साथ ही कंपनी ने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार नुकसान भी कम नहीं किया है।

#### बिजली की नई दर पर एक नजर

**ग्रामीण घरेलू बिजली दर प्रति यूनिट**
- 0-50 यूनिट पर 2.60 रुपए प्रति यूनिट चार्ज
- 51-100 यूनिट पर 2.90 रुपए प्रति यूनिट चार्ज
- 100 से अधिक यूनिट पर 3.15 रुपए प्रति यूनिट चार्ज

**शहरी घरेलू की दर**
- 0-100 यूनिट पर 4.27 रुपए प्रति यूनिट चार्ज
- 101-200 यूनिट पर 5.12 रुपए प्रति यूनिट चार्ज
- 201 से अधिक यूनिट पर 6.22 रूपए प्रति यूनिट चार्ज

#### बिहार में फ्री बिजली नहीं मिलेगी

पिछले दिनों विधानसभा में बिहार के अंदर मुफ्त बिजली देने की मांग विपक्ष ने उठाई। इस पर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य में पहले से बहुत सस्ती दरों पर बिजली मुहैया कराई जा रही है। ऐसे में फ्री बिजली देने का सवाल ही नहीं उठता है। आसपास के अन्य राज्यों के मुकाबले बिहार में बिजली बिल कम आ रहा है। कुछ राज्य मुफ्त बिजली दे रहे हैं, उनका काम वे ही जानें। सीएम नीतीश ने कहा कि बिजली उत्पादन और वितरण में सरकार का बहुत पैसा खर्च होता है, ऐसे में ग्राहकों से एक छोटी राशि लेना जरूरी है ताकि सुरक्षा का भाव बना रहे।

# बीसीसीआई ने की राज्य में सीएनजी व पीएनजी वैट दर कम करने की मांग

- बीसीसीआई अध्यक्ष ने बताया कि टैरिफ में कमी का मुख्य कारण डिसकॉम के सभी स्तर पर किए गए सुधार का परिणाम है। उन्होंने डिसकॉम को धन्यवाद देते हुए उम्मीद की कि आने वाले समय में व्यापक स्तर पर सुधार होगा।

निज संवाददाता | पटना

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) ने औद्योगिक इकाइयों के पीएनजी पर लगने वाले वैट की दर को कम करने की मांग की है। बीसीसीआई की ओर से उप मुख्यमंयत्री सह वित्त वाणिज्य व उद्योग मंत्री, मुख्य सचिव, विकास आयुक्त के साथ उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव से मांग की गई है कि आंध्र प्रदेश की तर्ज पर प्राकृतिक गैस की कीमत पर लगने वाले वैट की दर को राज्य में भी घटाकर पांच प्रतिशत किया जाए। बीसीसीआई अध्यक्ष सुभाष पटवारी ने कहा कि आंध्र प्रदेश सरकार ने 23 फरवरी को प्राकृतिक गैस की कीमत पर लगनेवाले वैट की वर्तमान दर जो साढ़े 24 प्रतिशत थी, उसको घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया। इसी तर्ज पर बिहार में भी गैस पर वैट की दर घटाया जाना चाहिए। बताते चलें कि बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा कोयला, फर्नेश ऑयल में चल रही औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी में दबाव के साथ परिवर्तित कराया जा रहा है। बीसीसीआई ने शुक्रवार को बिहार विद्युत विनियामक आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए घोषित विद्युत टैरिफ में कमी के निर्णय का स्वागत किया है। बीसीसीआई अध्यक्ष ने बताया कि टैरिफ में कमी का मुख्य कारण डिसकॉम के सभी स्तर पर किए गए सुधार का परिणाम है। उन्होंने डिसकॉम को धन्यवाद देते हुए उम्मीद की कि आने वाले समय में व्यापक स्तर पर सुधार होगा। बिजली दरों में कमी का सकारात्मक प्रभाव राज्य के उद्योग व व्यवसाय पर पड़ेगा।

# पटना समेत 26 जिलों में हल्की बारिश की संभावना

निज संवाददाता | पटना

बिहार से अब ठंड की विदाई हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार आज यानी 1 मार्च से 31 मार्च तक प्री मानसून रहेगा। यानी गर्मी का मौसम शुरू हो जाएगा। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान 9.5 डिग्री सेल्सियस के साथ मोतिहारी और किशनगंज जिला सबसे ठंडा रहा। 29.5 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर सबसे गर्म रहा। पटना समेत 26 जिलों में 2 से 4 मार्च के बीच एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश और वज्रपात होने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, पटना, गया, नालंदा, नवादा, जहानाबाद, लखीसराय, बेगूसराय, शेखपुरा, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, आरंगाबाद, अरवल, सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, शिवहर, समस्तीपुर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, सारण, गोपालगंज जिलों में बारिश होने की संभावना है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि 5 मार्च को एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ आने वाला है। अगले 5 दिनों में तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। इस बार ठंड में 29 फीसदी बारिश की कमी दर्ज की गई है। मार्च के पहले सप्ताह में भी बारिश होने की उम्मीद है। पटना में आज मौसम पूरे दिन सामान्य बना रहेगा। कल यानी शनिवार को बारिश होने की संभावना जताई गई है। गुरुवार को पटना का न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक है। अधिकतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1 डिग्री कम है।

## अंकों के आधार पर होगी 10709 पदों पर भर्ती

**पटना(नि.स.)।** हाइकोर्ट ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसला देते हुए कहा कि (सहायक नर्स प्रसूति विद्या) के रिक्त पड़े 10,709 पदों पर भर्ती उसी सेवा शर्त नियमावली के तहत होगी, जो इन रिक्तियों के विज्ञापन प्रकाशित करते समय लागू थी। न्यायमूर्ति मोहित कुमार शाह की एकलपीठ ने अर्चना कुमारी सहित 48 रिट याचिकाकर्ताओं की याचिकाओं को मंजूर करते हुए शुक्रवार को यह फैसला सुनाया। कोर्ट के इस आदेश से हजारों की तादाद में उन नर्सिंग अभ्यर्थियों को राहत मिली है, जिनकी चयन प्रक्रिया लगभग पूरी होने के समय राज्य सरकार द्वारा 29 सितंबर 2023 को लागू हुई नयी सेवा शर्त नियमावली के तहत एएनएम के चयन के लिए बदले हुए प्रावधानों को लागू कर दिया गया था। अब इनकी नियुक्ति अंकों के आधार पर की जायेगी। याचिकाकर्ताओं के वकील अभिनव श्रीवास्तव ने दलील दी थी कि उक्त रिक्तियों का विज्ञापन 28 जुलाई 2022 को प्रकाशित किया गया था, जिसमें स्पष्ट तौर पर अंकित था कि चयन के लिए बिहार महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता ( एएनएम) नियमावली 2018 की शर्तें लागू होगी। उक्त नियमावली के तहत 100 अंकों की प्रतियोगिता में 60% अधिभारित अंक एएनएम की पढ़ाई के प्राप्तांक से होगी।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : ई-पेपर
www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### हथियार के बल पर माइक्रो फाइनेंस कंपनी कर्मी का बाइक एवं मोबाइल छीन बनाया बंधक



रजौली। थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ के झलकडीहा के समीप सिंधुजा माइक्रो फाइनेंस के कर्मी को हथियार के बल पर बंधक बनाया गया।साथ ही फाइनेंस कर्मी के पास रहे बाइक एवं दो स्मार्टफोन को भी छीन कर फरार हो गए।घटना को लेकर पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है।दिए आवेदन में पीड़ित झारखण्ड के चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के गेरूआ गांव निवासी प्रभु दास के पुत्र अमित कुमार दास ने बताया कि वे सिंधुजा माइक्रोफाइनेंस कोडरमा ब्रांच में काम करते हैं।वहीं बीते गुरुवार को मीटिंग को लेकर चटकरी गांव गया हुआ था।मीटिंग करने के बाद जब चटकरी से सपही की ओर लौट रहे थे,तो रास्ते में झलकडीहा गांव के पीछे एक बाइक पर तीन अज्ञात लोग ओवरटेक कर बाइक रुकवाया।उसमें दो लोगों के पास पिस्तौल था,जिसके बल पर वे जंगल की ओर मुझे जबरन ले गए।जंगल में एक पेड़ से गमछी के सहारे मुझे बांध दिया।साथ ही मेरे बाइक पैशन प्रो संख्या जेएच13डी5931 एवं दो स्मार्ट फोन के अलावे पैकेट में रहे 300 रुपया भी लेकर चला गया।गुरुवार की ही शाम को लगभग 6 बजे गांव की औरतें जंगल की ओर आई।तब ग्रामीणों के सहयोग से मैं बाहर निकल पाया।जिसके बाद शुक्रवार को रजौली थाना आकर लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।इस बाबत पर प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने कहा कि फाइनेंस कर्मी द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है।मामले की जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित किया जाएगा।

### पशुपालकों के बीच बकरी एवं मुर्गी का किया गया वितरण



कौआकोल। प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर सोखोदेवरा में कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के द्वारा अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत कौआकोल प्रखण्ड के महुडर पंचायत के महुलियाटांड़ गांव के तीन पशुपालकों के बीच दस बकरी एवं चौसठ सोनाली नस्ल के मुर्गियों का निःशुल्क वितरण किया गया। साथ ही कार्यक्रम के संचालक सह विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. धनंजय कुमार के द्वारा बकरियों एवं मुर्गियों के रख-रखाव,खान-पान एवं बीमारी प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं महत्वपूर्ण इनपुट्स के रूप में लीवर टॉनिक,मल्टी विटामिन,मिनरल मिक्सचर,कृमिनाशक दवाई,दस्त की दवाई आदि का भी वितरण किया गया।

### डीएम ने आयुष्मान भारत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



नवादा। आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी, नवादा द्वारा आज समाहरणालय परिसर से आयुष्मान भारत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिले के सभी पंचायतों में कल 02 मार्च 2024 से प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कार्ड निर्माण के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। माइक्रोप्लान बन चुका है। उन्होंने आयुष्मान भारत कार्ड के लाभ के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को 05 लाख रूपये प्रति परिवार के मुफ्त ईलाज की सुविधा प्रतिवर्ष दी जायेगी। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए जिले में आयुष्मान जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों में भ्रमण करेगा तथा लोगों को जागरूक करेगा। साथ ही लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए, जागरूक किया जाएगा। इस योजना के तहत हर गरीब और जरूरतमंद परिवार को आयुष्मान कार्ड के जरिये निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। योजना के माध्यम से लाभार्थी सूचीबद्ध अस्पतालों में अपना मुफ्त ईलाज करा सकेंगे। आयुष्मान भारत कार्ड योजना का मुख्य उद्देश्य है कि राज्य सरकार के हर गरीब और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना। उन्होंने बताया कि यह गरीबों के लिए काफी लाभप्रद है। गंभीर बीमारियों से ग्रसित होने पर गरीब व्यक्ति ईलाज नहीं करवा पाता है। ऐसे लोगों के लिए सरकार द्वारा यह योजना संचालित की जा रही है। सिविल सर्जन, नवादा ने बताया कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने की आवश्यकता है जो कि नजदीकी वसुधा केंद्र पर राशन कार्ड या प्रधानमंत्री के द्वारा प्राप्त लाभार्थी परिवार के नाम से प्रेषित हितकारी पत्र एवं अपना आधार कार्ड के साथ नजदीकी वसुधा केंद्र पर जाकर कार्ड बनवा सकते हैं। आयुष्मान भारत योजना के लिए टोल फ्री नंबर 104 पर भी कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर श्री दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त नवादा, श्री राम कुमार प्रसाद सिविल सर्जन नवादा, श्री पंकज कुमार मैनेजर ग्रीवांस, श्री संजय कुमार प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, श्री अशोक कुमार डीआईओ, श्रीमती नीतु कुमारी जिला कार्यक्रम समन्वयक के साथ अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।


## सोन वर्षा वाणी (हिन्दी दैनिक)
फार्म - IV
(नियम 8 देखिये)

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थान | : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) |
| 2. प्रकाशन अवधि | : दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : श्रीराम अम्बष्ट |
| ( क्या भारत के नागरिक हैं) | : भारतीय |
| ( यदि विदेशी हैं तो मूल देश) | : X |
| पता | : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) |
| 4. प्रकाशक का नाम | : श्रीराम अम्बष्ट |
| ( क्या भारत के नागरिक हैं) | : भारतीय |
| ( यदि विदेशी हैं तो मूल देश) | : X |
| पता | : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) |
| 5. संपादक का नाम | : श्रीराम अम्बष्ट |
| ( क्या भारत के नागरिक हैं) | : भारतीय |
| ( यदि विदेशी हैं तो मूल देश) | : X |
| पता | : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व | : श्रीराम अम्बष्ट |
| पते तथा जो समाचार पत्र के स्वामी हों जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) |

**मैं श्रीराम अम्बष्ट एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार उपर दिये गये विवरण सत्य हैं।**

दिनांक : 02.03.2024

**श्रीराम अम्बष्ट**
प्रकाशक के हस्ताक्षर


# बस स्टैंड से चौथा गांव जा रहे टोटो में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

निज संवाददाता। **रजौली**

थाना क्षेत्र के महादेव मोड़ के समीप शुक्रवार की सुबह बस स्टैंड से चौथा गांव जा रहे टोटो में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे टोटो पर सवार पिता की मौत ट्रक के नीचे आ जाने से हो गई।वहीं टोटो चला रहा पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गया।सड़क दुर्घटना के बाद स्थनीय ग्रामीणों द्वारा पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दिया गया।सूचना के आलोक में प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार एवं एसआई गौतम कुमार घटनास्थल पर पहुंच क्षत-विक्षत शव को कब्जे में लिया।वहीं ग्रामीणों के सहयोग से घायल को अनुमंडलीय अस्पताल इलाज हेतु भर्ती किया गया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ दिलीप कुमार ने कहा कि घायल की पहचान चौथा गांव निवासी भगीरथ साव के पुत्र सोनू साव के रूप में हुई है।जिसका प्राथमिक इलाज किया गया।प्रभारी थानाध्यक्ष ने कहा कि सड़क दुर्घटना में मृतक की पहचान चौथा गांव निवासी स्व चौबा साव के 48 वर्षीय पुत्र भगीरथ साव के रूप में हुई है।वहीं मृतक का मंझला बेटा सोनू कुमार घायल हुए है।वहीं मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

**एसडीओ एवं बीडीओ ने परिजनों से मिल दिया सांत्वना**



**ओभरब्रिज के नीचे बने अंडरपास के समीप नहीं है कोई स्पीड ब्रेकर-** घटना की सूचना मिलने पर एसडीओ आदित्य कुमार पियुष एवं बीडीओ अनिल मिस्त्री घटनास्थल पर पहुंच मृतकों के परिजनों को सांत्वना दिया।साथ ही मृतक के अंतिम संस्कार हेतु 20 हजार रुपये का चेक मृतक के आश्रितों को दिया गया।ग्रामीणों ने एसडीओ से कहा कि ओभर ब्रिज के नीचे बने अंडरपास के समीप स्पीड ब्रेकर नहीं रहने के कारण वाहन का परिचालन अत्यधिक गति से सड़क पर होता है।वहीं अंडरपास से निकल कर सड़क के दूसरे ओर जाने वाले बाइक चालकों एवं अन्य वाहन चालकों को काफी परेशानी भी होती है।साथ ही कहा कि आज की भयाभव घटना भी इसी का परिणाम है।एसडीओ ने मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों को समझाया एवं सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का सांत्वना भी दिया।साथ ही कहा कि एनएचएआई के पदाधिकारियों से बात कर स्पीड ब्रेकर आदि डलवाया जायेगा।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष-** इस बाबत पर प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम हेतु नवादा भेजा गया है।मृतक एवं घायल के परिजनों द्वारा लिखित आवेदन देने के बाद उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# वितीय साक्षरता में साइबर क्राइम से बचने की दी सलाह

निज संवाददाता। **नारदीगंज**



भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार नारदीगंज प्रखण्ड के विभिन्न स्थलों पर वितीय साक्षरता कार्यक्रम हुआ। इस दौरान पेंशनर भवन में पेंशनर व वरीय नागरिकों के साथ वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अंतिम दिन का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।वही दूसरी ओर उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोतरायण में विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

आयोजित कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक संजीव कुमार दास, वितीय साक्षरता समन्वयक डा0 सुबोध कुमार, पीएनबी वरीय प्रबंधक शशिभूषण प्रसाद ,बैक के विपिन कुमार व पेंशनर समाज नारदीगंज के अध्यक्ष रामधनी प्रसाद, सचिव श्रीकान्त सिंह, कोषाध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद सिंह के अलावा पेंशनर समाज उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर पेंशनर समाज के अध्यक्ष, सचिव समेत अन्य ने अतिथियों को पुष्प माला पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर 80 वर्ष होने पर पेंशनर चन्द्रिका सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। डा0 सुबोध कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाये जाने के औचित्य को समझाते हुए वित्तीय साक्षर बनने के गुर बताए।वही अग्रणी जिला प्रबंधक संजीव कुमार दास ने साईवर क्राइम से बचने के उपाय बताये और वित्तीय क्षेत्र में स्मार्ट बनने के लिए भी बताया।

पेंशनर समाज सचिव श्री कान्त सिंह ने वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाये जाने पर खुशी जाहिर करते हुए सबको बधाई व धन्यवाद दिया। मौके पर कैलाश प्रसाद यादव, रामशरण सिंह,परमेश्वर राम,सियाशरण दास, कामता प्रसाद सिंह समेत अन्य शामिल हुए।

# मोटरसाइकिल के डिक्की तोड़कर निकाले चार लाख रुपये,थाने को दिया आवेदन



निज संवाददाता। **रजौली**

प्रखण्ड परिसर में लगे एक बाइक की डिक्की को तोड़कर अज्ञात चोर ने चार लाख रुपये लेकर चंपत हो गया।चोरी की घटना के बाद पीड़ित युवक द्वारा डायल 112 के अलावे एसडीपीओ को कॉल करके सूचना दी गई।पुलिस को सूचना मिलने के बाद थाना के पदस्थापित एसआई अखलेश्वर सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच छानबीन की।वहीं पीड़ित हरदिया निवासी राजेन्द्र प्रसाद के पुत्र चन्दन कुमार ने कहा कि शुक्रवार को दोपहर में पंजाब नेशनल बैंक से दो चेक के माध्यम से कुल 5 लाख 49 हजार 500 रुपये की निकासी कर वापस घर आ रहा था।साथ ही कहा कि निकाले गए रुपयों में 4 लाख रुपये को मोटरसाइकिल स्प्लेंडर संख्या बीआर27एन3291 की डिक्की में एवं शेष लगभग 1 लाख 49 हजार रुपये को पैकेट में रखकर घर जा रहे थे।इसी बीच प्रखण्ड कार्यालय में कुछ काम से रुकना पड़ा और बाइक को कार्यालय परिसर के अंदर लगाकर कार्यलय गए।थोड़े ही देर बाद जब युवक बाहर आया तो देखा की मोटरसाइकिल का डिक्की खुला हुआ था एवं उसमें रखे पैसे भी गायब थे।पीड़ित युवक ने कहा कि त्वरित घटना की जानकारी पुलिस पदाधिकारियों को दी गई है।साथ ही थाना में लिखित आवेदन देकर चोरी गए रुपये को वापस दिलाने एवं चोर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई है।पीड़ित ने कहा कि पुलिस पदाधिकारी से पंजाब नेशनल बैंक एवं प्रखण्ड परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने की भी विनती की गई है।

# अस्पताल में चिकित्सकों की लापरवाही से कभी भी हो सकती है अप्रिय घटना

निज संवाददाता। **रजौली**

मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल विगत तीन-चार वर्षों से अपने कमियों एवं कर्मियों की लापरवाहियों की वजह से चर्चा में रहता आ रहा है।स्थनीय समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशन होने के बाद जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा थोड़ी बहुत कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर शांत पड़ जाते हैं।जिससे अनुमंडलीय अस्पताल अल्पकालिक सुधार तो होता है,किन्तु थोड़े ही दिन बाद अस्पताल पुनः कुव्यवस्था का शिकार हो जाता है।अनुमंडलीय अस्पताल में कभी चिकित्सकों की लापरवाही से बच्चों की मौत हो जाती है,तो कभी पीकू बन्द रहता है,एनआरसी का संचालन नियमित रूप से नहीं होता है।यहां तक की अस्पताल परिसर में दिन के उजालों में आसपास के आवारा पशु भी प्रसव कक्ष,रजिस्ट्रेशन काउंटर एवं ओपीडी परिसर में बेरोकटोक घूमते फिरते रहते हैं।कभी-कभी अस्पताल में आने वाले लोगों को लगता है कि वे जनावर के अस्पताल में अपना इलाज कराने पहुंच गए हैं।



**क्या है ताजा मामला-** गुरुवार की देर रात्रि महादेव मोड़ निवासी सुरेंद्र लाल पेट दर्द से काफी परेशान थे।घर में रहते हुए उन्होंने गर्म पानी पीने के अलावे गैस की दवाई भी ली।किन्तु उन्हें राहत नहीं मिला तब वे हारकर रात्रि को ही लगभग 1:22 बजे अपने परिजनों के साथ अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे।अस्पताल पहुंचने के बाद उन्होंने जीएनएम कक्ष एवं चिकित्सक कक्ष बन्द पाया।परिजनों ने मरीज को बेड पर सुला दिया एवं बन्द कमरों को खुलाने की कोशिश करने लगे।इस दौरान लगभग आधे घण्टे बाद जीएनएम अपने कमरे से बाहर निकलकर परिजनों पर झल्लाकर बोली क्या हुआ है और इतना हल्ला क्यों कर रहे हैं।साथ ही कही कि कमरा बन्द कर इसलिए सोते हैं क्योंकि रात्रि में अस्पताल में चोर आकर मोबाइल चोरी कर लेता है।उसके बाद परिजनों द्वारा ड्यूटी में रही जीएनएम को मरीज की स्थिति से अवगत कराया गया।तब जीएनएम ने मरीज का पर्ची बनाकर पहली मंजिला पर सो रहे चिकित्सक को जगाया।जब चिकित्सक जागे उसके बाद मरीज का इलाज शुरू हो पाया।वहीं स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा किये गए दुर्व्यवहार को देखते हुए परिजनों ने कहा कि सरकार द्वारा सारी सुविधाएं देने के बाद भी कर्मियों द्वारा बहुत ही अनियमितता बरती जाती है।ऐसे में कैसे लोग सरकारी अस्पताल आकर अपना इलाज करवाएंगे।साथ ही कहा कि अस्पताल में यदि दुर्घटनाग्रस्त मरीज इलाज कराने पहुंचेंगे तो उनके साथ कभी भी अनहोनी हो सकती है।

**क्या कहते हैं ग्रामीण -** गोपालनगर मोहल्ले निवासी सेवानिवृत्त सब मेजर रामरतन यादव ने कहा कि आये दिन अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सक,जीएनएम,गार्ड एवं सफाई कर्मियों आदि के द्वारा काफी अनियमितता बरती जाती है।साथ ही कहा कि चिकित्सकों द्वारा अस्पताल में आनेवाले मरीजों का ढ़ंग से इलाज तक नहीं हो पाता है।छोटी मोटी दुर्घटना में घायल रहे मरीजों को टेटवेट,डायलोना एवं स्लाइन चढ़ा कर तुरंत रेफर कर दिया जाता है।इससे बिना परिजन के इलाजरत मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।उन्होंने यह भी कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल में सिर्फ ट्रामा सेंटर का बोर्ड लगा दिया गया है और ट्रामा सेंटर में मिलने वाली सुविधाओं से मरीजों को वंचित रखा जा रहा है।

**क्या कहते हैं प्रभारी डीएस -** इस बाबत पर प्रभारी डीएस डॉ दिलीप कुमार ने कहा कि गुरुवार की रात्रि डॉ नीरज कुमार की ड्यूटी थी।उन्होंने कहा कि ड्यूटी में रहने वाले चिकित्सक को अपने चैंबर में रहना चाहिए था।साथ ही जीएनएम को दरवाजा खोलकर रहने की हिदायत पूर्व में भी दी गई थी।ताकि अस्पताल आनेवाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशनी न हो।प्रभारी में यह भी कहा कि मामला संज्ञान में आया है।साथ ही जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की बात कही।

# कार्यपालक पदाधिकारी से होल्डिंग टैक्स के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत ग्रामीणों ने की

निज संवाददाता। **रजौली**

नगर पंचायत रजौली को दर्जा प्राप्त होने के बाद चुनाव संपन्न हुए एक वर्ष भी नहीं बिता और नगर पंचायत के होल्डिंग टैक्स आम जनों से पूर्व के 3 वर्षों की वसूल की जा रही है। इससे संबंधित दर्जनों व्यवसायिक वर्ग के लोगों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र नगर पंचायत पदाधिकारी को सौंपा है।साथ हीं व्यवसायिक वर्ग एक प्रतिनिधिमंडल में शामिल व्यपारिक वर्ग के अध्यक्ष संदीप कुमार के साथ रंजन कुमार बब्लू, गौरव शांडिल्य गगन, बंटी सिंह के अलावे दर्जनों लोगों ने कार्यपालक पदाधिकारी से मिलकर अपनी बातों को रखा है। प्रतिनिधि मंडल ने कार्यपालक पदाधिकारी से तीन साल की वसूली पर रोक लगाने एवं जेम पोर्टल के जरिए चयनित संवेदक गौरव कुमार के बारे में जानकारी हासिल की।लोगों ने बताया कि टैक्स वसूली करने से पूर्व संबंधित लोगों को नोटिस जारी किया जाना चाहिए। लेकिन यहां ऐसा कुछ नहीं किया जा रहा है और अवैध जबरन साल की टैक्स मांगा जा रही है। इसके अलावा बगैर बोर्ड की बैठक के हीं टैक्स वसूली के लिए संवेदक को बहाल कर दिया गया है। जबकि नियम है कि बगैर नगर पंचायत के बोर्ड में पारित प्रस्ताव को मंजूरी नहीं



दी जाती है। लेकिन कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा नियमों को ताक पर रखकर कार्य कराया जा रहा है। इधर आवेदन देने वाले नूनू कुमार, विनोद आर्या, मेजर रामरतन यादव, सुभाष वर्मा, पिंटू कुमार, पंकज, सुजीत, मनोज,मानिकचंद बबलू आदि दर्जनों लोगों ने बताया है। होल्डिंग टैक्स वसूली नगर पंचायत के सभी नगरवासी से बीते तीन साल की वसूली जा रही है। इनके द्वारा निर्धारित टैक्स से कई गुना ज्यादा डिमांड किया जा रहा है,जोकी अवैध है। अभी रजौली नगर पंचायत में विकास के नाम पर ना कोई बड़ा नाला बनाया गया है और ना कोई सीवरेज कहीं हौ और ना हीं बेहतर सड़क का निर्माण किया गया है। बावजूद आम लोगों को प्रताड़ित कर होल्डिंग टैक्स 2021 से टैक्स की वसूली की जा रही है। जबकि वसूल करने वाले संवेदक को गुपचुप तरीके से चयन कर दिया गया है। इसके लिए कहीं किसी भी दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापन नहीं निकाला गया था और ना ही बोर्ड गठित कर निर्णय लिया गया था। आवेदकों ने कहा कि रजौली एक ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यहां के दुकानदार एवं मकान मालिक ग्रामीण क्षेत्र के लोगों पर ही निर्भर हैं। इसलिए यहां के दुकानदारों की आमदनी भी नगण्य है।बावजूद नगर पंचायत के होल्डिंग ठेकेदार दुकानदारों से एवं मकान मालिक से फिट के हिसाब से टैक्स विगत साल की वसूली कर रहे हैं। जबकि ठेकेदार का चयन भी बिते कुछ माह पूर्व हुई है,ऐसे में तीन साल का टैक्स सरासर गलत है। टैक्स की वसूली को लेकर नियमों को भी सार्वजनिक रूप से आम आदमी के समीप नहीं पहुंचाई गई है। सर्वेयर के द्वारा बेहतर ढंग से रजौली के भू - भाग का सर्वे भी नहीं की गई है। इस संबंध में नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी राजेश ने बताया कि लोगों के द्वारा आवेदन मिला है। व्यवसायिक वर्ग के प्रतिनिधि मंडल मिलने पहुंचे थे। इनके समस्याओं को सुना गया है। इनकी समस्याओं का समाधान बीते 2-4 दिनों के अंदर कर दिया जाएगा। टैक्स वसूली को लेकर ग्रामीण शिकायत कर रहे हैं, लेकिन सरकार का निर्देश तीन साल की वसूली करने का है।

# रविवार से शुरू होगा बालू का उठाव





निज संवाददाता। **नारदीगंज**

प्रखंड क्षेत्र के लोगों को बालू के समस्या से जल्द निजात मिलने वाला है।बालू की समस्या से तीन प्रखंडवासी झेल रहे थे।बालू का उठाव नहीं होने के कारण विकास का बहुत सा कार्य ठप्प पड़ गया था।लोगों को मकान दुकान भी बनाना मुश्किल हो गया था।क्योंकि कोई भी ट्रैक्टर वाला बालू लाने के लिए नदी में नहीं जा रहा था। चोरी छिपे बालू उठाव के क्रम में खनन विभाग के द्वारा सैकड़ों ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया था,साथ ही सभी ट्रैक्टर मालिकों पर प्राथमिकी भी दर्ज करवा दिया गया था।बालू खनन के लिए शुक्रवार से नदी में जेसीबी मशीन से रास्ता बनाया जा रहा है,ताकि बालू उठाव में परेशानी नहीं हो सके।इस सम्बंध में कंट्रक्सन कंपनी के ठीकेदार प्रीतम कुमार ने कहा नारदीगंज प्रखंड के प्रतापपुर बालू घाट से बालू उठाव का सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।गुरुवार को खनन विभाग से कार्यादेश भी मिल गया है।लेकिन शुक्रवार और शनिवार को शुभ मुहूर्त और अच्छा दिन नहीं रहने के कारण बालू उठाव का शुभारंभ नहीं किया गया है।ऐसे में इसके लिए पॉलिन मशीन से नदी में रास्ता बनाने का कार्य जारी है।रविवार से बालू का उठाव शुरू कर दिया जाएगा।

# अनुमण्डल गेट के बाहर लगे अपाचे बाइक को चुरा ले गए चोर,मूकदर्शक बना रहा गार्ड

निज संवाददाता। **रजौली**

अनुमण्डल कार्यालय में निजी वाहन से जाना लोगों के लिए परेशानियों का एक बड़ा कारण बन सकता है।अनुमण्डल गार्ड द्वारा निजी वाहनों का प्रवेश अनुमण्डल परिसर में नहीं करने दिया जाता है।वहीं बाजार से दूर स्थित ग्रामीणों को अनुमण्डल जाने के बाद गेट के बाहर ही वाहनों को लगाना पड़ता है।शुक्रवार को अनुमण्डल गेट के बाहर लगे लाल रंग के अपाची को अज्ञात चोर उड़ा ले गए।जिसकी भनक अनुमण्डल गेट पर रहे गार्ड तक को नहीं लगी।पीड़ित सिरदला थाना क्षेत्र के भलुआ गांव निवासी उमेश यादव के पुत्र जितेन्द्र कुमार ने कहा कि वे शुक्रवार की सुबह 10 बजे अनुमण्डल एक निजी काम से आये थे।अनुमण्डल कार्यालय में काम खत्म होने के बाद घर वापस जाने के लिए जैसे ही दोपहर 1:30 बजे बाहर आया तो मोटरसाइकिल अपाची संख्या जेएच12जे8591 को लगाए गए स्थान पर नहीं पाया।अनुमण्डल गेट के अंदर एवं बाहर काफी खोजबीन किया किन्तु किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिली।वहीं अनुमण्डल गेट पर तैनात एक गार्ड से भी पूछा तो उन्होंने भी किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी।पीड़ित युवक ने कहा कि मोटरसाइकिल चोरी को लेकर रजौली थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई एवं चोरी हुए मोटरसाइकिल की बरामदगी की गुहार लगाई गई है।बताते चलें कि बीते कुछ दिनों पूर्व से अनुमण्डल कार्यालय के गेट पर तीन-चार की संख्या में अनुमण्डल गार्ड रहा करते थे।किंतु शुक्रवार को एकमात्र गार्ड मौजूद थे।

# नगर परिषद की बैठक में करोड़ों की योजना पर लगी मुहर

निज संवाददाता। **वारिसलीगंज**

नप कार्यालय में आयोजित परिषद की बैठक की अध्यक्षता नप अध्यक्षा रेखा देवी ने की. जबकि संचालन कार्यपालक पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिन्हा ने किया. बैठक में उपस्थित सदस्यों की सहमति से क्षेत्र के सभी वार्डो के विकास के लिए कई योजनाए पर मुहर लगी. नगर परिषद् के चहुमुखी विकास के लिए 25 वार्डों के योजनाओं का चयन किया गया.जिसमे नए बसावट एवं विस्तारित क्षेत्र में नल जल की जहाँ आवश्यकता हो, वहाँ व्यवस्था करने पर चर्चा की गई तथा उस संबंध में कदम उठाने का आग्रह किया गया. जल जीवन हरियाली योजना अंतर्गत सोखता निर्माण करने एवं साम्बे वार्ड संख्या 19 अंतर्गत नाला सफाई कराने का निर्णय लिया गया. वार्ड संख्या 20 एवं माफ़ी गली में ट्रांसफार्मर लगाने के लिए कनीय अभियंता विद्युत् विभाग को कहा गया. उन्होंने यह आश्वासन दिया कि मार्च माह के अंत तक ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा एवं वार्ड संख्या



1 अंतर्गत हिरमा बीघा के ट्रांसफार्मर का लोड 200 KVA करने के लिए बिजली विभाग के कनीय अभियंता से कहा गया. उन्होंने भी आश्वाशन दिया कि इसे जल्द ही करा दिया जाएगा.वही गर्मी के मौसम को देखते हुए हुए वारिसलीगंज नगर परिषद् क्षेत्रान्तर्गत बंद पड़े पहाड़ी चापाकल की मरम्मत कराने का निर्णय लिया गया. बस स्टैंड एवं टेम्पू स्टैंड निर्माण के लिए वार्ता करने का निर्णय लिया गया. थानाध्यक्ष की मदद से नप को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्णय लिया गया.

नगर परिषद् क्षेत्रान्तर्गत सारे पोखर, रिक्शा, झरझरी एवं प्रचार वाहन कर के लिए बन्दोवस्ती करने का निर्णय लिया गया. चीनी मिल की जमीन पर सीमेंट फैक्टरी नहीं लगाया जाय. इसके लिए DM को पत्राचार करने का भी निर्णय लिया गया मुख्य पार्षद, नगर परिषद् वारिसलीगंज रेखा कुमारी द्वारा यह सदन में लाया गया कि प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी का कार्यालय बंद रहता है एवं राशन कार्ड के लिए जनता को कार्यालय का चक्कर काटना पड़ता है.

होल्डिंग टैक्स की वसूली के लिए कड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया गया. बाजार में यूरिनल की व्यवस्था करने का निर्णय भी लिया गया. बैठक में उप मुख्य पार्षद अरुण प्रसाद एवं समस्त वार्ड पार्षद के साथ-साथ सुबोध यादव सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी, राकेश कुमार सहायक टाउन प्लानिग सुपरवाईजर, श्री अरुण कुमार कनीय अभियंता, कुमार सानु सचिन लेखापाल सह प्रधान सहायक, स्वास्थ्य विभाग कर्मी एवं विद्युत् विभाग के कनीय अभियंता उपस्थित थे।




# औरंगाबाद की धरती से ₹21 हज़ार करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उपहार

## शिलान्यास

6 लेन शेरपुर-दिघवारा पटना रिंग रोड़ का निर्माण
(NH-131G, लंबाई 15 किमी, लागत ₹4300 करोड़)

4 लेन बिहटा - दानापुर एलिवेटेड खण्ड का निर्माण
(NH-922, लंबाई 25 किमी, लागत ₹3000 करोड़)

4 लेन बलभद्रपुर - बेला नवादा खण्ड का निर्माण
(NH-119D, लंबाई 42 किमी, लागत ₹2200 करोड़)

4 लेन कल्याणपुर - बलभद्रपुर खण्ड का निर्माण
(NH-119D, लंबाई 47 किमी, लागत ₹1900 करोड़)

4 लेन आमस - शिवरामपुर खण्ड का निर्माण
(NH-119D, लंबाई 54 किमी, लागत ₹1500 करोड़)

4 लेन शिवरामपुर - रामनगर खण्ड का निर्माण
(NH-119D, लंबाई 55 किमी, लागत ₹1400 करोड़)

आरा बाई पास लाईन
(लंबाई 3.06 किमी, लागत ₹ 119 करोड़)

पी एम एकता मॉल-पटना
(लागत ₹ 213 करोड़)

## उद्घाटन

4 लेन बख्तियारपुर - रजौली खण्ड का निर्माण
(NH-20, लंबाई 47 किमी, लागत ₹1400 करोड़)

6 लेन पटना रिंग रोड़ के कन्हौली - रामनगर खण्ड का निर्माण
(NH-131G, लंबाई 40 किमी, लागत ₹990 करोड़)

4 लेन आरा - परिया खण्ड का निर्माण
(NH-319, लंबाई 50.00 किमी, लागत ₹800 करोड़)

2 लेन जयनगर - नरहिया खण्ड का निर्माण
(NH-227, लंबाई 64 किमी, लागत ₹710 करोड़)

किशनगंज में 2-लेन फ्लाईओवर का निर्माण
(NH-31, लंबाई 3 किमी, लागत ₹150 करोड़)

पहाड़ी जोन V, पटना में सीवरेज योजना
(लागत ₹ 360 करोड़)

सीवर नेटवर्क के साथ सीवरेज प्रणाली करमालीचक, पटना
(लागत ₹ 280 करोड़)

सैदपुर, पटना में सीवरेज नेटवर्क
(लागत ₹ 270 करोड़)

छपरा में इंटरसेप्शन एवं डायवर्जन एवं एसटीपी का कार्य
(लागत ₹ 240 करोड़)

बेउर, पटना के लिए सीवरेज नेटवर्क
(लागत ₹ 230 करोड़)

सीवरेज नेटवर्क-जोन IV A, पहाड़ी, पटना
(लागत ₹ 230 करोड़)

पहाड़ी, पटना में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (60 MLD)
(लागत ₹ 192 करोड़)

सैदपुर, पटना के लिए एसटीपी और निकटवर्ती नेटवर्क
(लागत ₹ 185 करोड़)

इंटरसेप्शन और डायवर्जन एवं एसटीपी का कार्य बाढ़, पटना
(लागत ₹ 60 करोड़)

नवगछिया शहर में इंटरसेप्शन और डायवर्जन एवं एसटीपी का कार्य
(लागत ₹ 60 करोड़)

सुलतानगंज शहर में इंटरसेप्शन और डायवर्जन एवं एसटीपी का कार्य
(लागत ₹ 60 करोड़)

सोनपुर शहर में इंटरसेप्शन और डायवर्जन एवं एसटीपी का कार्य
(लागत ₹ 40 करोड़)

## राष्ट्र को समर्पण

बंधुआ-पैमार नई लाईन
(लंबाई 26 किमी, लागत ₹360 करोड़)

पाटलिपुत्र - पहलेजा लाईन के दोहरीकरण और विद्युतीकरण
(लंबाई 19 किमी, लागत ₹230 करोड़)

मेमू शेड, गया
(लागत ₹120 करोड़)

## परियोजनाओं से लाभ

- पटना रिंग रोड़ के निर्माण से भारी वाहनों के कारण शहर में लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी
- चार लेन एलिवेटेड कोरिडोर के निर्माण से दानापुर से बिहटा हवाई अड्डे (प्रस्तावित) की 1 घंटे की यात्रा 15 मिनट रह जाएगी
- कृषि उपजों की नए बाजारों तक पहुंच आसान हो जाएगी
- कृषि उत्पाद एवं अभ्रक, लोहा, माइका, कोयला आदि खनिज पदार्थो की ढुलाई सुगम, लॉजिस्टिक लागत में कमी
- समय और ईंधन की बचत, प्रदूषण में कमी एवं रोजगार के नए अवसरों का सृजन
- राष्ट्रीय राजमर्गों के विकास से होगा हर क्षेत्र का विकास
- कुशल राजमार्ग ईंधन संरक्षण से पर्यावरण स्वच्छ होगा
- पर्यटन, सुदूर जिलों, धार्मिक स्थलों यथा गया, वैशाली, नालन्दा, राजगीर, पावापुरी से बेहतर सम्पर्क
- आमस - दरभंगा परियोजना से दरभंगा हवाई अड्डे का सीधा संपर्क
- इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह और इंटेलिजेंट यातायात प्रबंधन से आधुनिक सड़क नेटवर्क होगा तैयार
- एक जिला एक उत्पाद आधुनिक, भौगोलिक संकेतक (जीआई) उत्पादों और हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा
- पारंपरिक और आधुनिक खरीदारी का एक साथ अनुभव
- स्थानीय उद्यमिता, कारीगरों, सूक्ष्म-लघु-मध्यम उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा
- किशनगंज शहर मे फलाईओवर के निर्माण से शहर में होने वाले जाम से मुक्ति
- बड़े और लघु पुलों से भारी एवं हल्के वाहनों का परिवहन सुगम होगा
- रेल लाईन के दोहरीकरण से रेल मार्ग पर एक साथ अधिक ट्रेनें संचालित होने से, भीड़भाड़ कम होगी
- रेल लाईन के विद्युतीकरण से ट्रेनों के समग्र सिस्टम क्षमता में सुधार
- नेपाल के साथ सुगम आवगमन
- पाटलिपुत्र-पहलेजा रेल-खंड के दोहरीकरण से गंगा नदी पर रेलगाड़ियों के परिचालन में सुगमता
- सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के द्वारा किफायती तरीके से हानिकारक प्रदूषकों की समाप्ति
- सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के द्वारा प्रतिदिन गंगा नदी में जाने वाली लगभग 150 मिलियन लिटर प्रदूषित पानी का संशोधन
- सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से स्वास्थ्य जोखिम कम होंगे
- सीवेज ट्रीटमेंट के द्वारा प्रदूषण से राहत मिलेगी

# नरेन्द्र मोदी

**प्रधानमंत्री**

के कर कमलों द्वारा

2 मार्च, 2024, शनिवार, समयः अपराह्न 02:00 बजे, स्थानः रतनुआ, औरंगाबाद, बिहार

## गरिमामयी उपस्थिति

**राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर**
राज्यपाल, बिहार सरकार

**नीतीश कुमार**
मुख्यमंत्री, बिहार सरकार

**नितिन गडकरी**
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार

**राज कुमार सिंह**
केन्द्रीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, भारत सरकार

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**गजेंद्र सिंह शेखावत**
केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, भारत सरकार

**नित्यानंद राय**
गृह राज्यमंत्री, भारत सरकार

**जनरल (डॉ.) वी. के. सिंह (सेवानिवृत)**
राज्य मंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार

**अश्विनी कुमार चौबे**
राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले और वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार

**सम्राट चौधरी**
उप मुख्यमंत्री, बिहार

**विजय कुमार सिन्हा**
उप मुख्यमंत्री, बिहार

**प्रेम कुमार**
मंत्री, वन एवं पर्यावरण, बिहार

और सभी माननीय जनप्रतिनिधि

**साथ ही बेगुसराय से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बिहार सहित देश भर में ₹1 लाख 62 हज़ार करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पण**

DD NEWS पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

cbc 37107/15/0051/2324

## संक्षिप्त समाचार

### बांकेबाजार : तीन टोटो से 10 बैटरी की चोरी

**बांकेबाजार।** थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांवों में तीन टोटो से 10 बैटरी की चोरी कर ली गई। इस संबंध में बलथरवा गांव के पीड़ित अंबिका ठाकुर मुन्ना ने बताया कि उनका टोटो घर के बाहर खड़ा था। उसमें वाहन को चलाने के लिए कंपनी द्वारा लगाए गए चार बैटरी की चोरी कर ली गई। वहीं दूसरी ओर नौकाडीह गांव निवासी तारा देवी के टोटो से चार बैटरी व गोईठा गांव के जोगी महतो के टोटो से दो बैटरी की चोरी कर ली गई। सभी टोटो से बुधवार की रात्रि बैटरी की चोरी की गई है। इस दौरान घटना को अंजाम देने वाले लोगों का चेहरा सीसीटीवी में कैद हो गया है।

### 450 लीटर महुआ निर्मित शराब व बाइक की जब्त

**फतेहपुर।** थाना क्षेत्र नें अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान बुधवार को पुलिस ने 450 लीटर महुआ निर्मित शराब और इस अवैध धंधा में प्रयुक्त एक बाइक जब्त की है। हालांकि शराब तस्कर मौके से दो बाइक के साथ भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को चलाये जा थे अभियान के दौरान झारखंड इलाके से शराब की तस्करी कर रघवाचक के रास्ते लाये जाने की गुप्त सूचना मिली। सूचना पर पुलिस बल के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए रघवाचक गांव के पास घेराबंदी की गई। इसी समय बाइक से आ रहे तीन युवको ने दूर से ही पुलिस को देख इसमें दो ने बाइक पर बोरा को गिराते हुए और एक बाइक सहित बोरा को छोड़ कर मौके से भाग गया। बोरों की जांच करने पर उसमें से पॉलीथिन में पैक 450 लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद हुई।

### इंटर्न से छेड़खानी के खिलाफ जूनियर डॉक्टरों ने ठप की ओपीडी, मरीज परेशान

**गया।** जूनियर डाक्टरों की हड़ताल की वजह से दूर-दराज से आए मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद इंटर्न से छेड़खानी के आरोपी पीजी चिकित्सक को छह महीने के लिए कॉलेज से निष्कासित किए जाने के निर्णय के बाद हड़ताली चिकित्सक वापस ड्यूटी पर लौट आए। अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में रविवार से जारी गतिरोध खत्म हो गया। शनिवार की देर रात इमरजेंसी में ड्यूटी के दौरान महिला इंटर्न चिकित्सक के साथ छेड़छाड़ की घटना के बाद जूनियर चिकित्सक आक्रोशित थे। शनिवार की देर रात करीब पौने तीन बजे पीजी डॉ. रोहित दूबे नशे में धुत होकर दो-तीन अन्य लड़कों के साथ इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे थे। उन्होंने ऑन ड्यूटी दो इंटर्न महिला चिकित्सकों के साथ बदसलूकी की थी। घटना के बाद दोनों छात्राएं किसी तरह रोती हुईं वहां से बचकर भाग निकलीं। मामले को लेकर पीड़ित इंटर्न चिकित्सकों द्वारा डॉ. रोहित दूबे के खिलाफ शिकायत भी की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद जूनियर चिकित्सक आरोपी डॉक्टर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर हड़ताल पर चले गए थे। बुधवार को कॉलेज प्रशासन द्वारा आरोपी चिकित्सक पर कार्रवाई के आश्वासन के बाद जूनियर चिकित्सक काम पर लौट आए थे। लेकिन, देर रात आरोपी चिकित्सक को एक बार फिर से कॉलेज परिसर में घूमता देख वे उग्र हो गए। गुरुवार को एक बार फिर हड़ताल पर चले गए। इस दौरान जूनियर डाक्टरों ने अस्पताल की ओपीडी सेवा को पूरी तरह बाधित कर दी थी। डॉ. रोहित दुबे को कॉलेज प्रशासन को सौंपे जाने के बाद जूनियर चिकित्सक कॉलेज के बाहर ही धरना पर बैठ गए। उनकी मांग थी कि जब तक कॉलेज प्रशासन आरोपी चिकित्सक पर कार्रवाई नहीं करता है। वे ड्यूटी पर वापस नहीं जाएंगे। आनन-फानन में एकेडमिक काउंसिल की बैठक कर लिया निष्कासन का फैसला एकेडमिक काउंसिल की बैठक में लिया गया निर्णय इस दौरान कॉलेज प्रशासन ने एक बार फिर से जूनियर चिकित्सकों को आश्वासन देकर हड़ताल तोड़ने की अपील की। लेकिन, जूनियर चिकित्सक कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। बाद में एएनएमएमसीएच के प्राचार्य की अध्यक्षता में आनन-फानन में एकेडमिक काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से आरोपी चिकित्सक डॉ. रोहित दुबे को छह महीने के लिए छात्रावास एवं कैम्पस से निष्कासित कर दिया गया।

### बिजली चोरी करते दो धराये, लगा जुर्माना

**परवलपुर।** थाना क्षेत्र के हरीपुर गांव में गुरुवार को बिजली विभाग की टीम द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें दो लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पकड़ा गया। पकड़े गये लोगों पर जुर्माना लगाते हुए स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। बिजली विभाग के एसडीओ पप्पू कुमार ने बताया कि बिजली चोरी के आरोप में हरीपुर गांव की माया देवी पति स्व. त्रिभुवन पंडित पर 11 हजार 411 रुपया एवं कारू गोप पिता रामेश्वर गोप पर 16 हजार 691 रुपये का जुर्माना लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

### 163 शिक्षकों के थम्ब इम्प्रेशन का मिलान नहीं

**गया।** बिहार लोक सेवा आयोग अंतर्गत ट्रे एक में चयनित व नवनियुक्त 163 शिक्षकों का थम्ब इम्प्रेशन का मिलान नहीं हो सका है। इनमें कक्षा एक से पांचवीं तक के 101, नौवीं-दसवीं 36 और 11-12 के 26 विद्यालय अध्यापक शामिल हैं। डीईओ ने आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित शिक्षकों की सूची अपर राज्य परियोजना निदेशक सह प्रभारी केंद्रीयकृत अनुश्रवण कोषांग, शिक्षा विभाग, बिहार को भेजी है। बता दें कि डीईओ कार्यालय की ओर से विभिन्न तिथियां निर्धारित कर थम्ब इम्प्रेशन मिलान की कार्रवाई की गई है। जिसमें इन शिक्षकों का थम्ब इम्प्रेशन का मिलान नहीं सका है।

### फरार प्रेमी जोड़े को पुलिस ने किया बरामद

**कोंच।** थाना क्षेत्र के एक गांव से फरार एक युवती को पुलिस ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि करीब दो माह पूर्व थाना क्षेत्र की एक लड़की को मुफस्सिल थाना क्षेत्र निवासी सूरज कुमार बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर चला गया था। इसके बाद युवती के परिजनों द्वारा लड़के के विरुद्ध अपहरण करने का मामला दर्ज कराया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस लगातार दोनों की खोज में जुटी थी। गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली कि युवक-युवती मुफस्सिल थाना क्षेत्र में है। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर युवक-युवती को बरामद कर लिया।

# बोलेरो ने मां-बेटे को रौंदा, दोनों की मौके पर मौत

## एक साल के बच्चे को गोद में लेकर जा रही थी खेत, सड़क पार करने के दौरान हादसा

निज संवाददाता। गया

गया में बोलेरो की टक्कर से मां-बेटे की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने घटनास्थल पटना-गया मुख्य सड़क मार्ग को जाम कर दिया। परिजन और स्थानीय लोग आरोपी चालक पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग कर रहे। महिला अपने मायके आई हुई थी। अपने बेटे को लेकर खेत में काम करने जा रही थी। इसी क्रम में एनएच-83 पर बोलेरो ने रौंद डाला। दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना बेलागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नीमचक गांव के पास की है। मृतका के पिता नित्या मांझी ने कहा कि मेरी बेटी वज्रन्ती कुमारी (33) अपने एक साल के बेटे को गोद में लेकर खेत में काम करने जा रही थी। सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। हादस में दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



पुलिस शवों को कब्जे में लेने की कोशिश कर रहेः बेलागंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची है। सड़क जाम कर रहे लोगों को समक्षाकर शवों को कब्जे में लेने का प्रयास कर रही है, लेकिन आक्रोशित ग्रामीण नहीं मान रहे। ग्रामीणों का कहना है जबतक चालक नहीं पकड़ा जाता और मृतकों के परिजनों को मुआवजा नहीं मिलता, सड़क से जाम नहीं हटेगा।

# ट्रैक्टर ने एक अधेड़ को कुचला, मौत

## दामाद के घर मिट्टी लेकर जा रहा था ट्रैक्टर, घर के बाहर खड़े ससुर को रौंदा

निज संवाददाता। गया



गया जिले के डोभी थाना क्षेत्र के बजौरा में एक ट्रैक्टर ने एक बुजुर्ग को कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस घटना से गांव में रोष है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। मृतक सीटन यादव का पोस्टमार्टम कराने के लिए पंचनामा की कार्रवाई करने में जुटी है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक घटना स्थल से वाहन समेत भाग गया। गांव के लोगों के अनुसार के घटना गुरुवार की दोपहर बाद की है। बजौरा निवासी 60 वर्षीय सीटन यादव के दामाद महावीर यादव का घर गांव में बन रहा है। मकान पर मिट्टी ट्रैक्टर से गिराई जा रही थी। दोपहर बाद भी एक ट्रैक्टर मिट्टी लेकर चला आ रहा था। इसी दौरान सीटन यादव अपने घर के बाहर खड़ा थे। तेजी से आ रहे ट्रैक्टर की चपेट में आ गए और ट्रैक्टर उन्हें कुचलते हुए निकल गया। इससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से भाग भी गया। स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रैक्टर डोभी थाना क्षेत्र के जोलहा बिगहा गांव का है। इस संबंध में डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए गया भेजा जा रहा है। ट्रैक्टर मालिक व उसके चालक की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में शाम तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई आवेदन नहीं आया था। मृतक के परिजन द्वारा आवेदन देने पर करवाई की जाएगी।

# सहायक टैक्स दारोगा प्रमोद और लिपिक रवि निलंबित

निज संवाददाता। नालंदा



नगर परिषद राजगीर के सहायक टैक्स दारोगा सह लेखापाल प्रमोद कुमार और निम्न वर्गीय लिपिक रवि कुमार को निलंबित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के लिए प्रपत्र 'क' गठित करने की कार्रवाई की जा रही है। सहायक समाहर्ता सह कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री दिव्या शक्ति ने जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि दोनों निलंबित कर्मियों के खिलाफ राजगीर थाने में धोखाघड़ी और फर्जीवाड़ा करने के आरोप में पहले ही प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि निलंबित कर्मी प्रमोद कुमार जिस सर्टिफिकेट पर वर्तमान समय में नौकरी कर रहे हैं, जांच हो रही।

**जल्द होगा सफाईकर्मी के वेतन का भुगतानः** कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि नगर परिषद के सफाई कर्मियों को तीन-चार दिन में बकाए मानदेय का भुगतान कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर में आउटसोर्सिंग के माध्यम से सफाई का कार्य किया जाता है। उनके संज्ञान में बात आई है कि शहर के सफाई कर्मियों को दो-तीन महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। उनके संज्ञान में बात आते ही उन्होंने इसे गंभीरता से लिया है। सभी सफाई कर्मचारियों को अविलंब मानदेय भुगतान करने का आदेश आउटसोर्सिंग को दिया गया है।

# दो किडनैप युवकों को पुलिस ने किया सकुशल बरामद, अपराधी के साथ घूम रहा था किशोर

## 5 लाख की मांगी थी रंगदारी, पैसे दिए बिना पुलिस ने छुड़ाया

निज संवाददाता। गया

गया जिले के नक्सल प्रभावित बाराचट्टी थाना के तेतरिया गांव से अपहृत हुए दोनों युवकों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। वह भी बगैर रकम दिए। पुलिस ने तीन अपराधी को गिरफ्तार किया है। अपहरणकर्ताओं ने 5 लाख रुपए की फिरौती की मांग की थी। दोनों युवकों को मंगलवार की शाम अपहरण कर लिया गया था। तेतरिया गांव के एक अपराधी कल्लू (25) के साथ गांव का एक युवक बबलू (14) बाजार घूमने के लिए निकला था। इसी बीच दोनों को बदमाशों किडनैप कर लिया था और कल्लू के मोबाइल फोन से उसके गजर पर व्हाट्सएप कॉल कर बदमाश फिरौती की मांग कर रहे थे। सिटी एसपी प्रेरणा कुमार ने बताया कि घटना के बाद से लगातार किडनैपरों की तलाश में पुलिस की विशेष टीम और तकनीकी टीम जुटी थी। जांच पड़ताल में पता चला कि इस वारदात का मुख्य आरोपी अजय कुमार मोहनपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने लोकेशन की पड़ताल की तो वह औरंगाबाद से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही अपहृत कल्लू और बबलू को सकुशल बरामद कर लिया गया। यही नहीं अजय की निशानदेही पर वारदात में शामिल अन्य दो अपराधी को बोधगया के नन्दुआ गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। सिटी एसपी ने बताया कि पूछताछ में मुख्य आरोपी अजय ने बताया कि कल्लू से उसकी पुरानी दुश्मनी चली आ रही थी। इसी वजह से उसे किडनैप करने का प्लान अपने साथियों के साथ मिल कर बनाया था। लेकिन जब किडनैपिंग की वारदात को अंजाम दिया जा रहा तो उस समय बबलू भी उसके साथ था। इस वजह से उसे भी किडनैप करना पड़ गया। सिटी एसपी ने बताया कि अपहरण में इस्तेमाल वाहन स्कार्पियो को बरामद कर लिया गया है।

# ज्वेलरी व्यवसायी से सोने की चेन और ब्रेसलेट की ठगी, पुलिस वाला बता शरीर से उतरवाया आभूषण

## छोटे-छोटे पत्थर के टुकड़े देकर हुए फरार

निज संवाददाता। गया

गया शहर के सर्राफा बाजार के रहने वाले कंकालय ज्वेलर्स के मालिक विकास कुमार बरनवाल से तीन ठगों ने अपने को पुलिस वाला बात कर गले से तीन सोने के चेन और हाथ से सोने का ब्रेसलेट उतरवा लिया। पीड़ित विकास कुमार बरनवाल ने बताया कि यह घटना डीएम-एसएसपी कार्यालय के बीचों बीच हुई। इस लुटेरा गिरोह में तीन लोग शामिल थे। वे अपनी बाइक से से गांधी मैदान जा रहे थे। इसी क्रम में दो बाइक पर सवार तीन युवक ओवरटेक करके उन्हें रोका, स्वयं को पुलिस के विशेष कर्मी बताकर कहा दूसरी जगहों पर हो रहे जेवर लूट के अपराधों को रोकने के लिए हमें तैनात किया गया है। हर जगह छिनतई हो रहा है और आप गले में तीन-तीन सोने के चैन और हाथ में सोने का ब्रेसलेट पहने हुए हैं। यह कहकर तीनों युवकों ने विकास कुमार बरनवाल को अपनी सोने का चेन और ब्रेसलेट उतारने के लिए कहा।



इस दौरान बाइक की डिक्की भी खोलने के लिए कहा। फिर सोने के तीनों चैन और ब्रेसलेट को ठगों ने अपने हाथ में लेकर कहा लाईए आपकी डिकी में रख देते हैं। पुलिस समझ ठगों पर विश्वास कर विकास कुमार ठाकुरों के हाथों में दे दिया।

### 2 मिनट तक जहानाबाद स्टेशन पर रुकेगी ट्रेन

**नालंदा।** रेल यात्रियों के लिए जरूरी खबर पटना से चलकर रांची जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को नया ठहराव प्रदान किया गया है। दानापुर मंडल के जहानाबाद स्टेशन पर गाड़ी सं. 22349/22350 पटना-रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का प्रायौगिक तौर पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-21/2023-24**

**पत्रांक – 155 गढ़वा/दिनांक – 27.02.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कनेवा पत्थरनाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड– रमकण्डा, जिला– गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 63,32,300/– |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 06.03.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 19.03.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 19.03.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 20.03.2024 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 320993 (Minor Irrigation)23-24*D

### सेवानिवृत्त शिक्षक को समारोह कर दी गई विदाई

**करायपरसुराय।** विद्यालय परिवार सदैव सेवानिवृत्त शिक्षक के कार्यों को याद रखेगा। उनकी कुशल कार्यक्षमता व उत्कृष्ट योगदान हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। ये सेवानिवृत्त जरूर हुए हैं, पर सेवा के दायित्वों से नहीं। इनके मार्गदर्शन की हमें हमेशा अपेक्षा रहेगी। उक्त बातें मध्य विद्यालय मकरौता के प्रधानाध्यापक नरेश प्रसाद ने गुरुवार को विद्यालय प्रांगण में आयोजित सेवानिवृत्त शिक्षक अशोक कुमार के विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि सेवा में आने वालों का सेवानिवृत्त होना एक परंपरा है। जिसका हर किसी को पालन करना ही है। इनका शिक्षकों और छात्रों से हमेशा मधुर संबंध बना रहा। आज इनका विद्यालय से जाना हम सबों के लिए काफी दुखदायी है। उपस्थित लोगों ने सेवानिवृत्त शिक्षक श्री कुमार को फूल का माला पहनाकर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता शिक्षक अरुण कुमार ने किया।

### कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)

Email id:-np.hariharganj@gamil.com

आम सूचना

**अति अल्पकालीन दर/ कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या & NPH- 07 /2023-24**

तद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हरिहरगंज क्षेत्रान्तर्गत आम नागरिको को पेयजल उपलब्ध कराने हेतू प्रति चापानल की मरम्मति हेतू व्यक्ति/एजेंसी/संस्था से दर/ कोटेशन आमंत्रित किये जाते है, इच्छुक व्यक्ति/एजेंसी/संस्था दिनांक– 07.03.2024 को अपराह्न 01:00 बजे से 03:00 बजे तक मोहर बंद लिफाफो में कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज में अपना आवेदन जमा कर सकतें हैं–

नियम एवं शर्ते

1. आवेदन के साथ व्यक्ति/एजेंसी/संस्था के GST/PAN एवं आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. दर प्रति चापानल मरम्मति के लिए अंकित करना होगा।
3. एक बार चापानल मरम्मति होने के उपरांत 3 माह तक दो बार खराब होने पर उसी दर पर मरम्मति करना होगा अलग से राशि देय नही होगी।
4. जिस स्थान पर चापानल मरम्मति की जायेगी उसका GPS Photo संलग्न करने के उपरान्त ही राशि भुगतान की जायेगी।
5. चापानल मरम्मति हेतू आवश्यक सामग्री नगर पंचायत हरिहरगंज कार्यालय से प्राप्त करेगे एवं पुराना सामग्री जमा करेंगे।
6. चापानल मरम्मति हेतू कार्यालय से सूचि प्राप्त करने के उपरान्त ही मरम्मति करना होगा।
7. मरम्मति के उपरान्त विपत्रो का भुगतान क्षेत्र प्रवेक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर राशि उपलब्धता के अनुसार मासिक भुगतान की जायेगी।
8. यह दर एक वर्ष के लिए मान्य होगा आवश्यक्ता पड़ने पर घटाई या बढाई जा सकती है।
9. संबंधित क्षेत्रो में कार्य करने वाले व्यक्ति/एजेंसी/संस्था को कार्य आवंटन मे प्राथमिकता दी जायेगी।
10. निर्धारित दर के अलावे किसी भी प्रकार का अतिरिक्त राशि भुगतान नही की जायेगी, यदि किसी भी व्यक्ति से पैसा लेने के शिकायत होने पर कार्य आवंटन रद किया जा सकता है।
11. निविदा रद करने की शक्ति अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज।

PR 320935 District(23-24)D

### कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

पत्रांक– 192 न0पं0 दिनांक– 29.02.2024

**आम सूचना (2nd Call)**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड रॉची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में गढ़वा जिले के नगर पंचायत मझिऑव क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग के तहत संचालित की जाने वाले Urban Health & wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों की चयन हेतु दिनांक 11.03.2024 को कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में पूर्वाह्न 11:00 बजे Walk in Interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

| क0 | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 01 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S की डिग्री |
| 03 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सको की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04 | मानदेय | रू0 63000/– (तिरसठ हजार रूपये मात्र) |
| 05 | कुल रिक्तियॉ | 01 (एक पद) |
| 06 | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जायेगा। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 11.03.2024 को नगर पचायत मझिऑव को पूर्वाहन 11:00 बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में उपस्थित होना होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

PR 321109 Urban Development (23-24)_D

## संक्षिप्त समाचार

### सशस्त्र पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में कोर्ट के सामने अपराधियों ने गोली मारी, घायल

**आरा।** आरा टाउन थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक मुकदमा में हाजरी देने आए बुजुर्ग को सिविल कोर्ट के गेट के पास अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली मार दिया। वारदात के समय काफी संख्या सशस्त्र और वर्दीधारी पुलिसकर्मी मौजूद थे। इनमें कुछ सशस्त्र पुलिसकर्मियों की कोर्ट के पास ड्यूटी थी। कुछ पुलिसकर्मी जिले के विभिन्न थानों से कैदियों को कोर्ट में लाए थे। लेकिन, पुलिसकर्मियों ने रिवॉल्वर लहरा रहे अपराधियों को पकड़ने का प्रयास नहीं किया। पुलिसकर्मी देखते रहे, अपराधी भाग गए। जबकि, गोली मारने के समय अपराधी पैदल थे। सड़क पर भी एक अपराधी लोगों को हड़काने के लिये रिवॉल्वर लहरा रहा था। कोर्ट के सामने कई मुद्दई-मुदालय, गवाह व उनके परिजन भी थे। यह सनसनीखेज वारदात कोर्ट के ठीक सामने सड़क के पार रमना मैदान गाड़ी स्टैंड के गेट के समक्ष हुई। इस स्टैंड में ही वकीलों, मुद्दई-मुदालयों व गवाहों की गाड़ियां खड़ी की जाती है। अपराधियों का निशाना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी गोपाल चौधरी था। इसलिए अपराधियों ने गोपाल को सटकर गोली मारी, अन्यथा फायरिंग में अन्य लोगों को भी गोली लग सकती थी। हमले में गोपाल को गर्दन के पास गोली लगी है। वह स्वर्गीय डिग्री चौधरी के 62 वर्षीय पुत्र है। गोपाल भी दागी चरित्र का बताया जा रहा। वह हत्याकांड में आरोपी था। वह अपने पुत्र गौतम के साथ कोर्ट से बाहर निकल रहा था। वारदात की वीडियो फुटेज भी वायरल हुई है। घायल गोपाल के पुत्र गौतम ने बताया कि हेमंत चौधरी हत्याकांड में मेरे पिताजी को आरोपी बनाया गया है। उसी केस में तारीख पर कोर्ट आये थे। कोर्ट में कार्य समाप्त होने के बाद मैं और पिताजी बाहर निकले। तभी 5-6 बदमाश फायरिंग करने लगे। पिताजी को गोली मार दिया। लोगों की मदद से घायल गोपाल चौधरी को इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया।

# ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर के लिए किया सड़क जाम

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी स्थित बागर मोड़ के पास बिजली ट्रांसफार्मर नहीं बदले पर शुक्रवार को ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। ग्रामीणों ने आरा-सासराम मुख्य मार्ग बागर मोड़ के समीप सड़क जामकर विरोध-प्रदर्शन किया। सड़क जाम और हंगामे के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। जाम के दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली विभाग गड़हनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जाम की सूचना मिलने के बाद चरपोखरी थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने में जुट गए।



**बार-बार ट्रांसफार्मर जल जाता:** ग्रामीणों ने बताया कि पिछले पांच सालों से 300 कंज्यूमर, चार से पांच बड़े आटा मिल, चावल मिल है। इसी ट्रांसफार्मर से पांच दुकानों में वेल्डिंग मशीन चलती है। जिसके कारण बार-बार ट्रांसफार्मर जल जाता है। गांव की जनता ने बिजली विभाग को दो ट्रांसफार्मर लगाने के लिए एक आवेदन भी दिया था, जिसमें 250 से ज्यादा कंज्यूमर ने आवेदन में हस्ताक्षर किया था। बावजूद भी बिजली विभाग के अधिकारी की तरफ से कोई पहल नहीं की जा रही।

अत्यधिक लोड होने के कारण तीन दिनों से ट्रांसफार्मर जला हुआ है। जिसकी सूचना बिजली विभाग के अधिकारियों को दी गई है। अभी तक ना ही ट्रांसफार्मर बदला गया है ना ही कोई आश्वासन की कब तक ट्रांसफार्मर को बदल दिया जाएगा। बिजली विभाग के अधिकारी ना ही फोन उठाते है ना ही समस्या का समाधान करते है। उपभोक्ताओं ने कहा कि ट्रांसफार्मर जल जाने से करीब 300 उपभोक्ता प्रभावित हैं।

### हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**आरा।** भोजपुर पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र के गांगी-भलुहीपुर बांध पर घेराबंदी कर हेरोइन तस्करी कर रहे तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्करों में पटना जिले के दानापुर नया टोला निवासी पिंकू कुमार, गौसगंज आरा निवासी राहुल कुमार और विकास कुमार शामिल हैं। इनके पास से करीब 100 पुड़िया हेरोइन, एक स्कूटी और तीन मोबाइल जब्त किया गया है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-34-2023-24, दिनांक 26.02.2024;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, पहली मंजिल, डीआरएम कार्यालय, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-34-2023-24, कार्य का नाम:** पीएसआई/एसपीआर, पीएसआई/एनकेजी एवं पीएसआई/एनएच के क्षेत्राधिकार के अधीन बजबज-नैहाटी अनुभाग में पुरानी, अत्यंत पुरानी पीएसआई सम्पत्तियों के पुनरुद्धार के संबंध में 25 केवी पीएसआई एवं संबंधित विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 8,03,33,667; **बयाना राशि:** रु. 5,51,700; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तारीख से 12 (बारह) महीने। **बंद होने की तारीख:** 02.04.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा सूचना का विस्तृत विवरण तथा समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
(SDAH-395/2023-24)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**सं. एस.4/एस/डीएपी/2023-24, दिनांक: 28.02.2024. पूर्व रेलवे के मार्च 2024 महीने के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम की विज्ञप्ति में संशोधन।** ऊपरोक्त के संदर्भ में, मालदा मंडल के लिए मार्च, 2024 महीने हेतु ई-नीलामी में नीचे उल्लेखित आंशिक बदलाव किए गए हैं: **मालदा मंडल की नीलामी की वर्तमान तारीख:** 13.03.2024, 20.03.2024 एवं 28.03.2024। **मालदा मंडल की नीलामी की संशोधित तारीख: 13.03.2024, 18.03.2024, 22.03.2024 एवं 28.03.2024।** अन्य सभी निर्देशावलियां अपरिवर्तित रहेंगी। (STORES-74/2023-24)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


### 2 से 15 मार्च तक बनाया जाएगा आयुष्मान कार्ड

**आरा।** आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए लोगो को जागरूक करने के लिए जागरूकता जागरूकता वाहन को डीएम राजकुमार, एसपी प्रमोद कुमार व सिविल सर्जन डॉ केएन सिन्हा ने रवाना किया। सिविल सर्जन डॉ केएन सिन्हा ने बताया कि जिला में 21 लाख आयुष्मान कार्डधारक बनाना है। जिसके तहत सभी राशन कार्ड धारी को आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। आयुष्मान कार्ड 2 से 15 मार्च तक बनाने का समय निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने पहले दिन कम से कम 15000 कार्ड हर केंद्र पर बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है, इसके लिए करीब 140 केंद्र बनाये गए है। भीड़ को देखते हुए लोगों से अपील की गई है कि समय सिर्फ 15 दिन ही है, इसलिए भीड़ होने की आशंका है।

### पांच आरोपियों पर जिला जज ने जारी किया नोटिस

**आरा।** बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा 3 (3) के तहत न्यायालय जिला दंडाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी ने पांच बदमाशों पर नोटिस निर्गत किया है। इनमें अजय कुमार, पिता-गया प्रसाद उर्फ गया पासवान आरा शहर में श्री टोला का निवासी है। अन्य आरोपियों में आरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र का सलेमपुर निवासी मुन्ना दुबे उर्फ़ शिव शंकर दुबे, धोबहां थाना के हेतमपुर निवासी झवरी सिंह पिता स्वर्गीय रामचंद्र सिंह, आरा नवादा थाना क्षेत्र में बहारों लख निवासी बंटी पासवान पिता-कमल पासवान और आरा टाउन थाना क्षेत्र में शीतल टोला निवासी धनंजय यादव पिता-स्वर्गीय बहादुर यादव है।


**पूर्व मध्य रेल**

**अधिसूचना**

पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 05 स्टेशनों 1. ऊँटारी रोड, 2 करवन्दिया 3. कष्ठा 4 मुठानी एवं 5. गंजख्वाजा के स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एसटीबीए) की चयन हेतु अधिसूचना।
वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के एन.एस.जी.–6 श्रेणी के 05 स्टेशनों 1. ऊँटारी रोड, 2 करवन्दिया 3. कष्ठा 4. मुठानी एवं 5. गंजख्वाजा के लिए कमीशन बेसिस पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एसटीबीए) के चयन हेतु 03 (तीन) वर्षो के लिए आवेदन आमंत्रित की जाती है।
**अधिसूचना संख्या–**काम/एसटीबीए/डी.डी.यू./24, दिनांक–28.02.2024
**1. कार्य का नाम एवं विवरण:** पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के एन.एस.जी.–6 श्रेणी के 05 स्टेशनों 1. ऊँटारी रोड, 2. करवन्दिया 3. कष्ठा 4. मुठानी एवं 5. गंजख्वाजा पर एसटीबीए का चयन, **2. कार्य की अवधि:** (03) तीन वर्ष, **3. अग्रधन राशि:** एन.एस.जी.–6 श्रेणी के लिए रू. 2000/– प्रति आवेदक, **4. आवेदन पत्र गिराने की तिथि, समय एवं स्थान :** आवेदन पत्र बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक, कोरियर, साधारण डाक अथवा स्वयं हाथो हाथ जमा करने की अंतिम तिथि 20.03.2024 तक कार्यालय अवधि 11.00 बजे से 17.00 बजे तक मंडल रेल प्रबंधक/वाणिज्य, पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय के प्राप्ति अनुभाग में दे। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जायेगा। बंद लिफाफा दिनांक 20.03.2024 को 17.30 बजे खोले जायेंगे, **5. वेबसाईट का पता– जिससे आवेदन का प्रारूप एवं संबंधित अन्य सभी विवरण प्राप्त किया जा सकता:** www.ecr.indianrailways.gov.in (Division-DDU, department-commercial) पर उपलब्ध है। **नोट:–** सक्षम अधिकारी किसी भी आवेदन या सभी आवेदनो को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
पीआर/02415/डीडीयू/सीओएमएल/एन/23–24/56 — कृते मंडल रेल प्रबंधक (वा.)/पूर्व मध्य रेल/डी.डी.यू.

**डिब्रुगढ़–देवघर–डिब्रुगढ़ साप्ताहिक एक्सप्रेस आरंभ किया जाना**

देवघर और डिब्रूगढ़ के बीच एक नई ट्रेन अर्थात 15926/15925 **डिब्रुगढ़–देवघर–डिब्रुगढ़ साप्ताहिक एक्सप्रेस** शुरू की गई है। इस ट्रेन की नियमित सेवा **डिब्रुगढ़ से दिनांक** 05.03.2024 **(मंगलवार)** से और **देवघर से दिनांक** 07.03.2024 **(बृहस्पतिवार)** से शुरू होगी। संक्षिप्त समयसूची, ठहराव और गठन निम्नानुसार हैं:

| डिब्रुगढ़–देवघर साप्ताहिक एक्सप्रेस | | | (15926) (15925) | देवघर–डिब्रुगढ़ साप्ताहिक एक्सप्रेस | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| मंगल | – | **23.30** | ↓ डिब्रुगढ़ | **23.00** | – | शुक्र |
| बुध | 09.50 | 09.55 | रंगिया जं. | 13.50 | 13.55 | |
| | 18.05 | 18.15 | न्यू जलपाईगुड़ी | 06.40 | 06.50 | |
| | 21.20 | 21.35 | कटिहार जं. | 03.20 | 03.35 | |
| बृहस्पति | 01.20 | 01.25 | मुंगेर | 00.10 | 00.15 | |
| | 02.35 | 02.45 | भागलपुर | 22.30 | 22.40 | बृहस्पति |
| | 04.15 | 04.17 | हंसडीहा | 20.52 | 20.54 | |
| | **06.00** | – | देवघर ↑ | – | **20.05** | |

उपर्युक्त ट्रेन मार्ग में दोनों दिशाओं में धेमाजी, उत्तर लखिमपुर, हारमती, विश्वनाथ चारआली, रंगापाड़ा नार्थ, उदालगुड़ी, नलबाड़ी, बरपेटा रोड, न्यू बंगाईगांव, कोकराझार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू कूचबिहार, जलपाईगुड़ी रोड, आलुआबाड़ी रोड, किशनगंज, बारसोई जं., नवगछिया, खगड़िया जं., बरियारपुर, सुलतानगंज, मंदार हिल और मोहनपुर स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवगामन के दिन: 15926** डिब्रुगढ़ से : दिनांक 05.03.2024 से प्रत्येक मंगलवार, **15925** देवघर से : दिनांक 07.03.2024 से प्रत्येक बृहस्पतिवार, **गठन:** वाता. 2-टीयर-2, वाता. 3-टीयर-6, शयनयान श्रेणी-7, द्वितीय श्रेणी (एलएस) - 4, एलएसएलआरडी- 1 और पावर कार -1 = 21 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**15925 देवघर–डिब्रुगढ़ साप्ताहिक एक्सप्रेस** की बुकिंग दिनांक **03.03.2024** से पीआरएस काउंटरों और इंटरनेट के माध्यम से उपलब्ध होगी।

सीसीएम/पीएम — सीपीटीएम

**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**कार्यालय जिला परिषद, औरंगाबाद**

बिहार सरकार

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या E-Tender - 2/2023-24/ZPABAD
( e-tendering on website – eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियन्ता, जिला परिषद, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांकः– 29.02.2024
3. निविदा कागजात डाउनलोड करने की तिथि : दिनांक :– 13.03.2024
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक 20.03.2024 के 03.00 PM तक (on website– eproc2.bihar.gov.in)
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि/समय : दिनांक 28.03.2024 के **03.30 PM** के बाद (on website- eproc2.bihar.gov.in)
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय : तकनीकी बीड के निर्णय उपरान्त (on website- eproc2.bihar.gov.in)
7. अग्रधन, सभी शपथ पत्र (मूल में) एवं Existing commitment (मूल मे) एवं परिमाण विपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक जमा करने की अंतिम तिथि/समय एवं स्थान : दिनांक– 28.03.2024 के 15.00 बजे तक **स्थान–** (क) जिला परिषद कार्यालय, औरंगाबाद।
8. कार्य का विवरण

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य बीड प्रोसेसिंग की अप्रत्यर्पणीय (रू0 में) | Bid Processing Fee (Through online Payment) अप्रत्यर्पणीय | कार्य समाप्ति की अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पंचम राज्य वित् आयोग (GRANT FUND) | | | | | | | |
| 1 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत जिला परिषद की डाकबंगला का निर्माण। | 7602202.00 | 153000.00 | 10000.00 | As per Beltron | 9 month | |
| 2 | रफीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत जिला परिषद की डाकबंगला का निर्माण। | 7704862.00 | 155000.00 | 10000.00 | As per Beltron | 9 month | |
| 15वें वित् आयोग (स्वास्थ्य उप केन्द्र) | | | | | | | |
| 3 | प्रखण्ड हसपुरा के ग्राम डिंडिर में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का भवन निर्माण। | 6525390.00 | 131000.00 | 10000.00 | As per Beltron | 9 month | |
| 4 | प्रखण्ड रफीगंज के ग्राम विश्म्भरपुर में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का भवन निर्माण। | 6529772.00 | 131000.00 | 10000.00 | As per Beltron | 9 month | |

1. विशेष जानकारी के लिए विभागीय वेवसाईट eproc2.bihar.gov.in अथवा **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देख जा सकता हैं। तथा मो0 **1800 572 6571** एवं **eproc2.support@bihar.gov.in** पर सुबह 8.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता हैं।

PR. No. 018628 (B&C) 2023-24 — जिला अभियन्ता, जिला परिषद, औरंगाबाद

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

Govt. of Bihar

**Public Health Engineering Department**
**Public Health Engineering Division, Aurangabad**
**RE-TENDER NIT No –25 R1/2023-24 (SBF)**
**National Competitive Bidding**
(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Designation and Address of Advertiser | Executive Engineer P.H. Division, Aurangabad |
| 2 | Date of issue of Tender Notice | 29.02.2024 |
| 3 | Period of sale (downloading) of tender Bid Document | 13.03.2024 to 22.03.2024 up to17:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in |
| 4 | Date, time & place of pre-bid meeting | 16.03.2024 at 11.30 hrs. hrs in the Office of Executive Engineer, P. H. Division, Aurangabad |
| 5 | Last date and time of receipt (uploading) of tender | 22.03.2024 up to 17:00 Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 6 | Last date and time of submission of hard copy of EMD (in original). | 23.03.2024 up to 15:00 hrs in the Office of Executive Engineer of concerned P.H. Division. A . Executive Engineer P.H. Division Aurangabad B. Superintending Engineer P.H. Circle Sasaram C. Zonal Chief Engineer, Patna Zone, Patna |
| 7 | Date and time of opening of technical bid | 23.03.2024 at 16:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 8 | Date and time of opening of financial bid | To be informed later after the approval of technical bid. |
| 9 | **Name of Work:** Design, Construction, Supply, Testing and Commissioning of Piped Water Supply Schemes for habitations left out under "Har Ghar nal Ka Jal" nischay yojna in areas having ground water quality issues; with Electric Driven Pumps and **Fluoride** Removal Treatment Plant having Technology (Adsorption/ Ion exchange/ Membrane/ Nano Technology/ etc.) certified by CSIR or any other institute of national repute. In the District of ***Aurangabad***, Bihar on turn -key basis with 6 months Trial Run Period and Comprehensive Operation and Maintenance of 60 months under Mukhyamantri Grameen Peyjal Nishchay Yojna (Quality Affected). | |

| Group No. | Block | Panchayat | Ward | Habitation | No. of Schemes in group | Estimated Cost (Rs in Lakh) | Earnest Money (Rs in Lakh) | Cost of Tender Document (Non-Refundable) (in Rs) | BSEDC Bid Processing Fee (in Rs) | Completion Period (In Month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Kutumba (Q) | Dumari | 1 | Dihri | 6 | 250.24 | 5.01 | 10000 | 3540 | 6 month |
| | | | 2 | Ghughi Bihga | | | | | | |
| | | | 4 | Bhukhan Bigha (Mishra Bigha) | | | | | | |
| | | | 9 | Majholi | | | | | | |
| | | | 10 | Sighna Bhuiya Bigha | | | | | | |
| | | Pipra Bagahi | 8 | Dwar Bigha | | | | | | |

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

PR. No. 018643 (PHED) 2023-24 — **Executive Engineer P.H. Division, Aurangabad**

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 334_2023-2024, दिनांक 29.02.2024,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी/हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा **सीनि. डीईएन/एचक्यू/हावड़ा** के अधीन नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का विवरण:** एईएन/एचक्यू/हावड़ा के अधीन रिवर साइड ब्रांच, सेंट्रल ऑफिस, हावड़ा-1 एवं 2 तथा हावड़ा में ईआरएमयू के प्रेम कार्यालय का सम्पूर्ण नवीनीकरण, मरम्मत, सी.आई. शीट, दरवाजों, खिड़कियों का बदलाव, फर्श को ऊंचा करना तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों का निष्पादन। **अनुमानित लागत:** रु. 54,47,173.59; **बयाना राशि:** रु. 1,09,000; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** 0.00। **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 04 (चार) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 26.03.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
(HWH-522/2023-24)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं. 317_2023-24, दिनांक 29.02.2024;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा (सीनि. डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्राधिकार के लिए) नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का विवरण:** एसएसई/पी. वे/लिलुआ के अधीन (मेन लाइन 6/0-21/10, कॉर्ड लाइन 6/0-10/0, वर्कशॉप लिलुआ, लिलुआ-बेलूड़ माठ लाइन) पी. वे रखरखाव कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 1,55,28,560.25; **बयाना राशि:** रु. 2,27,700; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 21.03.2024 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
(HWH-521/2023-24)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: एफ/पीडी/जेजे/08/एसपीएल/07/आरटी, दिनांक 28.02.2024.** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे रेल इंजन कारखाना, पूर्व रेलवे, जमालपुर, जिला मुंगेर, बिहार, पिन-811214 द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अंदर निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए पर्याप्त वित्तीय एवं तकनीकी संसाधन के साथ प्रमाणित अनुभव एवं क्षमता रखने वाले इच्छुक निविदादाताओं से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा केस सं.: एफ/पीडी/जेजे/08/एसपीएल/07/आरटी। कार्य का नाम:** जेएमपी-जैक चालू करने के साथ परिवहन, मात्रा: 105 सेट यानी 525 अदद, क्षमता-25 टन तथा मात्रा-15 सेट यानी 75 अदद क्षमता-35 टन। **मात्रा:** 105 सेट यानी 525 अदद, क्षमता-25 टन तथा 15 सेट यानी 75 अदद क्षमता-35 टन। **निविदा मूल्य :** रु. 1,35,78,341.80; **बयाना राशि :** रु. 2,17,900/-। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य (जीसीसी, अप्रैल 2022 के पार्ट-1 के कार्यों के लिए अनुच्छेद-3 निविदाओं के अनुसार)। **कार्य समापन अवधि:** 24 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 22.03.2024 को अपराह्न 4.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। निविदा दस्तावेज वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेगा। नेट बैंकिंग अथवा आईआरईपीएस साइट पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे के जरिए बोली सुरक्षा का भुगतान किया जाना चाहिए। ई-निविदा प्रस्ताव के साथ बोली सुरक्षा के भुगतान के दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न किया जा सकता है। **समतुल्य प्रकृति का कार्य:** फर्म के पास जेएमपी जैक के उपकरणों की आपूर्ति/जेएमपी-जैक के चालू करने/जेएमपी-जैक की मरम्मत कार्य का अनुभव होना चाहिए। भारतीय रेल अथवा पीयूएस अथवा केंद्र/राज्य सरकार के प्रतिष्ठान अथवा पब्लिक लिस्टेड कंपनी/ट्रस्टों, जिसका औसत वार्षिक टर्नओवर रु. 500 अथवा अधिक है, की किसी भी इकाई में निष्पादित उपरोक्त कोई एक अथवा एकाधिक कार्य पर विचार किया जाएगा।
(MISC-264/2023-24)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# महंगाई और प्रति व्यक्ति खर्च बढ़ना एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था की निशानी

अर्थव्यवस्था के तेज विकास और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के दावों के बीच हकीकत यह है कि पिछले बारह-तेरह सालों में लोगों का घरेलू खर्च बढ़ कर दोगुने से अधिक हो गया है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के ताजा घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के मुताबिक मौजूदा कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति औसत घरेलू खर्च 2011-12 के 2,630 रुपए से बढ़ कर 2022-23 में दोगुने से अधिक यानी 6,459 रुपए हो गया है।

इसी तरह ग्रामीण इलाकों में यह 1,430 रुपए से बढ़कर 3,773 रुपए हो गया है। इसमें यह भी जाहिर हुआ है कि गैर-खाद्य वस्तुओं पर खर्च बढ़ा है, जबकि खाद्यान्न पर खर्च पहले की तुलना में कम हुआ है। फलों, सब्जियों, दूध, मछली, खाद्य तेल आदि पर खर्च बढ़ा है। इसी तरह शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन, वस्त्र और दूसरी जरूरी उपभोक्ता वस्तुओं पर खर्च बढ़ा है। इसकी एक वजह तो यह बताई जा रही है कि कोविड के समय शहरों से गांवों की तरफ लौटे लोगों के कृषि क्षेत्र में समाहित हो जाने से उस क्षेत्र का औसत उपभोग खर्च बढ़ा है। मगर यही तर्क शहरी खर्च बढ़ने पर लागू नहीं होता। यह तब है, जब सरकार लगातार महंगाई पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। इन आंकड़ों के समांतर दावा यह भी है कि गरीबी में पांच फीसद की कमी आई है। बहुआयामी गरीबी से करीब तेईस करोड़ लोगों के बाहर निकलने का आंकड़ा भी कुछ दिनों पहले चर्चा में था। इन सबके बीच एक तथ्य यह भी है कि प्रति व्यक्ति आय में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति मासिक आय भी लगभग उतनी ही है, जितना प्रति व्यक्ति मासिक खर्च है। मगर इससे प्रति व्यक्ति आय और प्रति व्यक्ति खर्च का समीकरण संतुलित नहीं होता। ज्यादातर परिवारों में एक ही व्यक्ति कमाने वाला होता है, जबकि उस पर निर्भर औसतन तीन लोग होते हैं। इन्हीं आंकड़ों के बीच सरकार का दावा है कि वह बयासी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराती है। यानी प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू व्यय के औसत में इस आबादी का हिस्सा भी शामिल है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि चूंकि यह सर्वेक्षण ग्यारह सालों बाद आया है, इसलिए इसमें प्रति व्यक्ति खर्च ऊंचे स्तर पर नजर आ रहा है। महंगाई और प्रति व्यक्ति खर्च बढ़ना एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था की निशानी माना जाता है।

मगर इसके साथ-साथ प्रति व्यक्ति आय में भी समतुल्य बढ़ोतरी दर्ज होना आवश्यक है। विचित्र है कि प्रति व्यक्ति आय उस अनुपात में नहीं बढ़ रही है, जिस अनुपात में महंगाई और घरेलू खर्च बढ़ रहा है। इसकी बड़ी वजह रोजगार के नए अवसर सृजित न हो पाना और कोविड के दौरान बाहर हुए लोगों का वापस रोजगार में न लौट पाना है। जो लोग कृषि क्षेत्र में समाहित हो गए हैं, उन्हें भी दैनिक मजदूरी उपलब्ध नहीं हो पाती।

कृषि क्षेत्र खुद कई संकटों से गुजर रहा है। मौसम की मार से फसलों के बर्बाद होने और लागत के अनुपात में फसलों की वाजिब कीमत न मिल पाने की वजह से इस क्षेत्र में मजदूरी घटी है। मनरेगा जैसे कार्यक्रमों में भी काम सौ दिन से घट कर मुश्किल से साल में साठ दिन ही मिल पाता है। ऐसे में अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं कि घरेलू खर्च बढ़ने से लोगों को किन मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

# देश की समृद्धि का एक और संकेत

भारतीय परिवारों के मासिक खर्च का औसतन लेखा-जोखा बताने वाले पारिवारिक उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 के आंकड़े समद्ध होते भारत के संकेत देते हैं। राष्ट्रीय सैंपल सर्वेक्षण कार्यालय, यानी एनएसएसओ द्वारा जारी इस रिपोर्ट में बताया गया है कि महंगाई से तुलनात्मक अध्ययन न किए जाने के बावजूद, यानी 'रियल टर्म' में भी पिछले दस वर्षों में भारतीय परिवारों की दशा सुधरी है। 2011-12 में शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति उपभोग खर्च औसतन 2,630 रुपये मासिक था, जो बढ़कर 3,510 रुपये हो गया है। इसी तरह, ग्रामीण क्षेत्र में इसमें करीब 600 रुपये की वृद्धि हुई है और यह 2011-12 के 1,430 रुपये की तुलना में बढ़कर 2,008 रुपये हो गया है।

यह सर्वे ढाई लाख से अधिक परिवारों पर किया गया था, जिनमें से करीब डेढ़ लाख घर ग्रामीण इलाकों के थे, जबकि एक लाख से अधिक शहरी भारत के। इसमें एक अच्छी बात यह भी पता चली हैकि खाद्य पदार्थों पर हमारा खर्च पहले की तुलना में कम हुआ है, और हम कपड़े, टीवी, मनोरंजन आदि मदों पर ज्यादा खर्च करने लगे हैं। यह रिपोर्ट कहती है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खाने-पीने की चीजों पर हमारा प्रति व्यक्ति उपभोग खर्च औसतन 46 प्रतिशत मासिक है, जबकि शहरों में 39 प्रतिशत। शायद यही वजह है कि देश में गरीबी के घटने की मुनादी भी की जा रही है। हालांकि, गरीबी की हकीकत जाननेके लिए हमें कुछ अन्य आंकड़ों की भी दरकार है।

एनएसएसओ की इस रिपोर्ट में मोटा-मोटा अनुमान लगाया गया है। गरीबी की पूरी तस्वीर जानने के लिए इसे और स्थानीय बनाना होगा, यानी व्यक्तिगत आंकड़े भी पता करने होंगे। तभी जानकारी हो सकेगी कि गरीबी कहां कम हुई है और कहां नहीं। इसी तरह, इसमें घरेलू बजट को प्रतिशत में जरूर बताया गया है, लेकिन हमें यह भी पता करना होगा कि कहीं बढ़ती महंगाई से इसका सीधा संबंध तो नहीं। मुमकिन है कि उत्पादों के दाम बढ़ रहे हों, जिसके कारण उपभोग कम होने के बावजूद खर्च ज्यादा दिख रहा हो। इसे ऐसे समझ सकते हैं कि यदि खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ जाएं, तो हमारा खर्च बेशक बढ़ेगा,



लेकिन इसका यह अर्थ नहीं निकलेगा कि हमारा उपभोग भी बढ़ गया है। यानी, खपत होने वाले उत्पादों की मात्रा के आधार- आंकड़े सामने आने पर गरीबी कम होने का पता चल सकेगा। इसी से जुड़ा है, स्वास्थ्य और आवागमन पर खर्च। हमें नहीं पता कि ये खर्च क्यों बढ़े? क्या इसकी वजह स्वास्थ्य सेवाओं का महंगा होना या कमाने के लिए दूर तक यात्रा करना तो नहीं?

एक और चीज इन सबसे जुड़ी है, वह है, गरीबी की मानक परिभाषा। आज यह तय करना निहायत जरूरी है कि वर्तमान समय में हमें कितना उपभोग करना चाहिए कि हम गरीबी-रेखा से ऊपर चले जाएं। स्थान व समय के हिसाब से यह मानक बदलता रहता है। मसलन, पहाड़ी इलाकों में जीने की बुनियादी जरूरतें मैदानी इलाकों से अलग होंगी। अमेरिका में तो प्रति व्यक्ति आय हमसे तकरीबन 30 गुना अधिक है, फिर भी अमेरिकी समाज के हिसाब से वहां गरीब हैं, क्योंकि वहां की जरूरत गरीबी को अलग रूप में परिभाषित करती है। इसी कारण, विश्व बैंक की गरीबी-रेखा की परिभाषा बदलती रहती है। पिछले साल उसने रोजाना 1.9 डॉलर से अधिक कमाने वाले को गरीबी के दायरे से बाहर रखा था, इस साल उसने आमदनी की इस सीमा को बढ़ाकर 2.15 डॉलर रोजाना कर दिया है। हम भी साल 1962 या 1993 की परिभाषा के अनुसार आज की गरीबी तय नहीं कर सकते।

आज बेशक किसी रिक्शा वाले के हाथ में मोबाइल दिख जाता हो, लेकिन उसको गरीब न मानना मुश्किल है। लिहाजा, भारतीय परिस्थितियों के संदर्भ में गरीबी की आदर्श परिभाषा यह होनी चाहिए कि जिस व्यक्ति का खान-पान, वेश-भूषा आदि अच्छा हो, जिसके पास घर हो और अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं तक जिसकी पहुंच हो, वह गरीब नहीं है। इसके अलावा, हमें उपभोग की असमानता दूर करने के बजाय आय असमानता घटाने पर जोर देना चाहिए, क्योंकि उपभोग की तुलना में आय में गैर-बराबरी ज्यादा होती है। समृद्धि का भी यही हाल है, क्योंकि बचत वही करते हैं, जिनकी आमदनी अधिक होती है। लिहाजा, उपभोग के आंकड़ों से ही यह सब तय नहीं हो सकता, क्योंकि बुनियादी चीजों की खपत अमीर और गरीब, सभी करीब-करीब बराबर मात्रा में करते हैं।

सवाल है, आगे की हमारी रूपरेखा क्या होनी चाहिए? हमें अब कैसे कदम उठाने चाहिए, ताकि समृद्ध होते भारत की राह और आसान हो सके? इसके लिए सबसे पहले बेरोजगारी दर को कम करने का प्रयास होना चाहिए। किसी एक व्यक्ति को रोजगार न मिल पाने का नुकसान उसके पूरे परिवार को उठाना पड़ता है। अगर हर हाथ को काम मिलने लगेगा, तो परिवार की आमदनी बढ़ेगी, जिससे उपभोग में भी तेजी आएगी। हमें विशेषकर शिक्षित नौजवानों को काम देना चाहिए। इसमें भी महिलाओं को रोजगार देना बहुत जरूरी है, क्योंकि उनके हाथों में पैसे आने से घर तुलनात्मक रूप से अधिक समृद्ध बनता है।

जरूरी यह भी है कि सूक्ष्म व लघु उद्योग क्षेत्र की दिक्कतों को जल्द दूर किया जाए। इन क्षेत्रों में रोजगार-सृजन की संभावना अधिक होने के कारण यहां ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है। इसी तरह, खेती-किसानी से बाहर निकलने वाले खेतिहर मजदूरों का भी हमें ध्यान रखना होगा। इसके लिए ग्रामीण रोजगार गारंटी जैसी योजनाओं का बजट बढ़ाया जाना चाहिए, ताकि उनको अपने घर के आस-पास काम मिल सके।

हमारी नीतियां अधिकाधिक रोजगार पैदा करने के लिए बननी चाहिए। आम बजट में उन मदों पर खर्च अधिक किया जाना चाहिए, जिनसे कामगारों को लाभ मिलता है। पूंजीगत बाजार पर बेशक ध्यान देना चाहिए, लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे खर्च भी हमें बढ़ाने चाहिए। इसमें संतुलन इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई) का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है और इससे रोजगार प्रभावित होने का अंदेशा जताया जा रहा है। हमें शोध एवं अनुसंधान पर भी अधिक संजीदा होना चाहिए, ताकि हमारा श्रमिक-बल नई प्रौद्योगिकियों के साथ बेहतर कदमताल कर सके। कुल मिलाकर, समग्र प्रयास आवश्यक है, तभी देश से गरीबी उन्मूलन का लक्ष्य भी हम जल्द पा सकेंगे।

# राजनेताओं की दलगत निष्ठा और दलबदल कानून की प्रासंगिकता सवालों के घेरे में

राज्यसभा के ताजा चुनाव में, खासकर उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में, जिस तरह विधायकों के दल की सीमा लांघ कर मतदान करने की खबरें आई, उससे एक बार फिर राजनेताओं की दलगत निष्ठा और दलबदल कानून की प्रासंगिकता पर सवाल गहरे हुए हैं। हालांकि इससे विपक्षी गठबंधन के भविष्य को लेकर भी अटकलबाजियों को बल मिला है। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के कुछ विधायकों ने भाजपा के प्रत्याशी को मतदान किया, तो कुछ उसके समर्थन में मतदान से अनुपस्थित रहे।

हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस के कुछ विधायकों के भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के दावे किए जा रहे हैं। दोनों जगह विधायकों के इस तरह दगा करने के पीछे मुख्य वजह पार्टी आलाकमान से नाराजगी बताई जा रही है। उत्तर प्रदेश में तो समाजवादी पार्टी प्रमुख के सबसे भरोसेमंद और पार्टी के मुख्य सचेतक ही बाड़बंदी तोड़ कर भाजपा के पाले में चले गए। कुछ दिनों पहले ही उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस ने मिल कर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। मगर राज्यसभा चुनाव में इस तरह सपा विधायकों के मतभेद उभरने और एक तरह से खुल्लमखुल्ला बगावत से लोकसभा चुनाव में पार्टी पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के आकलन गलत नहीं कहे जा सकते।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस की स्थिति मजबूत है, भाजपा और उसकी सीटों का अंतर भी काफी है, इसलिए वहां कोई खतरा नहीं माना जा रहा था। मगर हकीकत यह भी है कि वहां शक्ति के कई केंद्र बन चुके हैं। मगर उत्तर प्रदेश में विधायकों का असंतोष किसी पद को लेकर नहीं, बल्कि पार्टी अध्यक्ष के व्यवहार से उपजा अधिक जान पड़ता है। जैसा कि कुछ विधायकों ने जाहिर भी किया कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का रुक्ष व्यवहार उन्हें खटकता है। उनके सबसे करीबी माने जाने वाले और पार्टी के मुख्य सचेतक ने पत्र लिख कर राज्यसभा चुनाव में अपनी जिम्मेदारी से मुक्ति की प्रार्थना की थी। बताया जा रहा है कि वे भाजपा में शामिल होने वाले हैं। राजनीतिक दलों के संचालन में मुखिया का व्यवहार बहुत मायने रखता है। अगर अखिलेश यादव अपने नेताओं और साथी संगठनों को साथ लेकर चल पाने में असमर्थ साबित हो रहे हैं, तो यह उनकी पार्टी के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता। हालांकि राज्यसभा चुनाव में दलीय बाडबंदी को धता बताते हुए दूसरे दल के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करना कोई नई बात नहीं है। कई विधायक दूसरे दल के प्रत्याशी को इसलिए भी मतदान कर देते हैं कि उससे उनके अच्छे संबंध होते हैं। हिमाचल प्रदेश में यह गणित भी काम आया। मगर इस तरह राजनेताओं की निष्ठा तो प्रश्नांकित होती ही है।

न केवल पार्टी के प्रति, बल्कि उन मतदाताओं के प्रति भी, जिनके मतदान से उन्होंने विजय हासिल की है। इसी प्रवृत्ति पर रोक लगाने के मकसद से दलबदल कानून बना था, मगर उसकी काट अक्सर निकाल ली जाती है। महाराष्ट्र और गोवा इसके सबसे बड़े उदाहरण हैं, जहां दूसरी पार्टी से चुनाव जीत कर आए विधायक उन्हीं दलों से हाथ मिला कर सरकार में शामिल हो गए, जिसके खिलाफ चुनाव लड़े थे। ऐसे मामलों में न तो पार्टियां कुछ कर पाती हैं और न चुनाव आयोग कोई ठोस रास्ता निकाल पाता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5297

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 6 | 9 | | | | | |
| 2 | | | | 8 | | | | 5 |
| | | | 1 | | 6 | 8 | | |
| | 2 | 7 | 4 | | 1 | | 9 | |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | 8 | 7 | 3 | |
| | | 2 | 8 | | 5 | | | |
| 1 | | | | 3 | | | | 6 |
| | | | | | 9 | 2 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5296

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 |

## आज का राशिफल

### मेष
आप जनता के प्रिय बनेंगे। लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे। आप में एक विशेष आकर्षण रहेगा। पिता के आशीर्वाद से आपको ऑफिस में सम्मानित किए जाने की संभावना है। शाम के समय सेहत में गिरावट आ सकती है और आपको दौड़भाग करनी पड़ सकती है। शाम के समय माता को भी शारीरिक कष्ट हो सकता है।

### वृष
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। आज किसी मामले में निर्भीक होकर आप फैसला करेंगे। आप निर्भयता से अपने कार्यों को सम्पन्न करने में सक्षम रहेंगे। जीवन साथी के साथ आज बहुत मधुर संबंध रहेंगे। अच्छे वाहन द्वारा यात्रा होगी और आज आपको कारोबार के मामले में लाभ होगा।

### मिथुन
आज लाभ का दिन है और आपके अंदर परोपकार की भावना बढ़ेगी। आज आपका अधिक समय धार्मिक कार्य में बीतेगा। आत्मविश्वास के बल पर किए गए कार्य में सफलता प्राप्त होगी। पुराने रुके हुए कार्य थोड़ा खर्च करने से बन सकते हैं। नई योजनाओं पर आज काम शुरू होगा।

### तुला
आज आर्थिक लाभ होगा और भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। पिछले कुछ दिनों से चल रहे कार्य सफल होंगे और आपको धन के मामले में लाभ होगा। संतान से शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। परिवार के लोगों से आपको हर प्रकार का सहयोग मिलेगा। वाणी पर संयम रखें तो आपको हर कार्य में लाभ होगा।

### वृश्चिक
आज आर्थिक लाभ होगा और यदि आप किसी कार्य में मेहनत कर रह थे तो उसमें सफलता प्राप्त होगा। यदि आप विद्यार्थी हैं तो आपको लाभ होगा और शिक्षा प्रतियोगिता शैक्षणिक दिशा में परिवर्तन होगा। शिक्षा की ओर आपकी रुचि बढ़ेगी और आपको सम्?मान मिलेगा।

### धनु
आज दिन शुभ है। आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष एवं पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में गुप्त शत्रु चुगली करेंगे जिससे शाम के समय परेशानी हो सकती है।

### कर्क
आज का दिन हर काम को बहुत ही सावधानी से करने का है। इस बात का ध्यान रखें कि आपकी कोई बात सामने वाले को बुरी न लगे। औपचारिकता में बिल्कुल भी न उलझें और मन लगाकर अपने काम को पूरा करें। यदि आपका धन कहीं रुका हुआ है तो आज मिल सकता है।

### सिंह
आर्थिक लाभ होगा और आपको किसी मामले में सहयोगियों से निराशा हो लग सकती है। अपने काम के प्रति गंभीर रहें। कड़ी मेहनत से ही अपने कार्य में सफल होंगे। भौतिक सुख साधनों पर खर्च अधिक होगा। खुशमिजाज व्यक्ति होने के कारण दूसरे लोग आपके संबंध बनाने की चाहत रखेंगे।

### कन्या
आज लाभ होगा और आज के दिन विद्या बुद्धि और ज्ञान की प्राप्ति होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी। शासन द्वारा आपको सम्मानित किए जाने की प्रबल संभावना है। सायं काल धार्मिक अनुष्ठानों पर समय व्यतीत होगा। शुभ व्यय कीर्ति की वृद्धि होगी।

### मकर
आज का दिन काफी मिलाजुला रहेगा। आमदनी से ज्यादा खर्च की स्थिति रहेगी। संतान के द्वारा किए गए श्रेष्ठ कार्यों से आपका सम्?मान में बढ़ेगा और आपको लाभ होगा। आप अपने धैर्य और प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। शाम से लेकर रात तक आपको प्रिय व्यक्तियों से मुलाकात करने का अवसर मिलेगा।

### कुंभ
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपको पूर्वजों से धन मिलने की संभावना है। आज आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा। बिना मांगे किसी को सलाह न दें उस पर उल्टा ही असर होगा। रात्रि के समय पुण्य कार्य में लगेंगे, जिससे आपका मन शान्त और प्रसन्न रहेगा। परिवार के साथ शाम के वक्त कहीं जाने का प्लान बन सकता है।

### मीन
आज आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी और भाग्य साथ देगा। आमदनी ठीक होगी और आपके कोष में वृद्धि होगी। भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको हर क्षेत्र में लाभ की प्राप्ति होगी। आपको मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं नये अच्छे मित्र भी मिलेंगे। आपके धन में वृद्धि होगी।

## वर्ग पहेली 5297

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | ■ |
| 7 | | | ■ | 8 | | | 9 |
| | ■ | 10 | 11 | | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | | | ■ | 18 |
| ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | |
| | | | ■ | ■ | 24 | | |
| | ■ | 25 | | | | ■ | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. इस देश का पूरी दुनिया में पिस्ता की राजधानी कहते है (3)
4. यह इकलौता ऐसा खाद्य पदार्थ है जो कि हजारों सालों तक बिलकुल खराब नहीं होता (3)
7. सांस लेने वा छोड़ने की जैविक क्रिया (3)
8. तेजस्वी, स्फूर्त, ऊर्जा से युक्त (4)
10. पुरानी फिल्मों के दिवंगत गीतकार (आरंभिक नाम)(3)
12. वे उर्वरक पदार्थ जो खेत को उपजाऊ बनाते है (2)
13. उतावलापन, बेसरापन (4)
15. सघन, अविरल (2)
16. जो मालूम हो (2)
17. लेखा-चिट्ठा, गणना, स्टेटमेट ऑफ अकाउंट (3)
19. किसी वस्तु के निर्माण में लगा व्यय (3)
21. लालू यादव वाली राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (3)
23. हजरत, श्रीमान, महोदय, महाशय (3)
24. जीवन, जिंदगी (3)
25. चंचल, चुलबुला, चुहलबाज (4)

**ऊपर से नीचे**
1. धर्म आदेश, वेद वाक्य, धर्मादेश (5)
2. गोपों की प्राचीन क्रीड़ा, लगाम (2)
3. ननिहाल, नाना का घर (4)
4. शिष्टता, विवेक, सभ्यीकरण (3)
5. हानि, नुकसान, क्षति (2)
6. औषधालय, चिकित्सालय, हॉस्पिटल (4)
9. नदी का पुल्लिंग (2)
11. उन्नति-अवनति, कल्याण-अकल्याण (4)
14. शब्दों और वर्णो का रूक-रूककर या अस्पष्ट उच्चारण करना (4)
15. चिंता, अधीरता (5)
18. निकृष्टतर, किसी की अपेक्षा और भी बुरा (4)
20. अमानत में खयानत (3)
22. इस अभिनेत्री की पहली फिल्म सरगम थी (3)
23. व्यक्ति, समाज (2)

### वर्ग पहेली 5296 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मं | ग | ल | पां | डे | ■ | को | श |
| ग | म | क | ■ | बु | ■ | ल | क |
| ला | ■ | वा | द | क | ■ | का | ■ |
| च | ना | ■ | प | ■ | सु | ता | र |
| र | द | प | ट | ■ | स्त | ■ | ह |
| ण | ■ | ना | ना | ना | ■ | वा | म |
| ■ | बो | री | ■ | सि | द्धि | ■ | दि |
| शू | ल | ■ | मू | क | ■ | गो | ल |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### धनबाद में अवैध शराब की पेटी जब्त : कई ब्रांड की 12 पेटी शराब मिली, एक लाख रुपए होगी बाजार में कीमत



**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद से विभिन्न ब्रांड की 12 पेटी अवैध शराब जब्त की गई है। जिसकी बाजार में कीमत लगभग एक लाख रुपए बताई जा रही है। शराब की जब्ती धनसार थाना क्षेत्र जोड़ा फाटक स्थित सत्येंद्र कुमार यादव के यहां से हुई है। उत्पाद अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के अनुसार धनसार के जोड़ा फाटक सत्येंद्र यादव के यहां छापेमारी की गई। जहां काफी संख्या में 12 पेटी अवैध शराब बरामद की गई है। जिसकी कीमत लगभग 1 लाख है। छापेमारी के दौरान अभियुक्त के घर में सिर्फ महिला होने की वजह से अवैध शराब ही बरामद की गई है जबकि सत्येंद्र कुमार यादव घर से फरार होने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि सत्येंद्र कुमार यादव को अभियुक्त बनाते हुए कोर्ट के अनुसार उन पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। वहीं गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापेमारी की जा रही है। होली के मद्देनजर रखते हुए यह कार्रवाई आगे निरंतर जारी रहेगी।

### टुंडी के पूर्णाडीह गांव से मोपेट चोरी कर ले गए अपराधी, पीड़ित ने थाने में की शिकायत

**टुंडी , एजेंसी।** टुंडी के राजाभीठा पंचायत क्षेत्र स्थित पूर्णाडीह गांव से बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जयनगर निवासी गंदोरी महतो की मोपेड चोरी हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है की गंदोरी महतो एक समारोह में शामिल होने पूर्णाडीह गांव आए हुए थे। अपनी मोपेड को खड़ी कर वह समारोह में सम्मिलित होने के लिए चले गए। इसी बीच उसकी मोपेड चोरी हो गई। घटना के संबंध में टुंडी थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई है। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### रायडीह में पुआल में लगी आग, तीन बच्चे झुलसे

**रायडीह, एजेंसी।** रायडीह के नवागढ़ खीराखांड खड़िया टोली गांव में बुधवार की अपराह्न करीब ढाई बजे पुआल के टाल में आग लगने से वहां खेल रहे तीन नौनिहाल गंभीर रूप से झुलस गये। जानकारी के मुताबिक दोपहर में बच्चें पुआल के टाल के समीप खेल रहे थे, खेलते-खेलते बच्चों ने माचिस की तिल्ली उसमें डाल दिये। देखते-देखते तीनों बच्चें आग की चपेट में आ गये। धुंआ देखकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने 4वर्षीय सोनी इंदवार,अनीस खड़िया व निर्मल खड़िया को बाहर निकाला। और तत्काल तीनों बच्चों के एंबुलेस से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया।

### गुमला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ सीएम का पुतला जलाया

**गुमला, एजेंसी।** राज्य सरकार द्वारा बिजली दरों में वृद्धि किए जाने से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को जिला मुख्यालय टावर चौक में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का पुतला दहन किया,और राज्य सरकार से बिजली दरों में की गई वृद्धि को वापस लेने की मांग की। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहू ने कहा कि राज्य की सरकार आज हर क्षेत्र में जनता के साथ छलावा कर रही है। चाहे युवा हो महिला हो किसान हो राज्य का हर वर्ग आज स्वंय को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। यदि बिजली की दरों में कटौती नहीं की गई ,तो भाजपा के कार्यकर्ता चरणबद्ध तरीके से आंदोलन जारी रखेगी। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिन्हा ने कहा कि बिजली दरो में वृद्धि करके राज्य सरकार राज्य की जनता के ऊपर अन्याय और मनमानी कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार में सिर्फ मुख्यमंत्री का चेहरा बदला है, नीति और नीयत नहीं। राज्य सरकार को तुरंत बिजली दरों में की गई वृद्धि के निर्णय को बदलना चाहिए। मौके पर सत्यनारायण पटेल,दामोदर कसेरा,भूपन साहू,बाल्केश्वर सिंह,राजेश गुप्ता,विजय मिश्रा, निर्मल गोयल, सविंद्र सिंह,विकास सिंह सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 13 दिन में अपहृत लड़की को ढूंढ नहीं पाई पुलिस,

# मां हाईकोर्ट पहुंची तो सुनवाई शुरू होने से 12 घंटे पहले बच्ची को बरामद कर लिया

**रांची, एजेंसी।** 17 साल की अपहृत नाबालिग बच्ची को रांची पुलिस 13 दिन तक नहीं खोज पाई, क्योंकि उसकी कार्यप्रणाली सुस्त थी। जैसे ही पीड़ित की मां हाईकोर्ट पहुंची, यही पुलिस सुनवाई से 12 घंटे पहले अपहृत लड़की को चांडिल से खोज निकाला। जब उसकी मां थाना के चक्कर लगाकर थक गई, पर नामकुम थानेदार ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई।

तब मां अपनी नाबालिग बेटी को ढूंढ़ निकालने की गुहार लगाने हाईकोर्ट की शरण में गई। गुरुवार को हेवियस कॉर्पस पर जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में सुनवाई हुई। खंडपीठ के समक्ष डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन सिन्हा सशरीर पेश हुए। कोर्ट ने गायब लड़की को अब तक बरामद नहीं किए जाने का कारण पूछा तो राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने कोर्ट को बताया कि बुधवार की देर रात ही चांडिल के ग्रामीण क्षेत्र से लड़की को बरामद कर लिया गया है।

जो लड़की को भगा ले गया था, उसकी उम्र 45 साल है। बरामद लड़की अभी पुलिस के सरंक्षण में है। कोर्ट ने पुलिस का पक्ष सुनने के बाद लड़की को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करने एवं पुलिस को आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने का निर्देश दिया और मामला को निष्पादित कर दिया।



महिला ने अपनी 17 साल की बेटी के अपहरण की प्राथमिकी नामकुम थाने में 16 फरवरी को दर्ज कराई थी। बताया था कि गोसाईडीह के 45 वर्षीय जगन्नाथ महली शादी की नीयत से बहला-फुसला कर ले गया। आरोपी चायबगान स्थित मां काली बैंक्वेट हॉल में किराए पर रहता था। वह उनकी बेटी से मोबाइल पर बातचीत करता था। सात फरवरी को अचानक उनकी नाबालिग बेटी अपने घर से गायब हो गई थी।

जमीन विवाद में थाने पहुंचे लोगों के साथ गाली-गलौज करते सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद तत्कालीन सदर थानेदार लक्ष्मीकांत के खिलाफ इसटी/एससी थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। शांति नगर गढ़ाटोली निवासी मीणा देवी के आवेदन पर 27 फरवरी को एसटी/एससी थाने में कांड संख्या 14/24 दर्ज किया गया है। सदर थाने के दारोगा रघुवंश कुमार सिंह को अनुसंधानकर्ता बनाया गया है। मालूम हो कि 22 फरवरी को जमीन विवाद में थाना पहुंचे एक पक्ष के लोगों के साथ गाली-गलौज करते सदर थानेदार का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था।

सदर एसडीओ ने सदर थाना क्षेत्र में स्थित तिरिल बस्ती कोकर में विवाद उत्पन्न होने के बाद एक प्लाट पर धारा 144 लगा दिया है। गौरतलब है कि बीते सोमवार को 60-70 महिला-पुरुषों की भीड़ ने राजीव रंजन श्रीवास्तव के घर पर हमला करके दो कमरे व बाउंड्री तोड़ दी थी। तोड़फोड़ के दौरान राजीव के परिजनों पर भी जानलेवा हमला किया था। राजीव की शिकायत पर सदर थाने में 16 नामजद सहित 50-60 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## फिर बारिश के आसार, यलो अलर्ट जारी

**रांची , एजेंसी।** मौसम विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। 3 मार्च को राज्य में कई जगहों पर तेज गर्जन के साथ वज्रपात की संभावना है जिसे देखते हुए अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान हवा की रफ्तार तीन से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार रहने का अनुमान है।



मौसम विभाग ने तापमान में किसी बड़े बदलाव की भी संभावना जाहिर नहीं की है लेकिन अगले दो दिनों में तापमान में तीन से चार डिग्री बढ़त होने का अनुमान है।आज भले ही राज्य में आसमान साफ रहा और मौसम शुष्क हो लेकिन मौसम विभाग ने 2 मार्च से फिर बारिश की संभावना जाहिर की है। 2 मार्च से लेकर 5 मार्च तक मौसम का मिजाज राज्य में फिर बदलने के आसार हैं। मौसम विभाग ने आज और कल यानी 1 मार्च तक मौसम साफ रहने का अनुमान लगाया है जबकि 2 मार्च को राज्य के उत्तर और पश्चिमी भाग में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के आसार हैं। 4 मार्च को भी राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के आसार हैं और यही सिलसिला 5 मार्च को भी जारी रहेगा लेकिन राज्य के दक्षिणी , मध्य और उत्तर पूर्वी भाग में गर्जन के साथ बारिश के आसार हैं।पिछले 24 घंटे में मौसम के मिजाज को समझें तो राज्य में कई जगहों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई है। राज्य में सबसे अधिक बारिश 42.4 एमएम मांडर में दर्ज की गई है जो राजधानी रांची के क्षेत्र में है। राज्य में सबसे अधिक तापमान की बात करें तो चाईबासा में सबसे अधिक तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जबकि सबसे न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस लोहरदगा में दर्ज किया गया है।

# झारखंड के किसानों के लिए अच्छी खबर, तीन महीने में मिलेगा सुखाड़ राहत का पैसा

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत राज्य के किसानों को मिलने वाले राहत के पैसे का भुगतान तीन माह के भीतर कर दिया जाएगा। गुरुवार को विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के सवाल के जवाब में कृषि मंत्री बादल ने यह जानकादी सदन में दी। विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने सुखाड़ पर सवाल पूछा था। इसमें विभाग ने जानकारी दी थी कि साल 2022 में 22 जिलों के 226 प्रखंडों में सुखाड़ घोषित किया गया था।

सुखाड़ ग्रसित सभी प्रखंडों में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का क्रियान्वयन किया गया है। शेष 38 प्रखंडों में झारखंड राज्य फसल राहत योजना का क्रियान्वयन किया गया है। मंत्री बादल ने राज्य सरकार की तरफ से सदन में जवाब देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत 33 लाख 63 हजार 201 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अबतक 13.66 लाख लोगों को 478 करोड़ 46 लाख राशि का भुगतान किया जा चुका है। कृषि



मंत्री ने बताया कि 5.57 लाख किसानों का सत्यापन पूरा कर लिया गया है। वहीं 4.90 लाख किसानों का सत्यापन वेजफेड के माध्यम से किया जा रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि जिनका सत्यापन हो गया है, उन्हें तीन माह के भीतर भुगतान देंगे।

मंत्री बादल के सवाल पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मंत्री सुखाड़ पर अपना जवाब पढ़ रहे हैं। लेकिन वह बताएंगे कि किस वर्ष का पैसा किसानों को दिया गया है, क्योंकि यहां से कोई डिमांड जेनरेट कर भेजा ही नहीं गया है। तब मंत्री बादल ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने 2018 में सुखाड़ का पैसा किसानों को नहीं दिया था, वह पैसा किसानों को इस सरकार ने दिया। लेकिन सरकार तीन माह के भीतर सत्यापित किसानों को भुगतान देगी।कांग्रेस विधायक इरफान ने कहा कि पिछली सरकार ने नकली किसान बनाकर बीजेपी और आरएसएस के लोगों को इजराइल भेजा था। इसपर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि किसान खुश मोहम्मद का नंबर दे दिया जाएगा। वहां से उन्नत तकनीक सीखकर लौटे हैं और खेती कर रहे हैं। वे क्या आरएसएस और भाजपा के हैं, पता चल जाएगा। हम किसानों को कर्जदार नहीं बनाना चाह रहे थे। उन्होंने कहा की अंबेडकर के बारे में बोलना चालू करूंगा तो कांग्रेस पानी नहीं मांगेगी।

## उल्टी हुई और अचानक होश खो दिया, जेल में बंद गैंगस्टर बाबा की संदिग्ध मौत

**देवघर, एजेंसी।** देवघर केंद्रीय कारा में बंद कुख्यात गैंगस्टर बाबा परिहस्त की गुरुवार सुबह संदिग्ध हालत में मौत हो गई। बताया जाता है कि उसे उल्टी हुई और अचानक उसने होश खो दिया। उसे सुबह करीब तीन बजे सदर अस्पताल लाया गया था। यहां पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



जानकारी के अनुसार, जेल में बंद गैंगस्टर की मौत कैसे हुई, यह फिलहाल जांच का विषय है। घटना की सूचना मिलने पर सदर अस्पताल में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

वहीं, दंडाधिकारी की मौजूदगी में वीडियोग्राफी के साथ हो मेडिकल बोर्ड द्वारा विधिवत शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चल पाएगा। बता दें कि पिछले महीने उसे जिले के सारठ थाना क्षेत्र से पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया था। उसके खिलाफ कई संगीन मामले पहले से दर्ज हैं। इसको लेकर पुलिस काफी सतर्कता बरत रही है।पिछले दिनों बाबा परिहस्त को जेल के अंदर दूसरे गिरोह के सदस्यों से विवाद होने की सूचना मिली थी। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं की गई थी। वहीं, मौत के बारे में जेल अधीक्षक सत्येंद्र चौधरी ने कहा कि उसे अचानक उल्टी हुई।तबीयत बिगड़ने पर उसे तत्काल इलाज के लिए देवघर सदस्य अस्पताल भेज दिया गया। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, पुलिस अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है।

# जैसी कथनी वैसी करनी : पीएम मोदी की जनसभा में बिजली का नहीं कोई कनेक्शन, 500 सोलर पैनल से रोशन है पंडाल

**धनबाद, एजेंसी।** 15 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम सूर्य घर योजना की शुरुआत की थी। इसके अंतर्गत परिवारों को उनकी छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी प्रदान की जाएगी। यह सब्सिडी सौर पैनलों की लागत का लगभग 40 प्रतिशत तक कवर करेगी।

इस योजना के तहत भारत में एक करोड़ परिवारों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इस योजना का असर पीएम के कार्यक्रम में भी दिख रहा है। यही कारण है कि पीएम मोदी की जनसभा के लिए तैयार पंडाल सूर्य की रोशनी से रोशन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा की एक और खासियत यह रही कि न तो बिजली विभाग से कोई कनेक्शन लिया गया और न ही डीजी जेनरेटर सेट का ही प्रयोग किया गया। पूरा पंडाल सोलर पैनल से रोशन हुआ है। इसके लिए यहां बरवाअड्डा हवाई पट्टी में 500 सोलर पैनल इंस्टाल किया गया। पंडाल के अंदर 200 हाई मास्ट लाइट रोशन हो रहा है। आठ एलइडी स्क्रीन



पर पीएम मोदी का भाषण प्रसारित किया जाएगा।

इसके अलावा माइक और बड़े स्पीकर भी लगे हैं। जनसभा की खासियत यह रही कि यहां बिजली की खपत और डीजल से होने वाले प्रदूषण का विशेष ध्यान रखा गया। सोलर पैनल बुधवार को ही यहां इंस्टॉल कर दिया गया था और शनिवार को इसे यहां से निकाला जाएगाजैसी कथनी वैसी करनी~ क्कू मोदी की जनसभा में बिजली का नहीं कोई कनेक्शन, 500 सोलर पैनल से रोशन है पंडाल

15 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम सूर्य घर योजना की शुरुआत की थी। इसके अंतर्गत परिवारों को उनकी छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी प्रदान की जाएगी। यह सब्सिडी सौर पैनलों की लागत का लगभग 40 प्रतिशत तक कवर करेगी। इस योजना के तहत भारत में एक करोड़ परिवारों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा की एक और खासियत यह रही कि न तो बिजली विभाग से कोई कनेक्शन लिया गया और न ही डीजी जेनरेटर सेट का ही प्रयोग किया गया। पूरा पंडाल सोलर पैनल से रोशन हुआ है।

इसके लिए यहां बरवाअड्डा हवाई पट्टी में 500 सोलर पैनल इंस्टाल किया गया। पंडाल के अंदर 200 हाई मास्ट लाइट रोशन हो रहा है। आठ एलइडी स्क्रीन पर पीएम मोदी का भाषण प्रसारित किया जाएगा।

इसके अलावा माइक और बड़े स्पीकर भी लगे हैं। जनसभा की खासियत यह रही कि यहां बिजली की खपत और डीजल से होने वाले प्रदूषण का विशेष ध्यान रखा गया। सोलर पैनल बुधवार को ही यहां इंस्टॉल कर दिया गया था और शनिवार को इसे यहां से निकाला जाएगा

## पिछले एक दशक में सबसे ज्यादा ठगी गईं हैं देश की महिलाएं : सीता राणा

**टुंडी , एजेंसी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड महिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गुरुवार को प्रखंड अध्यक्ष ममता कुमारी के नेतृत्व में सुंदर पहाड़ी में नारी न्याय महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि जिलाध्यक्ष सीता राणा, टुंडी विस प्रभारी नूतन विश्वकर्मा व जिला सचिव हेमंती जयसवाल शामिल हुईं। प्रखंड अध्यक्ष ने अतिथियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। सीता राणा ने कहा कि पिछले एक दशक में सबसे अधिक महिलाएं ठगी गई हैं। महिला सुरक्षा, महिला सम्मान को लेकर भाजपा का काला चेहरा सामने आ गया। भाजपा का काला चेहरा तब सामने आया, जब मणिपुर की महिलाओं को नंगा घुमाया गया और प्रधानमंत्री व गृहमंत्री ने चुप्पी साध ली। लेकिन महिलाओं को अब जागना होगा और अन्याय के खिलाफ एकजुट होना होगा। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में बूथस्तर पर महिलाओं को जोड़ने व कांग्रेस की विचारधारा को बताने का काम करना है। हेमंती ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को बूथस्तर पर मजबूत करें। अधिक से अधिक महिलाओं को जागरूक करें। कहा कि राहुल गांधी पूरे देश को जोड़ने एवं महिलाओं-युवाओं के अधिकार के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हैं।

## रांची में बदमाश बेखौफ, बैंक से लौट रहे दंपति से एक लाख रुपये की झपटमारी; एक महीने में तीसरी वारदात

**रांची, एजेंसी।** रांची के रातू फुटकलटोली के पास बुधवार दिनदहाड़े बाइक सवार दो उचक्के हेहल जामुनटोली निवासी पारा शिक्षिका मीना तिर्की के हाथ से थैले में रखे एक लाख रुपए झपटकर फरार हो गए। इस संबंध में मीना ने रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

मीना के अनुसार वह राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिजुलिया स्कूल में पारा शिक्षिका हैं। बुधवार को घर बनाने के लिए पैसे निकालने पति के साथ बैंक ऑफ इंडिया की रातू चट्टी शाखा आई। डेढ़ बजे बैंक से एक लाख रुपए निकाल कर थैले में रख स्कूटी ( जेएच 01डीए 8657 ) से घर जा रही थी। तभी पीछे से तेज रफ्तार से बाइक सवार दो उच्चके पास आए। जबतक समझ पाती, तब तक हाथ से रुपए-कागजात रखे थैला झपट हाजी चौक की ओर फरार हो गए।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बुधवार को सीयूजे आई थीं, जिसे लेकर सभी चौक-चौराहों पर पुलिस तैनात थी। इसके बावजूद बेखौफ उचक्के पैसे से भरे थैले झपटकर भाग निकले। यह इलाके में तीसरी घटना है। 15 फरवरी को काटू लहना रोड में बाइक सवार दो अपराधी लहना निवासी रुपन देवी के हाथ से थैला में रखे 49 हजार रुपए झपटा मारकर भागने में सफल रहे। रुपन देवी भी बैंक आफ इंडिया रातू चट्टी शाखा से पैस निकाल अपनी गोतनी व बेटी के साथ शाम चार बजे सब्जी खरीद कर पैदल घर जा रही थी।

# होल्डिंग टैक्स नहीं देने वालों की सूची सार्वजनिक कर रहा निगम, नए होल्डिंग के पांच हजार आवेदन लौटाए

**रांची, एजेंसी।** रांची नगर निगम के अधिकारियों ने शहर के 53 वार्डों में होल्डिंग टैक्स के बड़े बकायेदारों के नाम सार्वजनिक करना शुरू कर दिया है। 150 से अधिक बड़े बकायेदारों के नाम सार्वजनिक नोटिस जारी करते हुए 15 दिनों के अंदर टैक्स देने अन्यथा कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। लेकिन दूसरी ओर नया होल्डिंग नंबर लेने के लिए आवेदन करने वालों को दौड़ाया जा रहा है। निगम में पिछले तीन माह के दौरान होल्डिंग नंबर के लिए आए 5000 से अधिक आवेदनों को लौटा दिया है।

कागजात होने के बावजूद बैक टू सिटीजन लिखकर आवेदन लौटाए गए हैं। 300 से अधिक आवेदन अभी भी विभिन्न



स्तर पर पेंडिंग हैं। होल्डिंग नंबर नहीं मिलने से वाटर कनेक्शन, जमीन की रजिस्ट्री सहित अन्य कार्य नहीं हो रहे हैं। सैकड़ों आवेदन ऐसे हैं जिसमें निर्धारित कागजात लगे हुए हैं,इसके बावजूद टीसी या डिलिंग असिस्टेंट के स्तर से आवेदन वापस कर दिए गए। टीसी से पूछने पर बताया जाता है कि जहां त्रुटि है, उसे दूर करके दोबारा आवेदन करना होगा।निगम में बने जन सुविधा केन्द्र पर जाने पर कोई जवाब नहीं दिया जा रहा। इस वजह से आवेदक काफी परेशान हैं। इस संबंध में निगम के अधिकारियों ने बताया कि नई व्यवस्था जनवरी में लागू हुई है। इसके बाद होल्डिंग का आवेदन करने वालों को तत्काल प्रोविजनल नंबर जारी किया जा रहा है। एक माह के अंदर स्थाई होल्डिंग नंबर दिया जा रहा है।

1.जमीन-फ्लैट की रजिस्ट्री में होल्डिंग नंबर होना अनिवार्य है। इसलिए होल्डिंग नंबर के लिए काफी आवेदन आते हैं। नवंबर से 15 जनवरी के बीच सबसे अधिक आवेदन जमा हुए, लेकिन कुछ न कुछ त्रुटि का हवाला देते हुए आवेदन लौटा दिए गए। इस वजह से जमीन की रजिस्ट्री रुक गई।

2. वाटर कनेक्शन लेने के लिए भी होल्डिंग नंबर का होना जरूरी है। शहर में हजारों घर आदिवासी जमीन पर बने हैं। ऐसे भवनों को सुपर स्ट्रक्चर वर्टिकल में रखते हुए होल्डिंग नंबर जारी होता है। इससे पानी का कनेक्शन सहित अन्य सरकारी कार्य हो जाते हैं। होल्डिंग नंबर नहीं मिलने से वाटर कनेक्शन लेने में परे शनी हो रही है।

3. व्यापार करने के लिए ट्रेड लाइसेंस बनाना अनिवार्य है और इसके लिए भी होल्डिंग नंबर जरूरी है। होल्डिंग नंबर नहीं मिलने से ट्रेड लाइसेंस के हजारों आवेदन पेंडिंग हैं। व्यापारियों को बैंक से लोन भी नहीं मिल रहा है।

निगम प्रशासक के निर्देश पर पिछले माह 19 जनवरी से होल्डिंग नंबर देने की नई व्यवस्था लागू की गई थी। इसके तहत होल्डिंग नंबर के लिए आवेदन करने के बाद मात्र 30 दिनों के अंदर उसका निपटारा किया जाना है। इसलिए आवेदन करते ही 15 डिजिट का प्रोविजनल नंबर मिल जाएगा।

इसके बाद टीसी और डिलिंग असिस्टेंट के स्तर से कागजात की जांच करते हुए एक माह के अंदर फाइनल होल्डिंग नंबर जारी किया जाएगा। इस व्यवस्था के लागू होने से आवेदकों को बड़ी राहत मिली है।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्ज में डूबे पुत्र ने गला दबाकर अपनी बुजुर्ग मां को मार डाला, पत्र लिखकर जुर्म स्वीकार किया

**लखनऊ , एजेंसी।** अयोध्या नगर कोतवाली क्षेत्र के टेढ़ी गली चौक निवासी सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल कृष्ण वर्मा ने अपने मां की गला दबाकर हत्या कर दी। पत्र लिखकर अपना जुर्म भी स्वीकार किया। अत्यधिक कर्ज में डूबे होना हत्या की वजह बताया है। हालांकि परिजनों ने इसे खारिज किया है।

पुष्टि के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है। गोपालकृष्ण वर्मा ने शुक्रवार की सुबह मीडिया में स्वयं ही एक पत्र वायरल किया। इसमें उन्होंने लिखा था कि वह अत्यधिक कर्ज में डूबे हैं। अपनी मां का दर्द उनसे देखा नहीं जा रहा है। अब अपनी मां को इस हालत में देखने की ताकत ना रहने पर उन्होंने निर्णय लिया और अपनी वृद्ध मां की गला दबाकर हत्या कर दी। यह पत्र वायरल होने पर पुलिस को जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी चार भाई हैं। अन्य तीन भाई इसे भावुकता में लिखा पत्र बताते हुए खारिज कर रहे हैं। इसे स्वाभाविक मौत बता रहे हैं। आरोपी भी यहीं मौजूद है। मौत के कारणों की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### पिता-पुत्र सहित तीन के खिलाफ एफआईआर, जिम की मशीनों को हड़पने का आरोप

**वाराणसी , एजेंसी।** जिम से संबंधित मशीनों को खरीदने के बाद 17 लाख रुपये का भुगतान न करने के मामले में चेन्नई निवासी पीड़ित ने कमिश्नरेट के उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई। शिकायत के आधार पर शिवपुर स्थित सिद्धि विनायक अपार्टमेंट में रहने वाले प्रीतम सिंह व उसके पुत्र अभिनंदन सिंह और सुनील कुमार के खिलाफ आपराधिक विश्वासघात और धमकाने सहित अन्य आरोपों में कैंट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**यह है पूरा मामला:** चेन्नई के मूल निवासी रजनीकांत ने पुलिस को बताया कि वह गणेश महाल, दशाश्वमेध में रहते हैं। भोजूबीर के एक मकान में उन्होंने पार्टनरशिप में एक जिम खोला था। कोरोना काल में जिम को बंद करना पड़ा। लोन चुकाने के साथ ही अन्य काम के लिए उन्हें पैसे की आवश्यकता हुई। इस पर जिम के ट्रेनर अभिनंदन सिंह और पिता प्रीतम सिंह ने सारा सामान 25 लाख रुपये में खरीदने को कहा। आठ लाख देने के बाद पिता-पुत्र ने शेष 17 लाख रुपये कुछ समय में देने के लिए लिखा पढ़ी की। इसके बाद पिता-पुत्र उनकी कॉल रिसीव करना बंद कर दिए। कुछ दिनों बाद पता लगा कि उन्होंने जहां जिम खोला था, उसके मकान मालिक सुनील सिंह ने पिता-पुत्र के साथ उनका ताला तोड़ दिया। साथ ही, उनकी मशीनों पर जबरन कब्जा कर पिता-पुत्र ने मकान मालिक की मिलीभगत से नया जिम खोल दिया। इस संबंध में पूछने पर उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। इसकी शिकायत कैंट थाने की पुलिस से की गई। पुलिस कार्रवाई के बजाय समझौता कराने के चक्कर में पड़ गई। तब जाकर उन्होंने उच्चाधिकारियों से शिकायत की। इस संबंध में इंस्पेक्टर कैंट ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### चूड़ा अब दुल्हन का सोहल श्रृंगार ही नहीं ट्रेंड में छाया, पति की फोटो लगे चूड़े का क्रेज बढ़ा

**गोरखपुर , एजेंसी।** कभी पंजाबी संस्कृति में दुल्हन की पहचान माना जाने वाला चूड़ा आज गोरखपुर की दुल्हनों की पसंद बन चुका है। जयमाला हो या शादी की अन्य रस्में दुल्हन के हाथों में पहने चूड़े पर सबकी निगाहें जाती हैं। चूड़ा खास दिखे इसके लिए दुल्हनें प्लास्टिक के लाल चूड़े के स्थान पर अन्य रंग और डिजाइन के चूड़े पहनने लगी हैं। चूड़ा आज चूड़ा न होकर ट्रेंड हो गया है। इसे हर धर्म की दुल्हनें पहन रही हैं। गोरखपुर में गोलघर, रेती, असुरन चौक के श्रृंगार की दुकानों में प्लेन चूड़ा, नाम लिखे चूड़े, फोटो लगे चूड़े, अमेरकिन डायमंड चूड़े, जरकन स्टोन चूड़े, कुंदन ब्राइडल चूड़ा, राजवाड़ी चूड़ा के साथ ही सीप के बने चूड़े मिल रहे हैं। चूड़े को लेकर मान्यता है कि यह प्रजनन और समृद्धि का संकेत है। पति की तरक्की के लिए दुल्हनें साल भर इसे पहनती हैं। ऐसे में इस पर पति-पत्नी का नाम और फोटो हो रिश्ते की मजबूती और भी बढ़ जाती है।

# वरुणा-असि नदी की सफाई... दो साल में 21 मीटिंग

## मिनट्स में दिखाए गए ज्यादातर एक्शन प्लान कॉपी-पेस्ट

**वाराणसी , एजेंसी।** सरकारी फाइलों और कागजात तैयार करने का नायाब उदाहरण देखना हो तो असि और वरुणा नदी से अतिक्रमण हटाने के लिए गठित निष्पादन समिति के मीटिंग मिनिट्स से बेहतर शायद ही कुछ हो। फरवरी 2022 से जनवरी 2024 के बीच 21 बैठकों के मिनट्स के कंटेंट एक जैसे ही हैं।



चार फॉर्मेट में बने मीटिंग के मिनट्स में दिखाए गए ज्यादातर एक्शन प्लान भी कॉपी पेस्ट ही है। यही कारण है कि 23 नवंबर 2021 को एनजीटी के आदेश पर गठित निष्पादन समिति के 21 और निगरानी समिति की छह बैठकों के बाद भी निर्णय धरातल पर नहीं उतर पाए।

असि और वरुणा नदी के अस्तित्व को पुनर्जीवित करने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में दायर याचिका पर 23 नवंबर 2021 को आदेश पारित हुआ था कि निष्पादन समिति का गठन किया जाए। इसी के साथ एनजीटी के आदेश पर पर्यवेक्षणीय समिति का भी गठन किया गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नोडल की भूमिका में इन समितियों की समय-समय पर बैठक भी हुई। मीटिंग के मिनट्स प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से तैयार किए गए। अब तक निष्पादन समिति की 21 और पर्यवेक्षणीय समिति की छह बैठकों के मिनट्स में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं है।

हालांकि इन बैठकों में असि-वरुणा नदी की जमीन से अतिक्रमण हटाने और पुराने अस्तित्व में लाने के लिए कई अहम निर्णय लिए तो गए लेकिन ज्यादातर निर्णय धरातल पर उतर ही नहीं पाए। असि और वरुणा के पुनरुद्धार के लिए होने वाली बैठकों की जानकारी सार्वजनिक की गई है। एनजीटी के आदेश पर आम जनता की भागीदारी बढ़ाने के लिए इसकी शुरुआत हो गई है। इसके साथ ही पर्यावरणीय समन्वयक की भी नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मार्गदर्शन मांगा है।

### शादी शून्य होने पर भी पत्नी कर सकती है घरेलू हिंसा का केस, हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

लखनऊ , एजेंसी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में कहा है कि विवाह शून्य घोषित होने पर भी पत्नी घरेलू हिंसा का मुकदमा कर सकती है। शादी को समाप्त होने से घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 12 के तहत दाखिल परिवाद पर कोई असर नहीं पड़ेगा। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने यह फैसला व आदेश पति की याचिका पर दिया। प्रतापगढ़ जिले के इस मामले में याची पति का कहना था कि उसकी और शिकायतकर्ता पत्नी की शादी को 26 मार्च 2021 को परिवार न्यायालय ने डिक्री पारित करते हुए शून्य घोषित कर दिया है। ऐसे में घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत उसके खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है। कोर्ट ने इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि अलग होने से पूर्व याची व विपक्षी पति-पत्नी की तरह ही रह रहे थे और एक घरेलू नातेदारी में थे। ऐसे में पत्नी घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पीड़िता मानी जाएगी और धारा 12 के तहत परिवाद दाखिल करने का पूर्ण अधिकार है।

## यूपी में सहयोगी दलों को छह सीटें देगी भाजपा, राजनाथ सिंह लखनऊ से लड़ेंगे चुनाव!

**लखनऊ, एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव में यूपी में सभी 80 सीटों पर जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा प्रदेश में सहयोगी दलों को छह सीटें दे सकती है। चुनाव की तैयारियों को लेकर बृहस्पतिवार को भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की हुई बैठक में इस पर चर्चा हुई। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।



सूत्रों के अनुसार, भाजपा यूपी में रालोद को दो सीटें, अपना दल को दो सीटें, निषाद पार्टी को एक सीट और राजभर की पार्टी सुभासपा को एक सीट दे सकती है। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का लखनऊ से चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले शुक्रवार या शनिवार को सौ से अधिक उम्मीदवारों की सूची और 10 मार्च तक करीब 250 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए जाएंगे।

केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पूर्व प्रधानमंत्री निवास पर पार्टी के शीर्ष नेताओं की करीब छह घंटे तक चली बैठक में 21 राज्यों की 300 सीटों पर उम्मीदवारो का पैनल तैयार कर लिया गया है। इस बैठक में पंजाब, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में गठबंधन पर बातचीत तय होने तक उम्मीदवार घोषित नहीं करने का फैसला किया गया है।

## यूपी में राजभर-दारा बनेंगे मंत्री, रालोद को भी कैबिनेट में मिलेगी जगह! सीएम योगी ने राज्यपाल से की मुलाकात



**लखनऊ , एजेंसी।** दिल्ली में भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं तेज हो गई हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की है। कयास लगाए जा रहे हैं कि अगले एक दो दिनों में मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में सहयोगी दलों में सीट शेयरिंग तय होने के बाद मंत्रिमंडल विस्तार के कयास लगाए जा रहे हैं। भाजपा यूपी में सहयोगी दलों ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा (एक सीट), अपना दल (दो सीट), निषाद पार्टी (एक सीट) और रालोद (दो सीट) को छह सीटें देने पर सहमत हो गई है। संभावित मंत्रिमंडल विस्तार में ओमप्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान को मंत्री बनाया जा सकता है। वहीं, एनडीए में शामिल आरएलडी से भी मंत्री बनाए जाने की चर्चा है।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले शुक्रवार या शनिवार को सौ से अधिक उम्मीदवारों की सूची और 10 मार्च तक करीब 250 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए जाएंगे। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पूर्व प्रधानमंत्री निवास पर पार्टी के शीर्ष नेताओं की करीब छह घंटे तक चली बैठक में 21 राज्यों की 300 सीटों पर उम्मीदवारो का पैनल तैयार कर लिया गया है। इस बैठक में पंजाब, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में गठबंधन पर बातचीत तय होने तक उम्मीदवार घोषित नहीं करने का फैसला किया गया है।






## ट्रक ने बाइक सवार तीन को रौंदा, दो बच्चियों की मौके पर मौत, पिता गंभीर

**बाराबंकी , एजेंसी।** बाराबंकी के रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मारी और फिर सड़क पर गिरे दो बच्चों व युवक को रौंदता चला गया। हादसे में दोनों मासूम बच्चों की मौके पर मौत हो गई जबकि युवक के आधे शरीर पर ट्रक की पहिया चढ़ने से हालत गंभीर है। ट्रक चालक फरार हो गया है। रामसनेहीघाट के सुमेरगंज निवासी नीरज यादव (34) पुत्री योगिता (8) बड़े भाई पंकज यादव की पुत्री वर्तिका (5) को बाइक पर बिठाकर आधुनिक इंटर कॉलेज भिटरिया छोड़ने जा रहे थे। इस दौरान भिटरिया की ओर से बाराबंकी जा रही तेज रफ्तार ट्रक ने ब्लॉक बनी कोडर के पास नीरज की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर में सभी लोग सड़क पर जा गिरे और ट्रक तीनों को रौंदता हुआ चला गया। इसमें दोनों मासूम बच्चियों की मौके पर मौत हो गई। नीरज को सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाया गया। उसे तुरंत डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने ट्रक को कोतवाली में खड़ा कर दिया गया है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

### मिर्जापुर में युवक की गला रेतकर हत्या, खेत में खून से लथपथ मिला शव

**मिर्जापुर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में हैरान करने वाली घटना सामने आई है। जिले के जिगना थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कसघना के मदनपुर में युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार की सुबह गेहूं के खेत में फेंका गया शव मिलने से घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भीड़ जुटने लगी। इस बीच जानकारी मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई और छानबीन में जुट गई।

यह है मामला : आशीष कुमार (22) पुत्र सुरेश चंद गुरुवार की रात आठ बजे एक रिश्तेदार के साथ मुर्गा (चिकन) खरीदने गया था, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटा। शुक्रवार की सुबह गांव निवासी सुभाष चंद बिंद घर से दूध लेकर नरोइयां बाजार जा रहा था कि कमलाशंकर दुबे के गेंहू के खेत में आशीष कुमार का शव पड़ा देखा। पास गया तो देखा कि युवक का गला रेता गया था।

## प्रमुख सचिव गृह व डीजीपी कराएं अमरमणि के संपत्तियों की कुर्की

**बस्ती, एजेंसी।** बस्ती में एक व्यापारी के बेटे के अपहरण मामले में नामजद फरार पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अमरमणि की संपत्तियों को कुर्क कराने में हीलाहवाली कर रही स्थानीय पुलिस को दरकिनार करते हुए न्यायालय ने अब प्रमुख सचिव गृह और डीजीपी को कार्रवाई के लिए कहा है। केस की अगली सुनवाई के लिए 20 मार्च को होगी।



अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम/विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए कोर्ट) प्रमोद कुमार गिरि ने कहा कि ऐसी पूरी संभावना है कि स्थानीय पुलिस आरोपी के प्रभावशाली होने के कारण उस पर कार्रवाई करने से बच रही है। ऐसी स्थिति में समस्त जिलों में स्थित आरोपी अमरमणि त्रिपाठी की संपत्तियों की कुर्की के लिए प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह व पुलिस महानिदेशक को निर्देशित किया जाता है कि वे संपत्तियों को कुर्क कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई कराकर रिपोर्ट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें।

सुनवाई के बाद जारी आदेश में कोर्ट ने कहा कि अमरमणि त्रिपाठी का लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ हत्या सहित कुल 20 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके विरुद्ध 16 अक्तूबर 2011 को एनबीडब्लू जारी किया गया था। एक नवंबर को कुर्की की नोटिस और दो दिसंबर को कुर्की की कार्रवाई करने का आदेश दिया गया था। मगर, स्थानीय पुलिस आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर पाई। यद्यपि कुर्की की कार्रवाई किए जाने के लिए बराबर समय की मांग करती रही। ऐसे में प्रमुख सचिव गृह व डीजीपी कुर्की की कार्रवाई कराएं।

## अब कंकरखेड़ा में आया तेंदुआ, मचा हड़कंप, दहशत से घरों में दुबके लोग, सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ में कंकरखेड़ा के आर्य नगर में शुक्रवार सुबह एक तेंदुआ मकान के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। मामले की जानकारी होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान लोग घरों के अंदर दुबककर बैठ गए। वहीं, तेंदुए की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम मौक पर पहुंची और एंदुए की तलाश में जुट गई है। कंकरखेड़ा के सरधना रोड स्थित आर्य नगर निवासी अभय के मकान पर सीसीटीवी लगे हुए हैं। अभय ने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग पौने छह बजे एक तेंदुआ दिखाई दिया। इसी बीच एक बाइक सवार युवक सुबह के समय किसी काम से जा रहा था। इसी दौरान युवक का तेंदुए से आमना-सामना हो गया। तेंदुए को देखकर युवक ने बाइक रोक ली। युवक का कहना है कि बाइक की तेज लाइट को देखकर तेंदुआ दूसरी तरफ भाग गया। इस दौरान युवक ने घबराकर शोर मचा दिया। युवक का शोर सुनकर आसपास के लोग उसकी ओर दौड़ पड़े। वहीं, क्षेत्र में तेंदुआ मिलने की सूचना पर कॉलोनी में हड़कंप मच गया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग की टीम को मौके से तेंदुए के पैरों के निशान मिले। वन विभाग की टीम ने आसपास के क्षेत्र में तेंदुए की तलाश की। लेकिन तेंदुए का सुराग नहीं लग सका। वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने के लिए जाल बिछाने की तैयारी कर रही है। उधर, थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों को घरों के अंदर रहने की सलाह दी। थाना प्रभारी विष्णु कौशिक का कहना है कि एहतियात के तौर पर पुलिस को तैनात कर दिया गया है।

# शेर कोठी के मकान को खाली कराने गई टीम लौटी, अनशन पर बैठी महिला की हालत बिगड़ी

**गोरखपुर, एजेंसी।** गोरखपुर के कोतवाली इलाके के बक्शीपुर शेर कोठी स्थित एक मकान को बृहस्पतिवार दोपहर 3:30 बजे खाली कराने गई प्रशासन की टीम लौट गई। मकान पर मालिकाना हक जताने वाली महिला और किराएदार के बीच विवाद है। मकान को अपना बताने वाली रूपा अग्रवाल आमरण अनशन पर बैठ गईं। देर शाम उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद बेटा उन्हें लेकर डॉक्टर के पास गया। महिला ने न्याय न मिलने तक आमरण अनशन पर बैठने की बात कही है।

जानकारी के मुताबिक, राजघाट के दीवान दयाराम की रहने वाली रूपा अग्रवाल पत्नी स्व. चंद्रप्रकाश अग्रवाल ने 2002 में भगवान भीटी गांव निवासी गंगा शरण सिंह को मकान किराए पर दिया था। वर्तमान में गंगा शरण के परिवार के राज नारायण सिंह का परिवार रहता है। इसे लेकर रूपा अग्रवाल ने सीएम के जनता दर्शन में मुलाकात कर



प्रार्थनापत्र दिया था।

सीएम के आदेश पर प्रशासन ने पूरे मामले की जांच की। बकौल रूपा अग्रवाल, बृहस्पतिवार को तहसीलदार ने जांच के बाद मकान को जब्त करने की बात कही थी। दोपहर में साढ़े तीन बजे के करीब तहसीलदार मौके पर गए और मकान को खाली करने के लिए कहे, लेकिन फिर वह लौट गए। इससे नाराज होकर रूपा अग्रवाल धरने पर बैठ गई।

उनकी मांग थी कि आज ही कार्रवाई को पूरी की जाए। जबकि, किराएदार का परिवार समय मांग रहा था। देर शाम महिला की तबीयत खराब हो गई। बेटा लेकर अस्पताल चला गया। बेटे ने बताया कि वह डीएम और आला अफसरों से मुलाकात कर प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाएंगे।

डीएम कृष्णा करुणेश ने कहा कि मामले की जांच के बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने जब्त करने का आदेश जारी किया है। जिसके अनुपालन में प्रशासन की टीम गई थी। मामला कोर्ट में भी है। प्रशासन नियमानुसार आवास को जब्त कराएगा। कोर्ट का जो भी निर्णय होगा उसका अनुपालन कराया जाएगा।

### ट्रेलर की केबिन में धमाके के साथ भड़की आग, जिंदा जला अंदर सो रहा ड्राइवर; कंकाल बन गया पूरा शरीर

**सोनभद्र , एजेंसी।** वाराणसी-शक्तिनगर स्टेट हाईवे पर एनसीएल खड़िया की ट्रक लोडिंग प्वाइंट के पास गुरुवार आधी रात के बाद एक ट्रेलर की केबिन में अचानक आग लग गई। आग के चपेट में आने से चालक की मौत हो गई। मृतक बभनी थाना क्षेत्र के दरनखाड़ गांव का निवासी बताया जा रहा है।

**यह है मामला:** एनसीएल खड़िया की कोयला लोडिंग प्वाइंट पर जाने के लिए मुख्य मार्ग से प्रवेश मिलता है। बताया जा रहा है रात होने के चलते ट्रेलर में कोयला लोड करने आए चालक मोहन गुप्ता (30) पुत्र केश लाल निवासी दरनखाड़ थाना बभनी (सोनभद्र) ने ट्रेलर को मुख्य मार्ग के किनारे खड़ा कर पिछली सीट पर सो गया। रात 12 बजे के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेलर की केबिन में आग भड़क उठी। इसे देख आसपास के ट्रक- ट्रेलर चालक एकत्रित हो गए। इसी बीच पुलिस की गश्ती टीम भी पहुंच गई। सूचना एनसीएल के फायर ब्रिगेड को दी गई। दमकल के पहुंचने पर घंटे भर की मशक्कत पर आग पर काबू पाया जा सका।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



# डब्ल्यूएफआई के ट्रायल का पहलवानों ने किया बहिष्कार

## पूनिया बोले- जब तक सरकार फैसला नहीं करती हम...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कुश्ती संघ द्वारा पेरिस ओलिंपिक और दो एशियन ट्रायल की तारीखों के एलान के बाद आंदोलनरत पहलवान साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट ने इसके बहिष्कार की घोषणा कर दी।

पहलवानों की मांग है जब तक सरकार इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करती और उचित समाधान नहीं करती तब तक प्रदर्शनकारी पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा घोषित राष्ट्रीय ट्रायल में हिस्सा नहीं लेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चयन प्रक्रिया पर रोक लगाने के लिए बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान ने बुधवार को अदालत का रुख किया और संयुक्त याचिका दायर






की। इसमें 10-11 मार्च को होने जा रहे ट्रायल पर रोक लगाने की मांग की गई है। इस मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी। हालांकि बजरंग की तरफ से इसको लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया हैं।

अगर मैं ट्रायल में भाग नहीं लेता तो मैं अपने प्रशिक्षण पर 30 लाख रुपये खर्च नहीं करता, लेकिन निलंबित डब्ल्यूएफआई ट्रायल कैसे आयोजित कर रहा है? मुझे समझ में नहीं आ रहा कि सरकार की मजबूरी क्या है (डब्ल्यूएफआई को ट्रायल आयोजित करने की अनुमति देने पर) उन्होंने आगे कहा, मुझे समझ में नहीं आता कि भारत सरकार द्वारा निलंबित एक खेल संस्था कैसे एक परिपत्र जारी करती है और ट्रायल की घोषणा करती है। सरकार चुप क्यों है? हम ट्रायल में तभी शामिल होंगे जब तदर्थ पैनल या सरकार इसे आयोजित करेगी।

# महिला क्रिकेट के लिए बीसीसीआईका बड़ा कदम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में क्रिकेट सबसे बड़ा खेल है। पिछले कुछ सालों में भारतीय क्रिकेट ने इतनी ज्यादा तरक्की की है जिसका कोई जवाब नहीं। टीम इंडिया में आने के लिए भारतीय खिलाड़ियों को कई लेवल को पार करना पड़ा है। भारत में मेंस क्रिकेट ने तो काफी कुछ हासिल किया है, लेकिन जब बात महिला क्रिकेट को लेकर आती है तो हम थोड़े से पीछे नजर आते हैं।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आज तक कोई भी आईसीसी खिताब नहीं जीता है। यही कारण है कि बीसीसीआई महिला क्रिकेट को लेकर काफी कुछ कर रहा है। इसी कड़ी में बीसीसीआई ने एक नए टूर्नामेंट के आयोजन का फैसाल लिया है। जिसके कारण भारत में महिला क्रिकेट को बढ़ाने में और भी ज्यादा मदद मिलेगी।




### टूर्नामेंट का शेड्यूल

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 29 मार्च से पुणे में एक मल्टी डे महिला टूर्नामेंट का आयोजन करने का फैसला लिया है। इस मेगा टूर्नामेंट में कुछ छह टीमें हिस्सा लेंगी। इन टीमों को क्षेत्रों के आधार पर बांटा गया है। पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, मध्य और नॉर्थईस्ट की टीम इसमें शामिल होंगी। ये टीमें पांच मैचों की सीरीज में हिस्सी लेंगी।

टूर्नामेंट 29 मार्च से शुरू होने वाला है और इसकी शुरुआत क्वार्टर फाइनल से होगी। क्वार्टर का मुकाबला 29, 30 और 31 मार्च को होगा। क्वार्टर के विजेता फिर सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। दोनों सेमीफाइनल एक साथ खेले जाएंगे और 5 से 7 अप्रैल तक चलेंगे।

फाइनल 9, 10 और 11 अप्रैल को खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट वुमेंस प्रीमियर लीग को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 17 मार्च को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इसलिए, दोनों टूर्नामेंट के बीच 11 दिन का ब्रेक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारतीय खिलाड़ियों (घरेलू और सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दोनों) को आराम करने और रेड-बॉल क्रिकेट के लिए तैयार होने का समय मिल सके।

### रेड बॉल में महिला क्रिकेट का कमाल

भारतीय महिला टीम ने हाल ही में कुछ रेड बॉल वाले इंटरनेशनल मैच खेले हैं और यह स्पष्ट है कि बीसीसीआई महिला क्रिकेटरों के लिए मल्टी डे मैचों के लिए एक घरेलू मंच प्रदान करना चाहता है। महिला टीम ने इस दौरान खेले गए टेस्ट मैचों में अपने प्रदर्शन से सभी को इंप्रेस भी किया है। टीम इंडिया ने हाल ही में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़ी टीम को टेस्ट मैच हराया है।




# कुलदीप यादव ग्रेड ए अनुबंध के हकदार

## लेकिन उनके बचपन के कोच का कहना कुछ और ही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव के बचपन के कोच कपिल देव पांडे का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनके लगातार प्रदर्शन को देखते हुए यह चाइनामैन गेंदबाज ग्रेड ए वार्षिक अनुबंध का हकदार है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को 2023-24 सीज़न के लिए टीम इंडिया (सीनियर पुरुष) के लिए वार्षिक खिलाड़ी अनुबंध का अनावरण किया। कुलदीप के लिए महत्वपूर्ण वेतन वृद्धि की उम्मीदों के बावजूद, उन्हें केवल ग्रेड सी से ग्रेड बी में पदोन्नत किया गया।

कुलदीप ने भारत में 2023 विश्व कप के दौरान अपने कौशल का प्रदर्शन किया, 11 मैचों में 4.45 की प्रभावशाली इकॉनमी रेट के साथ 15 विकेट हासिल किए। इसके अतिरिक्त, 2023 में, उन्होंने नौ टी20 में अपने कौशल का प्रदर्शन किया, जिसमें 14 विकेट लिए। उनके बचपन के कोच कपिल ने बात करते हुए कहा कि कुलदीप इस समय शायद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं।

उसे ग्रेड ए में पदोन्नत किया जाना चाहिए था। वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन मुझे यकीन है कि वह जल्द ही वह स्थान हासिल कर लेगा। वर्तमान में उन्हें जो भी अवसर मिल रहा है, वह जबरदस्त प्रदर्शन कर रहे हैं। मैंने कुछ दिन पहले उनसे बात की थी और उनसे कहा था कि अपना हौसला बनाए रखें और किसी और चीज की चिंता न करें और केवल खेल पर ध्यान केंद्रित करें।

# पहले आईपीएल से संन्यास, उसके बाद तक खेले रणजी, आज के खिलाड़ियों को सचिन तेंदुलकर से सीखना चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल आने के बाद से भारतीय टीम के लिए खेलने वाले खिलाड़ी घरेलू टूर्नामेंट से दूर ही रहते हैं। शायद



ही किसी को याद हो कि विराट कोहली या रोहित शर्मा ने आखिरी बार रणजी ट्रॉफी में कब खेला था। महेंद्र सिंह धोनी समेत कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जो इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट तो छोड़ चुके हैं लेकिन आईपीएल में खेलते हैं। लेकिन अब बीसीसीआई एक्शन में है। रणजी में नहीं खेलने की वजह से ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया है। इन युवा खिलाड़ियों को सचिन तेंदुलकर से सीखना चाहिए।

### रणजी से पहले आईपीएल से संन्यास

सचिन तेंदुलकर शायद एकमात्र क्रिकेटर हैं, जो आईपीएल से संन्यास लेने के बाद भी रणजी ट्रॉफी और इंटरनेशनल क्रिकेट में खेले हैं। आईपीएल 2013 सीजन खत्म होने ही सचिन ने घोषणा कर दी थी कि अब वह लीग में नहीं खेलेंगे। उसी साल सितंबर अक्टूबर में सचिन चैंपियंस लीग में उतरे। फिर वह हरियाणा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में उतरे। मैच की आखिरी पारी में नाबाद अर्धशतक लगाकार सचिन ने मुंबई को जीत दिलाई थी।

### टेस्ट से सबसे अंत में संन्यास

वनडे, आईपीएल, चैंपियंस लीग और रणजी ट्रॉफी के बाद सचिन ने सबसे अंत में टेस्ट मैच खेला। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ मुंबई में अपना आखिरी मुकाबला खेला था। टेस्ट से संन्यास के बाद सचिन किसी लीग में नहीं खेले। पिछले कुछ सालों में जरूर और चैरिटी मैच या टूर्नामेंट में खेलते नजर आए हैं। युवा खिलाड़ियों सचिन को अपना आदर्श तो बताते हैं लेकिन उनके जैसे बनने की कोशिश नहीं करते।

### घरेलू क्रिकेट खेलने का नहीं छोड़ते थे मौका

सचिन तेंदुलकर कभी भी रणजी ट्रॉफी या घरेलू क्रिकेट खेलने का मौका नहीं चूकते थे। 2008 में आईपीएल की शुरुआत हुई थी। इसके बाद से संन्यास तक सचिन ने 6 रणजी ट्रॉफी मैच खेले। 2012-13 के ईरानी कप में भी वह मुंबई के लिए खेले थे। दूसरी तरफ विराट कोहली ने 2012 के बाद कोई रणजी मैच नहीं खेला है। रोहित 2015 के बाद रणजी में नहीं उतरे हैं।



# खेल मंत्री अनुराग ठाकुर बोले- खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट दिए जाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेलमंत्री ने खिलाड़ियों और राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिये चीजें आसान करने की अपनी योजना का ऐलान पिछले साल 29 अगस्त को किया था। उस समय एनएसएफ पोर्टल भी शुरू किया गया था।

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि सरकार देश भर में रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट देगी। इस पहल से खिलाड़ियों के प्रदर्शन और प्रतिभागिता को लेकर पारदर्शिता बनी रहेगी। डिजिटल सर्टिफिकेट में खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी की तारीफ रहेगी और यह उनकी उपलब्धियों का सबूत भी होगा। ठाकुर ने एक्स पर लिखा, '' हमारे खेल ढांचे की धुरी खिलाड़ी हैं और इसे ध्यान में रखकर खेल मंत्रालय ने उन्हें डिजिटल सर्टिफिकेट देने का अहम फैसला किया है।

खेलमंत्री ने खिलाड़ियों और राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिये चीजें आसान करने की अपनी योजना का ऐलान पिछले साल 29 अगस्त को किया था। उस समय एनएसएफ पोर्टल भी शुरू किया गया था। ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि खिलाड़ी सर्वोपरि नीति के अनुरूप राष्ट्रीय खेल महासंघों को डिजिलॉकर के जरिये खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देने के लिये कहा गया है। उन्होंने कहा, '' यह फैसला एनएसएफ के खेल प्रशासन में पारदर्शिता और कुशलता को बढावा देने और खिलाड़ियों के दस्तावेजों की सुरक्षा, पहुंच और सत्यता सुनिश्चित करने के लिये लिया गया है।

# केन विलियमसन 12 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में इस गलती की वजह से हुए रन आउट



**वेलिंग्टन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के सबसे अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेलिंगटन में जारी पहले टेस्ट की पहली पारी में रन आउट हुए। यह 2012 के बाद टेस्ट क्रिकेट में उनका पहला रन आउट है।

विलियमसन साथी बल्लेबाज विल यंग के साथ हुई तालमेल की गड़बड़ी के चलते रन आउट हुए। हालांकि इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क भी उनके रास्ते में आए, मगर स्टार्क की इसमें कोई गलती नहीं थी। विलियमसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इस मैच में कंगारुओं ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कैमरून ग्रीन के शतक के दम पर 383 रन बोर्ड पर लगाए हैं। ग्रीन ने 174 रनों की नाबाद पारी खेली।

बात केन विलियमसन के रन आउट की करें तो, यह घटना न्यूजीलैंड की पारी के 5वें ओवर की है। ओवर की आखिरी गेंद पर विलियमसन मिड ऑफ की दिशा में शॉट खेलकर एक रन चुराना चाहते थे। विलियमसन तो बॉल को टैप करने के बाद तुरंत दौड़ पड़े, मगर नॉन स्ट्राइकर एंड पर खड़े विल यंग की नजरें गेंद पर थी, जिस वजह से दोनों खिलाड़ियों के तालमेल में कमी आई और वह आपस में टकरा गए।

केन विलियमसन के 14 साल के टेस्ट करियर में ऐसा मात्र तीसरी बार हुआ है जब वह रन आउट हुए हैं। इससे पहले वह दो बार जिम्बाब्वे के खिलाफ रन आउट हो चुके हैं।

## विमेंस प्रीमियर लीग

# दिल्ली ने आरसीबी टीम को दी 25 रनों से मात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का 7वां मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर विमेंस टीम और दिल्ली कैपिटल्स विमेंस टीम के बीच में खेला गया।



इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 194 रनों का स्कोर बनाया, जिसमें शेफाली वर्मा के बल्ले से शानदार 50 रनों की पारी देखने को मिली। वहीं टारगेट का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर विमेंस टीम 9 विकेट के नुकसान पर 169 रन ही बनाने में कामयाब हो सकी। इस जीत के साथ अब दिल्ली कैपिटल्स टीम प्वाइंट्स टेबल में तीसरे स्थान से सीधे पहले नंबर पर पहुंच गई है।

195 रनों के बड़े स्कोर का पीछा करने उतरी आरसीबी विमेंस टीम की शुरुआत इस मुकाबले में शानदार देखने को मिली जिसमें स्मृति मंधाना और सोफी डिवाइन की ओपनिंग जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 77 रनों की साझेदारी की।

सोफी के बल्ले से 17 गेंदों में 23 रनों की पारी देखने को मिली। वहीं 112 के स्कोर पर आरसीबी विमेंस टीम को दूसरा और बड़ा झटका कप्तान मंधाना के रूप में लगा जो 43 गेंदों में 74 रनों की पारी खेलने के बाद पवेलियन लौटी।



## धोनी को धोनी बनने में 15 साल...

# धोनी से ध्रुव जुरेल की तुलना करने पर सौरव गांगुली का सुनील गावस्कर को कड़क जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट में शानदार परफॉर्मेंस देने वाले ध्रुव जुरेल की क्रिकेट पंडितों ने जमकर तारीफ की है। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में 90 तो दूसरी पारी में अंडर प्रेशर नाबाद 39 रन बनाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उनको इस परफॉर्मेंस का इनाम प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड के रूप में मिला था। ध्रुव जुरेल

की इस परफॉर्मेंस को देख पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का दिल भी गदगद हो गया था। उन्होंने इस युवा विकेट कीपर की तुलना एमएस धोनी से कर दी थी। हालांकि सौरव गांगुली उनके इस बयान से खुश नहीं है और उन्होंने अब जुरेल की धोनी से तुलना करने पर कड़क जवाब दिया है। मैच के दौरान गावस्कर ने कमेंट्री करते हुए कहा था, बेशक उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की है, लेकिन उनकी कीपिंग, स्टंप के पीछे उनका काम उतना ही शानदार रहा है। उनकी खेल जागरूकता को देखकर मैं कहना चाहता हूं कि वह उभरते हुए दूसरे एमएस धोनी हैं।

मैं जानता हूं कि कोई दूसरा एमएसडी कभी नहीं हो सकता, लेकिन आप जानते हैं कि उसके पास प्रेजेंस ऑफ माइंड है, एमएसडी ने भी जब शुरुआत की थी, तो वह ऐसा ही था और जुरेल के पास खेल के प्रति जागरूकता है। वह स्ट्रीट-स्मार्ट क्रिकेटर हैं। अपने दूसरे ही टेस्ट मैच में जुरेल ने अर्धशतक जड़ा। गावस्कर के इस बयान पर अब सौरव गांगुली ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने रेवस्पोर्ट्ज से कहा, एमएस धोनी अलग लीग के खिलाड़ी हैं। जुरेल के पास टैलेंट है इसमें कोई संदेह नहीं है...मगर एमएस धोनी को एमएस धोनी बनने में 15-20 साल का समय लगा। तो उसे (जुरेल को) खेलने दें।

ध्रुव जुरेल के बारे में पूर्व कप्तान ने आगे कहा, उसकी योग्यता ने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया...उसकी स्पिनर खेलने की योग्यता...उसकी तेज गेंदबाजों के खिलाफ खेलने की योग्यता...सबसे जरूरी दबाव में उसके खेलने की क्षमता, जो आप एक युवा खिलाड़ी में देखना चाहते हैं। उसके पास अच्छा टेंपरामेंट भी है।

## संक्षिप्त समाचार

# अय्यर-इशान की अनदेखी पर बोले साहा- कुछ भी 'जबरदस्ती नहीं किया जा सकता



**कोलकाता, एजेंसी।** भारत के अनुभवी विकेटकीपर रिद्धिमान साहा ने गुरुवार को कहा कि अगर कोई क्रिकेटर घरेलू क्रिकेट में नहीं खेलना चाहता तो कुछ भी 'जबरदस्ती नहीं किया जा सकता। हालांकि उन्होंने कहा कि घरेलू क्रिकेट आधार है और हर खिलाड़ी को आगे बढ़ने के लिए इसे पर्याप्त महत्व देना चाहिए। साहा की प्रतिक्रिया इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बुधवार को 2023-24 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर किए जाने के बाद आई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा था कि इशान और अय्यर के नाम पर विचार नहीं किया गया। साहा ने इशान और अय्यर को बाहर किए जाने के संदर्भ में कहा कि यह बीसीसीआई का फैसला है और संबंधित खिलाड़ियों का व्यक्तिगत निर्णय है।

आप जबरदस्ती कुछ नहीं कर सकते। ये दोनों खिलाड़ी हाल तक भारतीय टीम का हिस्सा थे। दोनों पिछले साल 50 ओवर के विश्व कप में भी टीम का हिस्सा थे। इशान आखिरी बार दिसंबर में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टेस्ट टीम का हिस्सा थे जबकि अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही मौजूदा श्रृंखला के पहले 2 टेस्ट खेले। साहा ने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि एक क्रिकेटर को हर मैच को समान महत्व देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भी मैं फिट होता हूं मैं खेलता हूं, यहां तक कि मैंने क्लब मैच भी खेले हैं, कार्यालय के मैच भी खेले हैं।

मैं हमेशा एक मैच को एक मैच की तरह लेता हूं। मेरे लिए सभी मैच बराबर हैं। अगर हर खिलाड़ी इस तरह से सोचता है तो वह अपने करियर में केवल समृद्ध होंगे और यह भारतीय क्रिकेट के लिए भी बेहतर होगा। साहा ने कहा कि मुझे लगता है कि घरेलू क्रिकेट का महत्व हमेशा रहता है क्योंकि अगर मैं सरफराज खान के बारे में बात करूं तो उसने पिछले चार-पांच वर्षों में काफी रन बनाए हैं। निश्चित रूप से उसने अच्छा प्रदर्शन किया है। साहा ने इस बीच युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की बल्लेबाजी को 'उत्कृष्ट करार दिया।

# मप्र में 15 खिलाड़ियों को नौकरी क्रिकेटर वेंकटेश बने इनकम टैक्स इंस्पेक्टर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मप्र के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर वेंकटेश अय्यर इनकम टैक्स इंस्पेक्टर बन गए हैं। उन्हें गुरुवार को भोपाल मुख्यालय में 14 अन्य खिलाड़ियों के साथ नियुक्ति पत्र दिए गए। विभाग ने कुल 15 खिलाड़ियों को योग्यता अनुसार विभिन्न पदों पर नियुक्ति दी है। इनमें वेंकटेश समेत 4 क्रिकेटर, 3 एथलेटिक्स, 3 टेनिस, 3 टेबल-टेनिस, तैराकी और वॉटरस्पोर्ट्स के 1-1 खिलाड़ी शामिल हैं। इंदौर के वेंकटेश ने देश के लिए दो वनडे और 9 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। वर्तमान में कोलकाता नाइट राइडर्स से आईपीएल खेल रहे हैं। मप्र की तीनों फार्मेट की टीमों में खेल रहे हैं।

# कैमरोन ग्रीन- जोश हेजलवुड की बेजोड़ जोड़ी

## टेस्ट क्रिकेट में बना डाला नया वर्ल्ड रिकॉर्ड



ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरोन ग्रीन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में नॉटआउट 174 रनों का योगदान दिया। ग्रीन ने 275 गेंदों पर 23 चौके और पांच छक्कों की मदद से ये रन बनाए। डेविड वॉर्नर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद ग्रीन को नंबर-4 की बैटिंग पोजिशन पर आजमाया गया है और उन्होंने साबित कर दिया कि वह इस बैटिंग पोजिशन के सही हकदार भी हैं। सीरीज का पहला मैच वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व मैदान पर खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 267 रनों तक 9 विकेट गंवा दिए थे और ऐसा लग रहा था कि पहली पारी में ज्यादा से ज्यादा 280 रन ही बन पाएंगे, लेकिन कैमरोन ग्रीन और जोश हेजलवुड ने मिलकर 10वें विकेट के लिए 116 रनों की साझेदारी निभाकर न्यूजीलैंड को पूरी तरह से बैकफुट पर ढकेल दिया।

## एक नजर

### चोरी की बाइक बरामद

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नवीनगर माली थाना क्षेत्र के जयहिंद तेंदुआ गांव के समीप से चोरी का बाइक एएसआई रणबिर सिंह एवं सशस्त्र बल के द्वारा बरामद किया गया है थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की बाइक से संबंधित प्राथमिकी थाना में दर्ज कराया गया था जिसे बरामद कर थाना लाया गया है मामले में जांच पड़ताल कर कारवाई किया जा रहा है।

### पचार गांव में एक महिला की हुई मौत

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज के पचार गांव में वृहस्पतिवार की रात राशिद शाह के 30 वर्षीय पत्नी मुनी शाह की मौत हो गई है। मृतिका के परिजनों ने पति को आरोपी बनाते हुए मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है।रात में ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतिका के पति राशिद शाह को हिरासत में लिया।और शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया।पुलिस ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।आरोपी राशिद शाह वर्ष 2011 में गांव के ही मुन्नी के साथ प्रेम विवाह किया था।दोनों के दांपत्य जीवन से दो पुत्र एवं एक पुत्री है।

### चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** दाउदनगर थाना कांड संख्या-70/24 धारा 379 भादवि के तहत चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल के साथ अप्राथमिकी अभियुक्त लक्ष्मण पासवान, अमृत बीघा थाना को अरवल जिले के किंजर से गिरफ्तार किया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### शराब कारोबारी गिरफ्तार

**बारूण (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** बारुण थाना की पुलिस ने 10 लीटर महुआ शराब एवं 01 मोटरसाइकिल के साथ हरेंद्र कुमार नरारी कला खुर्द निवासी को गिरफ्तार किया है।

### फौकानिया व मौलवी का रिजल्ट अप्रैल में

**पटना (नि.सं.)।** बिहार राज्य मदरसा बोर्ड की ओर से आयोजित फौकानिया एवं मौलवी की परीक्षा 2024 का रिजल्ट अप्रैल के प्रथम सप्ताह में जारी होगा। दोनों की परीक्षा जनवरी में हुई थी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. मो. नूर इस्लाम ने बताया कि उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य लगभग समाप्त हो चुका है। राज्यभर से फौकानिया की परीक्षा में 38 हजार और मौलवी की परीक्षा में 91 हजार, 624 विद्यार्थी शामिल हुए थे। दोनों परीक्षा का रिजल्ट अप्रैल के सप्ताह में जारी किया जाएगा।

### कृषि विभाग की परीक्षा में उपस्थित हुए 73 फीसदी अभ्यर्थी

**पटना (नि.सं.)।** कृषि विभाग में चार अलग-अलग पदों के लिए शुक्रवार को परीक्षा हुई। पहले दिन हिन्दी विषय की परीक्षा चार जिलों में हुई। 63 केंद्रों पर दोनों पालियों में करीब 38-38 हजार परीक्षार्थियों को शामिल होना था। पहले पाली में 27829 व दूसरी पाली में 27816 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। लगभग 73 प्रतिशत उपस्थिति रही। पटना में 20 केन्द्रों पर पर परीक्षा हुई। कदाचार का कोई मामला सामने नहीं आया है। पटना, भोजपुर, मुजफ्फरपुर व नालंदा जिले के सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण हुई। अन्य पेपरों की परीक्षा लगातार चार मार्च तक होगी। यह बिहार की पहली परीक्षा में जिसमें नए आरक्षण नियम के तहत नियुक्ति निकाली गई है। इसके माध्यम से एक हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति की जानी है। आयोग के सचिव रवि भूषण ने बताया कि परीक्षा चार मार्च तक चलेगी।

### सीएम चिकित्सा अनुदान की स्वीकृति अब मेडिकल कॉलेज स्तर पर भी

**पटना (नि.सं.)।** पटना उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा में कहा है कि मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान की स्वीकृति अब मेडिकल कॉलेज स्तर से करने की व्यवस्था होगी। अभी स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रमुख के स्तर से इसकी स्वीकृति दी जाती है। उपमुख्यमंत्री ने शुक्रवार को विधानसभा में रामप्रवेश राय के सवाल पर यह घोषणा की। न्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सभी आवेदनों पर त्वरित स्वीकृति देते हुए राशि का भुगतान समय पर किया जाता है। वर्ष 2020-21 में 13.15 लाख आवेदनों का निष्पादन करते हुए 93 करोड़ 63 लाख राशि स्वीकृत की गई।

# औरंगाबाद में पीएम मोदी का आगमन आज, कई योजनाओं का करेंगे लोकार्पण व शुभारम्भ

कार्याल्य संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2 मार्च को होनेवाली जनसभा अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक होगी। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर आमजनमानस का उत्साह चरम सीमा पर है। सांसद सुशील कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता में कहा कि हमें विभिन्न जगहों से सूचना मिल रही है कि लोग प्रधानमंत्री का स्वागत अपने-अपने अनोखे अंदाज में करना चाहते हैं। विभिन्न वेशभूषा के माध्यम से देशहित एवं राष्ट्रहित में नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गए बड़े फैसलों से सूचना मिल रही है कि लोग प्रधानमंत्री का स्वागत अपने-अपने अनोखे अंदाज में करना चाहते हैं। विभिन्न वेशभूषा के माध्यम से देशहित एवं राष्ट्रहित में नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गए बड़े फैसलों को दर्शाया जाएगा। झांकियों के माध्यम से मोदी का स्वागत किया



जाएगा। राम मंदिर निर्माण, धारा 370 आदि मुद्दों पर मोदी के बेबाक कदमों की झलक इन इलकियों में दिखेगी। जहां-जहां प्रधानमंत्री के आगमन की सूचना जा रही है उन सभी जगहों से बेहद सकारात्मक तथा राम मंदिर निर्माण, धारा 370 आदि मुद्दों पर मोदी के बेवाक कदमों की झलक इन इलकियों में दिखेगी। जहां-जहां प्रधानमंत्री के आगमन की सूचना जा रही है उन सभी जगहों से बेहद सकारात्मक तथा ऊर्जावान प्रतिक्रिया मिल रही है। पार्टी कार्यकर्ता, नेता से लेकर आम लोग बेहद उत्साहित हैं। सभी अपने जन नेता का स्वागत-अभिनंदन करना चाहते हैं। विश्व के सबसे बड़े जनप्रिय नेता का आगमन भगवान भाष्कर की भरती औरंगाबाद जिले में हो रहा है यह हम लोग बेहद उत्साहित हैं। सभी अपने जननेता का स्वागत-अभिनंदन करना चाहते हैं। विश्व के सबसे बड़े जनप्रिय नेता का आगमन भगवन भाष्कर की भरती औरंगाबाद जिले में हो रहा है यह हम सभी केलिए गर्व की बात है। सांसद ने अहम जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री यहां से देश को कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारम्भ, लोकार्पण, उद्धघाटन तो कई परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। दो मार्च को देश का केंद्र बिंदु औरंगाबाद होगा। इस दिन वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे, आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे समेत अन्य बड़ी परियोजना का उदघाटन होगा। इनमे से कई योजना औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र को लाभान्वित करेंगे। साथ ही नरेंद्र मोदी विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। मोदी कोई भी रोड शो नहीं करेंगे। प्रधानमंत्री का आगमन 11:30 बजे औरंगाबाद बाईपास किनारे रतनुआ स्थित मैदान में होगा।

कहा कि प्रधानमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी का आगमन 2015 में हुआ था। पुनः वे औरंगाबाद आ रहे हैं। बता दें कि पीएम मोदी ही एकलौते ऐसे नेता हैं जो दूसरी बार औरंगाबाद जिला आ रहे हैं। सांसद ने बताया कि इस मौके पर विहार के सीएम नीतीश कुमार, राज्यपाल, उप मुख्यमंत्री सह भाजपा बिहार प्रदेश के अध्यक्ष सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझरी, मंत्री प्रेम कुमार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद डॉ. संजय जायसवाल, मगध तथा शाहबाद के तमाम सांसद समेत कई दिग्गज नेता मौजूद रहेंगे।

# पुलिस के जाल में फंसा सजा सुनाए जाने के दिन कोर्ट से फरार हुआ मुजरिम, नाटकीय ढंग से हुई गिरफ्तारी

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस ने फैसला सुनाए जाने के दिन कोर्ट से फरार हुए एक मुजरिम को नाटकीय तरीके से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी तब हुई जब फरार मुजरिम औरंगाबाद कोर्ट में अपने मामले की स्थिति पता करने आया था। गिरफ्तार कैदी भगीरथ कुमार झारखंड के रांची जिले के पिठुलियां थाना के कोनकी गांव का निवासी है। औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के सुरक्षा प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि भगीरथ को 2021 में मदनपुर पुलिस ने 2500 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया था। मामले में मदनपुर थाना में प्राथमिकी संख्या-161/21 दर्ज की गई थी। इसी मामले में औरंगाबाद के उत्पाद विशेष कोर्ट द्वारा 24 फरवरी को सजा सुनाया जाना था। इस दिन वह भी कोर्ट में मौजूद था लेकिन सजा सुनाए जाने के पहले ही चकमा देकर फरार हो गया। इसके बाद से पुलिस उसे गिरफ्तार करने के लिए अथक प्रयास कर रही थी। इसी दौरान शुक्रवार को गुप्त सूचना मिली कि फैसला सुनाए जाने के दिन कोर्ट से फरार हुआ मुजरिम आज कोर्ट में अपने केस की स्थिति पता करने आ रहा है। इस सूचना पर कोर्ट परिसर में तैनात पुलिस ने अपना जाल बिछाया और कोर्ट कैम्पस में आते ही उसे नाटकीय तरीके से गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। वही गिरफ्तारी के बाद भगीरथ ने बताया कि वह कोर्ट से फरार नही हुआ था बल्कि घर चला गया था। उसके केस के वकील के लिपिक ने उसे सूचना दी थी कि आज उसके केस की तारीख है। इसी सूचना पर वह औरंगाबाद आया और जैसे ही कोर्ट कैम्पस में घुसा, वैसे ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले का रोचक पहलू यह है कि भगीरथ के मामले की आज कोर्ट में तारीख थी ही नही। ऐसे में माना जा रहा है कि फरार मुजरिम को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने ही उसे जाल में फंसाने के लिए कोर्ट में तारीख की सूचना उस तक भेजवाई थी। नाटकीय तरीके से गिरफ्तारी भी इसी बात की ओर ईशारा कर रही है।

## पीएम मोदी की सभा को ले सांसद ने किया रोड शो

**औरंगाबाद(का.सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह शहर में सभी लोगो से जनसंपर्क कर सभी लोगों से इस रैली में शामिल होने का आग्रह किया और बाइक रैली एवं रोड शो किए।जिसमें मुख्य पार्षद उदय गुप्ता, भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह,युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह,जिला उपाध्यक्ष शुभेन्दु शेखर,पंकज वर्मा,पिन्टू गुप्ता,शिव गुप्ता,पुरषोत्तम कुमार,एवं शहर वासी एवं भाजपा कार्यकर्ता लोग शामिल हुए।

# जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों को रखने पर जवाब-तलब

निज संवाददाता

**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने राज्य की जेलों में क्षमता से कहीं अधिक नियमित व विचाराधीन कैदियों को रखे जाने के मामले में राज्य सरकार से जवाब-तलब किया है। कोर्ट ने सरकार को 29 मार्च तक जवाबी हलफनामा दायर कर स्थिति स्पष्ट करने का आदेश दिया।

शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति के विनोद चन्द्रन और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने कानून के छात्र प्रसून शेखर की ओर से दायर अर्जी पर सुनवाई की। अर्जी में कहा गया है कि राज्य की जेलों की स्थिति नाजुक है। प्रत्येक जेल में विचाराधीन और सजायाफ्ता कैदियों को रखने की निर्धारित क्षमता है, लेकिन लगभग जेलों में क्षमता से अधिक कैदी हैं। वहीं बुनियादी सुविधाओं का भी घोर अभाव है। बड़ी संख्या में विचाराधीन कैदी होने के कारण स्थिति और भी विकट हो गई है। मामले पर अगली सुनवाई 29 मार्च को होगी।

### हर विधानसभा में दी जा रही है ईवीएम-वीवीपैट की जानकारी

**पटना (नि.सं.)।** पटना जिले के 14 विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम और वीवीपैट की जानकारी देने के लिए मोबाइल वैन भ्रमण कर रही है। भयमुक्त और प्रलोभन में नहीं आकर मतदान करने की अपील की जा रही है। ईवीएम और वीवीपैट से कैसे मतदान करें, इसकी जानकारी मोबाइल वैन से दी जा रही है। प्रत्येक मोबाइल वैन में ईवीएम और वीवीपैट मशीन रखी गई है, जहां लोगों को वोट डालने के तरीके के बारे में जानकारी दी जा रही है। ताकि मतदान के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। सभी अनुमंडलों में ईवीएम और वीवीपैट का प्रदर्शन केंद्र भी बना दिया गया है। लोग वहां जाकर व्यवहारिक तौर पर जान सकें कि मतदान कैसे होता है।

# राबड़ी को विशेष राज्य का दर्जा पर बोलने का अधिकार नहीं, मांग अप्रासंगिक : अजय

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने आरजेडी पर बड़ा हमला बोला है। पीएम नरेंद्र मोदी की औरंगाबाद में 2 मार्च को होनेवाली बड़ी सभा की पूर्व संध्या पर यहां आएं बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने शुक्रवार को यहां प्रेसवार्ता में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग का हवाला देना शोभा नही देता है। कहा कि जिस वक्त केंद्र में यूपीए-1 और 2 की सरकार थी, उस वक्त आरजेडी सरकार में थी। उस वक्त आरजेडी बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलवा दे सकती थी लेकिन राजद ने इसकी अनदेखी की। दरअसल आरजेडी को विशेष राज्य के दर्जे से कोई मतलब नही है। उन्हे मतलब इसके नाम पर राजनीति चमकाने से है। उन्होंने कहा कि 2014 में नीति आयोग बनने से पहले बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाना संभव था लेकिन सरकार में रहते हुए भी आरजेडी ने ऐसा करना मुनासिब नही समझा। नीति आयोग बन जाने के बाद अब तकनीकी तौर पर बिहार ही क्या किसी और राज्य को भी विशेष राज्य का दर्जा दिया जाना संभव नही रह गया है। इसके बावजूद केंद्र की मोदी सरकार ने एक्सप्रेसवे, हाईवे, भारतमाला प्रोजेक्ट, गैस पाईपलाइन, खाद कारखाना और अन्य योजनाओं के रूप में बिहार को विशेष रूप से बड़ा पैकेज दिया है। आगे भी बिहार को और कई बड़ी योजनाओं की सौगात बड़े पैकेज के रूप में दी जाएगी। कहा कि 2014 में केंद्र में सरकार बनने के अगले साल 2015 में ही मोदी सरकार ने बिहार को 1.25 लाख करोड़ का बड़ा पैकेज दिया था। इसके तहत विभिन्न योजनाओं पर काम भी हुआ। अभी भी बिहार को विकास के लिए 42 प्रतिशत केंद्रांश के रूप में मिल रहा है। यह सब किसी बड़े पैकेज से कम नही है। कहा कि औरंगाबाद में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम सरकारी कार्यक्रम है लेकिन जनता के दबाव में यह कार्यक्रम सभा में तब्दील हो गया और सभा में जनता स्वेच्छा से तथा अपने संसाधनों से भारी भागीदारी करने जा रही है। उन्होने आरजेडी द्वारा पटना में आयोजित की जानेवाली जन विश्वास महारैली पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी रैली में भाड़े पर लादकर ले जाने वालों की भीड़ जुटेगी जबकि औरंगाबाद में मोदी की सभा में लाखों लोग स्वतः स्फूर्त जुटने वाले है। यही हमारे और उनके बीच का फर्क है। उन्होने बीजेपी-जेडीयू गठबंधन को अटूट संबंध करार देते हुए कहा कि हम जनता के बीच रहते है। हम जनता का हिस्सा है जबकि वें जनता से दूर है। आरजेडी को ही नही बल्कि राहुल गांधी समेत पूरे विपक्ष को भी किसी वर्ग पर भरोसा नही रह गया है। कांग्रेस के युवराज को भी जनता पर भरोसा नही रह गया है। उनका देश की जनता पर विश्वास उठ गया है क्योकि जनता ने उन्हे नकार दिया है। कहा कि एनडीए का चुनाव अभियान तो 6 माह पहले से चल रहा है। पहले यह 60 किमी. के रफ्तार से चल रहा था पर अब मोदी की औरंगाबाद की सभा से यह रफ्तार 180 किमी. की हो जाएगी।

## विधानपरिदषद में उठा डॉक्टरों की कमी का मामला

**पटना(नि.सं.)।** विधान परिषद में शून्यकाल के दौरान भाजपा के संजय प्रकाश ने आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान में छपी खबर का हवाला देते हुए राज्य में डॉक्टरों की कमी का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य में डॉक्टर और नर्स के 45 फीसदी पद रिक्त हैं। इससे मरीजों का समय पर इलाज नहीं हो पाता है। बिहार में 2700 की आबादी पर एक डॉक्टर की उपलब्धता है। सरकारी अस्पतालों में तो 30 हजार की आबादी पर एक डॉक्टर हैं। विभिन्न स्तर के सरकारी अस्पतालों में स्थायी डॉक्टर के 12895 पद स्वीकृत हैं। इसमें 7144 डॉक्टर कार्यरत हैं। राज्य में ए ग्रेड नर्स के 17460 स्वीकृत पद हैं। इसमें 9650 कार्यरत हैं। डॉक्टर और नर्स की कमी दूर करने के लिए सरकार आवश्यक कदम उठाए।

# गांधी मैदान में नाबार्ड हाट में मनाया गया महिला दिवस

निज संवाददाता

**पटना।** नाबार्ड बिहार क्षेत्रीय कार्यालय पटना के सहयोग से अंबपाली हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प बहुराज्यीय सहकारी समिति लि. द्वारा गांधी मैदान में आयोजित नाबार्ड हाट- 2024 शुक्रवार को समाप्त हो गया। नाबार्ड हाट ग्रामीण उद्यमियों, समूह के कलाकारों को मार्केटिंग प्लेटफॉर्म देने की एक पहल है। मेला में बड़ी संख्या में खरीदार पहुंचे। हाट में 150 से भी अधिक स्टॉल लगाए गए थे। ग्रामीण इलाके के उत्पादो की मांग खूब हो रही है। 21 से 25 फरवरी के बीच लगभग 60 लाख रुपये का कारोबार हाट में हुआ। शुक्रवार को हाट में महिला दिवस के रूप में मनाया गया। इसकी झलक समापन कार्यक्रम में भी देखने को मिली। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ.सुनील कुमार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महोत्सव के मौके पर आकाश में गुब्बारे उड़ाया। महिलाओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीण महिला स्वयं सहायता के सदस्यों को महिला उद्यमियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अंबपाली हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष अर्चना सिंह ने कहा कि इस तरह के हाट से ग्रामीण महिलाओं को काफी प्रोत्साहन मिलता है।

# बीसीसीआई ने की राज्य में सीएनजी व पीएनजी वैट दर कम करने की मांग

**पटना।** बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) ने औद्योगिक इकाइयों के पीएनजी पर लगने वाले वैट की दर को कम करने की मांग की है। बीसीसीआई की ओर से उप मुख्यमंयत्री सह वित्त वाणिज्य व उद्योग मंत्री, मुख्य सचिव, विकास आयुक्त के साथ उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव से मांग की गई है कि आंध्र प्रदेश की तर्ज पर प्राकृतिक गैस की कीमत पर लगने वाले वैट की दर को राज्य में भी घटाकर पांच प्रतिशत किया जाए।

बीसीसीआई अध्यक्ष सुभाष पटवारी ने कहा कि आंध्र प्रदेश सरकार ने 23 फरवरी को प्राकृतिक गैस की कीमत पर लगनेवाले वैट की वर्तमान दर जो साढ़े 24 प्रतिशत थी, उसको घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया। इसी तर्ज पर बिहार में भी गैस पर वैट की दर घटाया जाना चाहिए। बताते चलें कि बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा कोयला, फर्नेश ऑयल में चल रही औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी में दबाव के साथ परिवर्तित कराया जा रहा है। बीसीसीआई ने शुक्रवार को बिहार विद्युत विनियामक आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए घोषित विद्युत टैरिफ में कमी के निर्णय का स्वागत किया है। बीसीसीआई अध्यक्ष ने बताया कि टैरिफ में कमी का मुख्य कारण डिसकॉम के सभी स्तर पर किए गए सुधार का परिणाम है। उन्होंने डिसकॉम को धन्यवाद देते हुए उम्मीद की कि आने वाले समय में व्यापक स्तर पर सुधार होगा। बिजली दरों में कमी का सकारात्मक प्रभाव राज्य के उद्योग व व्यवसाय पर पड़ेगा।

# खराब रिजल्ट पर इंजीनियरिंग के छात्रों का हंगामा

निज संवाददाता

**पटना।** खराब रिजल्ट को लेकर बिहार अभियंत्रण विवि के विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने शुक्रवार को मीठापुर विवि के गेट पर जमकर हंगामा किया। छात्रों का आरोप था कि उनकी उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य ठीक से नहीं हुआ है। परीक्षा बेहतर होने के बावजूद कई छात्रों को फेल कर दिया गया है। परीक्षाफल में गड़बड़ी को लेकर सुबह से ही छात्र विवि परिसर में जुटने लगे थे। छात्रों की संख्या बढ़ते देख सुरक्षाकर्मियों ने परिसर में आने-जाने वाले रास्ते को कुछ देर के लिए बंद कर दिया। छात्रों ने कुलपति के खिलाफ नारेबाजी की और आधे घंटे तक मीठापुर बाइपास मार्ग को जाम कर दिया। इस दौरान वाहनों की लंबी कतार लग गई। इधर एक ही कैंपस में तीन विवि होने से एकेयू आने जाने वाले छात्रों को भी दिक्कत का सामने करना पड़ा। स्वास्थ्य विवि के छात्र भी परेशान रहे। छात्रों ने आरोप लगाया कि वे परीक्षाफल में गड़बड़ी को लेकर विवि प्रशासन से मिलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें कोई पदाधिकारी समय नहीं दे रहे। छात्र कुलपति से मिलने को लेकर अड़े हुए थे। जब उन्हें मिलने नहीं दिया गया तो गेट पर काफी संख्या में विद्यार्थी जमा हो गए। सड़क जाम से जब वाहनों की कतार लग गई तो स्थानीय थाने की पुलिस ने रास्ते को खाली कराया। दोपहर बाद तक हंगामा चलता रहा।

छात्रों का आरोप है कि उनकी बातें विवि के किसी पदाधिकारी ने नहीं सुनीं। इधर, मामले को लेकर जब बिहार अभियंत्रण विवि के कुलपति एनके वर्मा के मोबाइल नंबर पर फोन कर उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। सहायक परीक्षा नियंत्रक के भी मोबाइल पर भी फोन किया गया पर उन्होंने भी कोई जवाब नहीं दिया।

